सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
26.07.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net सावन, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 17



12 अभिषेक ने शेयर किया फिल्म 'घुडचढ़ी' का ट्रेलर


जे.बी.वी.एन.एल से
व्हाट्सएप नंबर पर जुड़ें
9431135503

वादा से ज्यादा
आपके लिए करेंगे,
125 नहीं अब
200
यूनिट बिजली मुफ्त देंगे

PRNO 330764 (IPRD) 24-25

बिजली की बचत करें,
झारखण्ड को उन्नत करें

मुख्य बिन्दु

- आर्थिक रूप से कमजोर घरेलू उपभोक्ताओं को इस योजना का लाभ मिलेगा।
- 200 यूनिट प्रति माह मुफ्त बिजली योजना के तहत सभी तरह के शुल्क यथा Enargy Charge, Fixed Charge, Electric Duty, FPPPA Charge आदि की छूट 200 यूनिट तक मासिक खपत करने वाले घरेलू उपभोक्ताओं को प्रदान की जाएगी।
- यह योजना जुलाई 2024 के बिलिंग माह से लागू किया जाएगा।
- इस योजना के तहत कुल 45.77 लाख उपभोक्ताओं में से लगभग 41.44 लाख घरेलू उपभोक्ता आच्छादित होंगे।
- 200 यूनिट प्रति माह मुफ्त बिजली योजना हेतु झारखण्ड सरकार प्रतिमाह लगभग ₹350 करोड़ सब्सिडी के रूप में झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड को उपलब्ध करायेगी।



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
26.07.2024
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net सावन, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 17



12 कारगिल के बहादुरों का सर्वोच्च बलिदान व्यर्थ नहीं जायेगा: सीडीएस

## न्यूज डायरी

### नक्सलियों के मंसूबे फिर नाकाम, बरामद आइइडी नष्ट

**चाईवासा।** पश्चिमी सिंहभूम के टोंटो थाना क्षेत्र में वनग्राम सरजोमबुरु और चिड़ियाबेड़ा के 2 किलो के आइइडी सुरक्षाबलों ने बरामद कर नष्ट कर दिया। ये बम जवानों को क्षति पहुंचाने के लिए लगाया गया था। सुरक्षाबलों ने नक्सलियों की साजिश को नाकाम कर दिया है। नक्सली संगठनों के खिलाफ सुरक्षाबलों के सर्च ऑपरेशन ये बम बरामद किया गया।

### नक्सली बंदी का ग्रामीण इलाकों में कुछ असर रहा

**रांची।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादियों ने गुरुवार की ओर से आहूत झारखंड-बिहार बंद का ग्रामीण इलाकों में कुछ असर दिखा। शहरी इलाकों में इसका कुछ खास प्रभाव नजर नहीं आया। खौफ के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में बंद का असर रहा। माओवादियों ने 25 लाख इनामी माओवादी के गिरफ्तारी के विरोध में बंद बुलाया था।

### पत्नी की हत्या कर पति ने भी कर ली खुदकुशी

**मेदिनीनगर।** पिपरा थाना क्षेत्र के बभंडी पंचायत के धवतर गांव में गुरुवार को महिला-पुरुष की लाश मिलने से सनसनी फैल गयी। महिला की तेज धारदार हथियार से चेहरे पर वार किया गया था। वही युवक का शव घर से कुछ दूर पूरब दिशा में अहरा के पास मिला। दोनो पति-पत्नी थे।

### प्रेम प्रकाश की याचिका पर फैसला सुरक्षित

**रांची।** चेशायर होम रोड की जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री से जुड़े जमीन घोटाले मामले के आरोपित प्रेम प्रकाश की डिस्चार्ज पिटीशन पर पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में गुरुवार को सुनवाई पूरी हो गयी। अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। इस मामले के अन्य आरोपित रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन , अमित अग्रवाल और विष्णु अग्रवाल ने भी डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल की है।

# मानसून सत्र आज से, हंगामे के आसार

## स्पीकर ने की सर्वदलीय बैठक, भाजपा नहीं पहुंची, सीएम ने विपक्ष को दी चुनौती

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** शुक्रवार से शुरू हो रहे झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र हंगामेदार होने के आसार हैं। सत्र के सफल संचालन को लेकर स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने गुरूवार को सर्वदलीय बैठक की। सर्वदलीय बैठक से भाजपा ने दूरी बना ली, जबिक उसे विधिवत आमंत्रण दिया गया था।

बैठक में सीएम हेमंत सोरेन, संसदीय कार्य मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, विधायक लंबोदर महतो, विनोद सिंह आदि उपस्थित थे। विपक्ष के कड़े रूख को देखते हुए सत्ता पक्ष भी माकुल जवाब देने की तैयारी में है। भाजपा के रूख और सीएम हेमंत सोरेन के बयान से यह स्पष्ट हो गया कि सत्र हंगामेदार होगा। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष रस्सी लेकर आयें और बांधने का काम करे।

**स्पीकर ने की सहयोग की अपील :** बैठक में ना तो नेता प्रतिपक्ष और ना ही भाजपा का कोई भी प्रतिनिधि उपस्थित हुआ। बैठक में उपस्थित नेताओं को संबोधित करते हुए स्पीकर रबीन्द्र नाथ महतो ने मानसून सत्र के शांतिपूर्ण संचालन में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि बैठक में सदन के संचालन के दौरान कुछ छोटी मोटी बातें आयी हैं, जिसे 26 जुलाई को सदन की कार्यवाही के बाद कार्यमंत्रणा में लाया जायेगा। इससे पूर्व बुधवार को आला अधिकारियों संग बैठक कर स्पीकर ने सुरक्षा समेत तमाम व्यवस्था को दुरूस्त करने का निर्देश दिया था।

स्पीकर ने पूर्व से लंबित प्रश्न, ध्यानाकर्षण, निवेदन, शून्यकाल, सरकारी आश्वासन के उत्तर उपलब्ध कराये जाने के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। इस मानसून सत्र में कुल 06 कार्यदिवस निर्धारित है। इस सत्र में अनुपुरक बजट समेत कई विधेयक पारित हो सकते हैं।

(शेष पेज 11 पर)



### सीएम ने बनायी सत्ता पक्ष की रणनीति

विधानसभा सत्र की पूर्व संध्या पर गुरूवार को सीएम आवास में सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में इंडिया गठबंधन के मंत्रियों और विधायकों के साथ बैठक में रणनीति चर्चा की गयी। बैठक में सीएम ने सभी विधायकों से कहा कि वे विपक्ष के हर सवाल का माकू जवाब दें। उन्होंने कहा कि सरकार ने बहुत सारे कार्य किये हैं, बहुत सारी योजनाएं शुरू की है। ऐसे में आप सदन में विपक्ष के हर सवालों का मजबूती से सामना करें और उसका जवाब दें। बैठक में सभी मंत्री और विधायक मौजूद थे।

## खनिज रॉयल्टी पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से केंद्र को झटका

# खदान व खनिज भूमि पर कर लगाने का अधिकार राज्यों का

### संसद को अधिकार नहीं, अबतक की वसूली पर 31 को सुनवाई

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** खनिजों पर दी जाने वाली रॉयल्टी पर सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है। खनिजों पर देय रॉयल्टी कर नहीं है। अदालत ने गुरुवार को कहा कि संविधान के तहत राज्यों को ही खदानों और खनिज युक्त भूमि पर कर लगाने का विधायी अधिकार है। संसद के पास नहीं। राज्यों ने खदानों और खनिजों पर केंद्र द्वारा अब तक लगाये गये करों की वसूली पर सुप्रीम कोर्ट से स्पष्ट करने की मांग की थी। कोर्ट ने कहा कि वह खदानों और खनिजों पर केंद्र द्वारा अब तक लगाये गये टैक्स की वसूली के मुद्दे पर 31 जुलाई को विचार करेगा। पीठ में सीजेआइ के अलावा न्यायमूर्ति नागरत्ना, न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय, न्यायमूर्ति अभय एस ओका, न्यायमूर्ति जे बी. पारदीवाला, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा, न्यायमूर्ति उज्ज्ल भुइयां, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह हैं।

सप्रीम कोर्ट की 9 न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 8 : 1 के बहुमत से अपने फैसले में कहा कि खनिजों पर दी जाने वाली रॉयल्टी टैक्स नहीं है। सीजेआइ डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना ने इस बात पर असहमतिपूर्ण फैसला दिया है कि खनिजों पर दी जाने वाली रॉयल्टी टैक्स है या नहीं। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि राज्यों के पास खदानों और खनिज युक्त भूमि पर टैक्स लगाने का विधायी अधिकार नहीं है। पीठ ने अपने फैसले में कहा कि संविधान के प्रावधानों के तहत संसद के पास खनिज अधिकारों पर टैक्स लगाने की शक्ति नहीं है।

(शेष पेज 11 पर)



### झारखंड को होगा फायदा

शीर्ष अदालत के इस फैसले से खनिजों के मामले में समृद्ध राज्यों को लाभ पहुंचेगा। इन राज्यों में झारखंड के अलावा ओड़िशा, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्य शामिल हैं।


## राष्ट्रपति भवन के दो महत्वपूर्ण हॉल का नाम बदला, विपक्ष खफा

# दरबार हॉल अब गणतंत्र मंडप, अशोक हॉल अशोक मंडप

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति भवन के दो महत्वपूर्ण हॉल 'दरबार हॉल' के अलावा 'अशोक हॉल' का नाम गुरुवार को बदल दिया गया। दरबार हॉल को अब 'गणतंत्र मंडप' और अशोक हॉल को 'अशोक मंडप' के नाम से जाना जायेगा। भारत के राष्ट्रपति का कार्यालय और निवास राष्ट्रपति भवन, राष्ट्र का प्रतीक और देश की एक अमूल्य धरोहर है। वहीं विपक्षी पार्टियों ने सरकार के इस फैसले का विरोध किया है। राष्ट्रपति सचिवालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि इसे और अधिक सुलभ बनाने के लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। राष्ट्रपति भवन के माहौल को भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों और लोकाचार को प्रतिबिंबित करने वाला बनाने का लगातार प्रयास किया गया है। बयान के मुताबिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को इससे प्रसन्नता है।

राष्ट्रपति भवन की ओर से कहा गया है कि 'अशोक' शब्द का अर्थ किसी ऐसे व्यक्ति से है जो सभी कष्टों से मुक्त या किसी भी दुख से रहित है तथा इसके अलावा, अशोक का मतलब एकता और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के प्रतीक सम्राट अशोक से है।

(शेष पेज 11 पर)



## तीन संदिग्धों को ले कर सीबीआइ टीम फिर हजारीबाग पहुंची

# सील खोल कर गेस्ट हाउस की जांच-पड़ताल कर लौटी

खबर मन्त्र टीम

**रांची, हजारीबाग।** नीट प्रश्नपत्र लीक मामले में सीबीआई एक बार फिर हजारीबाग में सक्रिय है। पिछले दो दिनों से सीबीआई हजारीबाग के दो प्रमुख ठिकानों ओएसिस स्कूल और रामनगर स्थित राज गेस्ट हाउस की जांच कर रही है। गुरुवार को भी तीन संदिग्धों को लेकर टीम पहुंची और जांच-पड़ताल की। बताया जा रहा है कि तीन में से एक मुख्य आरोपी पंकज था। दूसरा राज गेस्ट हाउस का मालिक राजू। अनुमान लगाया जा रहा है कि तीसरा व्यक्ति प्रश्नपत्र का सॉल्वर है। करीब दो से तीन घंटे तक सीबीआई गेस्ट हाउस के अंदर जांच करती रही। जानकारी के अनुसार, इस दौरान फॉरेंसिक टीम भी उनके साथ थी।

सीबीआइ टीम सबसे पहले दो संदिग्धों को लेकर राज गेस्ट हाउस से निकली। तीसरे संदिग्ध से वहीं कुछ देर पूछताछ की गयी। फिर उसे और राज गेस्ट हाउस से कुछ दस्तावेज जब्त कर सीबीआइ अधिकारी वहां से निकल गये। टीम तीन अलग-अलग वाहनों से हजारीबाग पहुंची थी। इसमें से एक वाहन बिहार पुलिस का था।

**सील खोल कर गेस्टहाउस गयी टीम :** सीबीआई टीम कुछ दिन पहले जांच के लिए राज गेस्ट हाउस पहुंची थी, तो उसे सील कर दिया था। गुरुवार को सील खोलकर सीबीआई की टीम राज गेस्ट हाउस के अंदर दाखिल हुई। जांच के दौरान टीम के करीब 12 सदस्य मौजूद थे। इस दौरान सीबीआई अपने साथ तीन संदिग्धों को लेकर आयी थी। करीब दो से तीन घंटे तक सीबीआई गेस्ट हाउस के अंदर जांच करती रही। जांच के बाद सीबीआई ने राज गेस्ट हाउस को फिर से सील कर दिया। सील किये गये दस्तावेजों पर बीपी राजू, अपर अधीक्षक साइबर अपराध जांच प्रभाग सीबीआई नयी दिल्ली लिखा हुआ है।




### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 64800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 87000 रु./प्रति किलो |




## धनबाद में बोले कोयला मंत्री, मिशन मोड में पीएम मोदी चाहते हैं समस्या का हल

# अगले माह झरिया मास्टर प्लान की मंजूरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी गुरुवार को धनबाद आये और कोयलांचल में भू-धंसान व भूमिगत आग से उत्पन्न स्थिति की विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आग की इस समस्या का मिशन मोड पर पीएम मोदी हल करने के प्रयास में है। इसीलिए उन्होंने मुझे भेजा है। पत्रकारों को उन्होंने बताया कि झरिया मास्टर प्लान की स्वीकृति अगले माह मिल जायेगी। कोयला मंत्री ने कहा कि सभी लोगों के साथ न्याय करना हमारी जिम्मेवारी है और इस जिम्मेदारी को हम बखूबी निभायेंगे। आपकी इस समस्या को सरकार दूर करेगी और आपकी आने वाली पीढ़ी को समस्या का सामना न करना पड़े, इसके लिए सरकार एक एक्शन प्लान लाने का काम करने वाली है।



**राज्य सरकार का सहयोग नहीं :** श्री रेड्डी ने कहा कि झरिया मास्टर प्लान के बाद पुनर्वास के कार्य में तेजी देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा कि कोल माईनिंग एरिया में विस्थापन और रैयतों का मामला गंभीर है। केंद्र सरकार इसके समाधान के लिए सार्थक प्रयास कर रही है, लेकिन राज्य सरकार का सहयोग नहीं मिल रहा है। इसके कारण रूकावटें आ रही है। इसी वास्तविक स्थिति का जायजा लेने यहां आया हूं।

**आपका दुख-दर्द समझता हूं**

कोयला मंत्री ने कहा, मैं भी एक किसान का बेटा हूं। आपका दुख-दर्द समझ रहा हूं। आग की यह समस्या 100 साल पुरानी है। जमीन के अंदर में कोयला जलते रहता है। गरीब लोग उसके ऊपर जिंदगी गुजारते हैं। अंदर से निकलने वाली गैस से अस्वस्थ होते रहते हैं। पीएम मोदी के निर्देश पर इस समस्या का हल करने यहां आया हूं। सभी लोगों से ज्ञापन ले रहा हूं और सभी अधिकारियों से बैठकर बात करूंगा।

(शेष पेज 11 पर)

संदेश



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

समस्त झारखण्डवासियों को
75वां वन महोत्सव, 2024
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ

वृक्ष प्रकृति के उपहार की तरह हैं, जो पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे पर्यावरण को संतुलित और स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। पूरे विश्व में तापमान को नियंत्रित करने और बारिश के लिए मौसम की स्थिति बनाने में वृक्षों की बड़ी भूमिका है। वृक्ष कार्बन डाइऑक्साइड लेकर और ऑक्सीजन छोड़ कर हवा को भी साफ करते हैं, जो सभी जीव जंतुओं के लिए महत्वपूर्ण है। इसके अतिरिक्त, वृक्ष हमें लकड़ी, भोजन, ईंधन, कागज और बहुत कुछ प्रदान करते हैं, जिससे वे हमारे दैनिक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन जाते हैं।

हमारी सरकार राज्य के जल, जंगल और जमीन को समृद्ध करने के लिए कृत संकल्पित है और अपने पूर्वजों के धरोहर को संरक्षित कर उसमें और बढ़ोतरी करने के लिए हमेशा से प्रयासरत रही है।

आप सभी इस बात से अवगत हैं कि पूरे विश्व में ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन का संकट मंडरा रहा है। इस वर्ष मानसून में बारिश को देख लें कि कितना परिवर्तन हो चुका है। यह मानव समाज के लिए ठीक नहीं है और हम सबको मिलकर इसे सही करने का प्रयास करना होगा। इस कड़ी में हम सब वन महोत्सव में पौधा लगाने का संकल्प लें, ताकि जलवायु का तापमान नियंत्रित रह सके, जल संकट से उबर सकें, हवा में प्रदूषण को कम किया जा सके, मिट्टी का संरक्षण हो सके, हमारे राज्य के नदी-नाले सालों भर बहते रहें और पूरा वातावरण सुन्दर और रमणीक लगता रहे।

अब, हमारे लिए अपने कार्यों की जिम्मेदारी लेना महत्वपूर्ण है। हमें पृथ्वी की उसी तरह देखभाल करनी चाहिए जैसे वह हमारी देखभाल करती रही है। वन महोत्सव के जरिये सभी झारखण्डवासियों से अपील है कि आप पौधे लगाएं, उनको बचाएं और उसे वृक्ष बनाएं।

जोहार!

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड सरकार

PRNO 330711 (Forest,Environment and Climate Changes) IPRD 24-25

# शिक्षा के क्षेत्र में तकनीक के इस्तेमाल से सकारात्मक बदलाव होगा : चंपई सोरेन

## डीएसपीएमयू में डिजिटल इनिसिएटिव फॉर हायर एजुकेशन इन झारखंड विषय पर वर्कशॉप आयोजित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि प्रदेश का शिक्षा जगत एक बदलाव के मुहाने पर खड़ा है, और तकनीक के इस्तेमाल से हम विद्यार्थियों को भविष्य में आने वाली वैश्विक स्तर की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि डिजिटल इनिशिएटिव द्वारा शैक्षणिक संस्थानों को सीएससी से जोड़ कर, हम विभिन्न प्रक्रियाओं को तेज एवं पारदर्शी बना पाएंगे। वे आज डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित डिजिटल इनिसिएटिव फॉर हायर एजुकेशन इन झारखंड विषय पर वर्कशॉप को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में झारखंड सरकार की प्राथमिकताएं गिनाते हुए चम्पाई सोरेन ने कहा कि विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के लिए गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, मानकी मुंडा छात्रवृत्ति समेत कई योजनाएं शुरू की गई हैं। इन योजनाओं का मूल उद्देश्य खनिज-सम्पदा के मामले में अमीर इस राज्य के गरीब आदिवासियों, मूलवासियों एवं आम लोगों को शिक्षा से जोड़ना है, ताकि वे शिक्षित होकर, अपने परिवार, समाज एवं राज्य की बेहतरी हेतु काम कर सकें।



**मुख्यमंत्री फेलोशिप योजना लेकर आई है सरकार :** उन्होंने कहा कि प्रदेश में रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए हमारी सरकार मुख्यमंत्री फेलोशिप योजना लेकर आई है। इसके तहत पीएचडी करने वाले विद्यार्थियों को हर माह 25,000 रुपये तक प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसके साथ ही, विभाग द्वारा रांची में पूर्वी भारत का पहला दिव्यांग विश्वविद्यालय खोलने की पहल की जा रही है। अपने सामाजिक दायित्व के निर्वहन के लिए राज्य के दिव्यांग एवं अनाथ छात्रों की उच्च शिक्षा का पूरा खर्च वहन करने के लिए हम लोग नवोत्थान छात्रवृति योजना लेकर आ रहे हैं। राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए झारखंड ग्रास रूट इनोवेशन इंटर्नशिप स्कीम प्रारंभ की जा रही है, जिसके तहत सभी पंचायतों में 4 प्रशिक्षु छात्रों को स्थानीय आवश्यकताओं को समझने तथा उनका समाधान तलाशने के लिए भेजा जायेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में नवाचार के इस अभिनव प्रयोग द्वारा ना सिर्फ हम ग्रामीणों का जीवन सुगम बना पाएंगे, बल्कि इस प्रक्रिया में मिले फीडबैक के आधार पर सरकार ग्रामीणों के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए योजनाएं बनायेगी। इस वर्कशॉप के दौरान राज्य के विभिन्न सरकारी एवं निजी विश्वविद्यालयों एवं सीएससी-एसपीवी के बीच विभाग के निदेशक रामनिवास यादव की उपस्थिति में एकरारनामे पर हस्ताक्षर किया गया। इसके तहत सीएससी द्वारा इन शैक्षणिक संस्थानों को ई-गवर्नेंस तथा सूचना तकनीक से जुड़ी विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। इस कार्यक्रम में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव राहुल कुमार पुरवार, सीएससी-एसपीवी के एमडी संजय कुमार राकेश तथा विभाग के निदेशक रामनिवास यादव समेत राज्य में संचालित सरकारी एवं निजी विश्वविद्यालयों के वाइस चांसलर, कुल सचिव, महाविद्यालयों के प्राचार्य, इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक, पॉलिटेक्निक संस्थानों के प्राचार्य तथा पदाधिकारीगण मौजूद थे।

### झारखंड विधानसभा का मॉनसून सत्र

# छह डीएसपी, 15 इंस्पेक्टर और एक हजार जवान संभालेंगे सुरक्षा की कमान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा का शुक्रवार से शुरू हो रही मॉनसून सत्र लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक ना हो, इसको लेकर छह डीएसपी, 15 इंस्पेक्टर और 1000 जवानों की तैनाती की गयी है। एसएसपी ने सत्र को लेकर सुरक्षाकर्मियों को ब्रीफिंग भी की है। सत्र के दौरान किसी भी तरह की चूक न हो, सभी कर्मियों को इस पर विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया गया है। वहीं पुलिस अधिकारियों को भी विधानसभा और उसके आसपास के इलाकों में गश्त करने का निर्देश दिया गया है।

**दो दर्जन से अधिक जगहों पर की गयी है बैरिकेडिंग :** मॉनसून सत्र के दौरान कई तरह के आंदोलन अचानक शुरू हो जाते हैं, इसको ध्यान में रखते हुए पुलिस ने अपनी विशेष रणनीति बनायी है। आंदोलनकारियों को विधानसभा के पास स्थित विस्थापित भवन के पास वाले मैदान तक ही सीमित रहने का निर्देश दिया गया है। धुर्वा, नगड़ी, जगन्नाथपुर, डोरंडा और अरगोड़ा थाना को विशेष रूप से सतर्क रहने को कहा गया है। सभी थानों को सड़कों पर नियमित गश्ती करने का भी निर्देश है। विधानसभा सत्र को लेकर मेकॉन चौक, सेटेलाइट चौक से विधानसभा तक दो दर्जन से अधिक जगहों पर बैरिकेडिंग की गयी है।



**तीन लेयर की होगी सुरक्षा, विस के चारों ओर अधिकारी व जवान रहेंगे तैनात :** झारखंड विस के सत्र को लेकर सुरक्षा पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। विधानसभा के चारों ओर रांची पुलिस के अधिकारी और जवान तैनात रहेंगे। सत्र के दौरान तीन लेयर की सुरक्षा का घेरा बनाया गया है। विस की ओर आने वाली सड़कों पर बेरिकेडिंग भी की गयी है।

## पूर्व राज्यपाल डॉ. गोविंद नारायण सिंह की जयंती मनाई गई

**रांची।** भारत में पहली बार जनसंघ के सहयोग के साथ संविद सरकार बनाने वाले बिहार के पूर्व राज्यपाल और मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. गोविंद नारायण सिंह की जयंती गुरूवार को मनाई गई। इस अवसर पर बोलते हुए झारखण्ड के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं भाजपा विधायक सीपी सिंह ने कहा कि भारतीय राजनीति में ऐसे कम नेता हुए हैं जो राजनीति, लेखन, आध्यात्म पर गहरी पकड़ रखते थे। उन्होंने डॉ. गोविंद नारायण सिंह के विचारों से युवा पीढ़ी को अवगत कराने पर बल दिया। कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन के बाद अतिथियों का स्वागत न्यास के अध्यक्ष नीरज तिवारी ने किया। कार्यक्रम को कोषाध्यक्षा डॉ. सिंधुजा तिवारी, दलजीत सिंह, अरविंद मिश्रा एवं न्यास के सचिव के.डी. पाठक ने संबोधित किया।

# मिथिलांचल का लोकपर्व मधुश्रावणी प्रारंभ

### पहले सावन में नयी दुल्हन रखती है उपवास

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मिथिलांचल के नव विवाहित महिलाओं का प्रसिद्ध लोकपर्व मधुश्रावणी पर्व गुरूवार से शुरू हो गया। इस व्रत में मुख्य रूप से गौरी और भगवान शिव की पूजा की जाती है। व्रती महिलाएं एक दिन पहले से से बगीचे से फूल लोढ़ना प्रारंभ करती हैं। इस दिन वे स्नान कर ससुराल से आये रंग-बिरंगे कपड़े और आभूषण पहनकर नाग देवता की पूजा-अर्चना करती हैं। यह पूजा सावन महीने के कृष्ण पक्ष पंचमी तिथि से शुरू होकर शुक्ल पक्ष तृतीया अर्थात 7 अगस्त को यह संपन्न होगा। नव विवाहिताएं इस व्रत के दौरान अरवा भोजन ग्रहण कर पूजन आरंभ करती हैं। यह व्रत नव विवाहिता बड़े ही धूमधाम से करती हैं। पति के लंबी उम्र के लिए किए जाने वाले यह व्रत धैर्य और त्याग का प्रतीक है। पूरे 14 दिन चलने वाले



इस व्रत में बिना नमक का भोजन खाया जाता है। इस पूजा में पंडितों की भूमिका भी महिलाएं ही अदा करती हैं। इस अनुष्ठान के पहले और अंतिम चरण में बड़े विधि-विधान से साथ पूजा की जाती है। ऐसी धार्मिक मान्यता है कि इस दौरान माता पार्वती की पूजा को विशेष महत्व दिया जाता है। इसके साथ ही इस पर्व की अनोखी परंपरा भी मिथिला में देखने को मिलती है। नई दुल्हन जो पहले सावन में पति के लिए उपवास करती है वे उनकी अग्निपरीक्षा भी लेती हैं।

**अग्निपरीक्षा में दुल्हन का जलाया जाता है घुटना :** बिहार के मिथिलांचल में प्यार का पता लगाने के लिए एक अनोखी परंपरा का पालन किया जाता है। जिसमें महिला को अग्निपरीक्षा देनी होती हैं। जिसमे महिला का घुटना जलाया जाता है। पति अपनी पत्नी के घुटने पर पूजा घर में रखे गए दीपक की बाती से प्यार के साथ उसका घुटना जलाता है। इससे दोनों का करुण सार देखने को मिलता है। जब महिला को जलाया जात है। वह उफ्फ तक नहीं करती। ऐसा माना जाता है कि इस परीक्षा में विवाहिता के घुटने में जितना बड़ा फफोला पड़ता है। पति-पत्नी का प्यार उतना ही गहरा होता है।

## अंकुरम आईवीएफ में विश्व आईवीएफ दिवस और विश्व भ्रूण विज्ञान दिवस का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अंकुरम आईवीएफ ने गुरूवार को विश्व आईवीएफ दिवस और विश्व भ्रूण विज्ञान दिवस मनाया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व अंकुरम आईवीएफ के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ डॉ. रूही श्रीवास्तव और डॉ. रानारायण साहू ने किया। इस मौके पर डॉ. रूही श्रीवास्तव ने भ्रूण विज्ञान में नवीनतम शोध और तकनीकी सुधारों पर चर्चा की।

उन्होंने बताया कि कैसे इन नवाचारों ने अनगिनत जोड़ों के लिए माता-पिता बनने के सपने को साकार किया है। डॉ. रानारायन साहू ने भ्रूण विज्ञान के महत्व और भ्रूणविज्ञानियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

## रेड सी इंटरनेशनल स्कूल में स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**रांची।** रेड सी इंटरनेशनल स्कूल, आजाद बस्ती में हाउस वाइज स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता का आयोजन गुरूवार को किया गया। इस प्रतियोगिता में स्कूल के चारों हाउस- वीनस हाउस, जुपिटर हाउस, मार्स हाउस और मर्करी हाउस ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों में कहानी कहने की कला को प्रोत्साहित करना और उनकी कहानी के माध्यम से अंदर छुपी विचारों और कला को निखारना था। इस प्रतिस्पर्धा में मार्स हाउस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब जीता। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मसरूर अहमद और विशिष्ट अथिति के तौर पर शमशाद अहमद मौजूद थे। इस मौके पर प्रधान अध्यापिका सोनी सितारा केरकेप्ता, तमन्ना, सना, सादिया, अतिका, किरण, सुचिता, मनाउवर आदि की भूमिका अहम रही।

# बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में संविदा पर नियुक्ति होगी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में संविदा के आधार पर नियुक्ति के लिए अवकाश प्राप्त लोगों से आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। राज्य सरकार, केंद्र सरकार, लोक उपक्रमों और कृषि विश्वविद्यालयों की सेवा से रिटायर 62 वर्ष तक की उम्र के लोग आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के नियंत्रक (वित्त प्रमुख) पद के लिये न्यूनतम योग्यता बीकॉम डिग्री या समकक्ष डिग्री, चार्टर्ड अकाउंटेंट या कास्ट अकाउंटेंट के रूप में अनुभव या राज्य-केंद्र सरकार की अधीनस्थ लेखा सेवा परीक्षा पास होना चाहिये। साथ ही, सरकारी या अर्ध सरकारी संस्थान में न्यूनतम 10 वर्ष कार्य करने का अनुभव होना चाहिये। चिकित्सा पदाधिकारी पद के लिये आवश्यक योग्यता मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से चिकित्सा विज्ञान की डिग्री तथा रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर के रूप में कम से कम पांच वर्ष का अनुभव चाहिये।

इसी प्रकार उप निदेशक, कार्य एवं संयंत्र, सिविल के लिये सिविल इंजीनियरिंग में डिग्री तथा कार्यपालक अभियंता या उससे ऊपर के पद पर पांच साल का कार्यानुभव आवश्यक है। उम्मीदवार विज्ञापन 23 जुलाई के 10 दिनों के अंदर बीएयू के वेबसाइट पर दिये गये लिंक पर ऑनलाइन आवेदन एवं फीस भुगतान कर सकते हैं। आवेदन शुल्क सामान्य एवं पिछड़े वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 1000 रुपये तथा एससी-एसटी उम्मीदवारों के लिए 500 रुपये है।

## कैंब्रियन स्कूल का वार्षिक पत्रिका विजनेक्स्ट का विमोचन

**रांची।** स्कूल मैगजीन किसी भी विद्यालय की गतिविधियों और उपलब्धियों का प्रतिबिंब होता है। यह बच्चों की भावनाओं और प्रतिभाओं की अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम है। यें बातें प्राचार्या डॉ. नीता पांडेय ने गुरुवार को कांके रोड स्थित कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में वार्षिक पत्रिका विजनेक्स्ट के विमोचन ने अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि यह विद्यार्थियों और शिक्षको की उपलब्धियों को संजोकर रखने का एक महत्वपूर्ण साधन है। इस वर्ष विजनेक्स्ट के ग्यारहवें संस्करण का विमोचन किया गया। पत्रिका में बच्चों की साहित्यिक और कलात्मक अभिव्यक्तियों के साथ साथ शिक्षकों के आलेखों, विद्यालय की शैक्षणिक-सांस्कृतिक गतिविधियों और बच्चों उपलब्धियों को संकलित किया गया है।

## अपनी कार्यशैली में सुधार करे गोस्सनर कॉलेज अन्यथा होगा आंदोलन : रौशन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**गोस्सनर कॉलेज की कार्यशैली को लेकर युवा आजसू ने की रांची विवि के वीसी से मुलाकात**

**रांची।** युवा आजसू का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को रौशन नायक के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अजीत कुमार सिन्हा से मिलकर उन्हें गोस्सनर कॉलेज के छात्र-छात्राओं की परेशानियों से अवगत कराते हुए मांग पत्र सौंपा। इसके माध्यम से युवा आजसू के रौशन नायक ने कहा के विगत कुछ दिनों पहले गौस्सनर महाविद्यालय में पेरेंट्स टीचर मीटिंग बुलाई गई थी, जिसमें लगभग 70 से 80% छात्र छात्राओं के गार्जियन नहीं आए थे। इस कारण महाविद्यालय प्रशासन द्वारा उन्हें मिड सेम एग्जाम नहीं देने दिया जा रहा है। रौशन ने वीसी से कहा कि कॉलेज के वाणिज्य विभाग में ढेरों छात्र ऐसे हैं, जो इस राज्य के बाहर से हैं एवं वह अपने गार्जियन को बुलाने में असमर्थ हैं। वहीं दूसरी ओर कॉलेज में ज्योग्राफी विभाग के छात्र-छात्राओं के पास पैसे की कमी के कारण वह टूर पर नहीं जा पाये। टूर पर नहीं जाने के कारण उन्हें परीक्षा में अब्सेंट दिखाकर फेल कर दिया गया, जबकि टूर के समय ही रांची विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष ने छात्र-छात्राओं के आवेदन पर लिखित तौर पर उन छात्र-छात्राओं के लिए अलग से टूर कर की व्यवस्था करने को कहा गया था। उसके बाद छात्र-छात्राएं अलग व्यवस्था के तहत टूर पर गए भी, लेकिन फिर भी उन्हें एब्सेंट दिखा कर फेल कर दिया गया, जो उन गरीब छात्र-छात्राओं के भविष्य से खिलवाड़ करने के बराबर है।

## मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा का सावन मेला 1 अगस्त से

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा का सावन मेला 1 से 3 अगस्त को अग्रेसन भवन अपर बाजार में लगाया जायेगा। मेले में हर तरह की स्टॉल लगाई जायेगी जिसमें कपड़े, राखी, ज्वैलरी, शादी के सामान, बेडशीट, अचार, पापड़, गिफ्ट आइटम, हैंड मेड समान, भगवान की पोशाक आदि शामिल है। अध्यक्ष विनीता सिंघानिया ने बताया कि बहुत महिलायें है जो घर में समान बनाती है, लेकिन वो सेल नहीं कर पातीं। ऐसी महिलाओं के लिए शाखा यह मेला ऑर्गनाइज करती है ताकि उन्हें अपना समान सेल करने के लिए एक प्लेटफार्म मिल सके। मेले का सफल बनाने में संयोजिका विनीता बिहानी, सरिता बथवाल, सपना सिंघानिया, पूजा अग्रवाल, रितु पोद्दार दिन रात लगी हुई है। मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने बताया कि मेले में फूड स्टॉल भी लगेंगे।

# वीमेंस कॉलेज में पौधरोपण छात्रों ने ली संरक्षण की शपथ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** नगर निगम द्वारा विवेकानंद यूथक्वेक फाउंडेशन के सहयोग से वीमेंस कॉलेज में गुरूवार को पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विभागध्यक्ष डॉ सीमा प्रसाद, विशिष्ट अतिथि के रूप में विवेकानंद यूथक्वेक फाउंडेशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल मौजूद थे। मौके पर महाविद्यालय के सभी शिक्षकों को पौधा देकर सम्मानित किया गया एव सभी छात्रों को एक-एक पौधा दिया गया। इस मौके पर छात्रों ने पौधा संरक्षण की शपथ ली। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे मुख्य रूप से रांची नगर निगम के कर्मचारी सुधाकर, महाविद्यालय के कर्मचारी, संस्था के स्वंसेवक रजनीश रंजन, पुरुषोत्तम, दीपक साहू आदि कर अहम योगदान रहा।

## स्वर्ण जयंती क्लब के सदस्य कांवर पदयात्रा पर निकले

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** काँवर पदयात्रा हेतु स्वर्ण जयंती क्लब के सदस्यगण सुल्तानगंज के उत्तरवाहिनी गंगा जल भरकर पदयात्रा करते हुए बाबा बैजनाथ जलार्पण करने के लिए गुरूवार को झारखंड एवं अपने परिवार के लिए मंगलकामना हेतु संकल्पित होकर बाबा के सानिध्य में निकलें। इस यात्रा में सत्यम सत्यदर्शी, मोनू सिंह,नवीन कुमार झा, संजय पवार,सुनील यादव, श्याम अंकल, फलेंद्रर शामिल है।

# नेमरा-गोला को छोड़कर जहां भी सीएम हेमंत सोरेन की जमीन है उसे आदिवासियों को वापस करें : जयराम महतो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति यानी जेबीकेएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो ने गुरुवार को रांची प्रेस क्लब में मीडिया से बातचीत करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी रणनीति से जनता को अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आदिवासियत सिर्फ कागजों पर नहीं दिखनी चाहिए। जयराम महतो ने अपना-अपना करो सुधार, तभी मिटेगा भ्ष्टाचार के कथन का अनुसरण करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को नेमरा-गोला को छोड़कर बाकी जहां भी हेमंत सोरेन की जमीन है उसे आदिवासियों (मूल खातियानियों) को वापस कर देनी चाहिए।

**जनता की उम्मीद पर खरा नहीं उतर पाए हेमंत सोरेन :** मीडिया से बात करते हुए जेबीकेएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो ने कहा कि जिस उम्मीद के साथ 2019 में राज्य की जनता ने सत्ता परिवर्तन कर कुर्सी महागठबंधन और हेमंत सोरेन को सौंपी थी वह उम्मीद पूरी नहीं हुई। जेबीकेएसएस द्वारा राज्य में अगला विधानसभा चुनाव पूरे दमखम के साथ और अकेले लड़ने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि पहले उन्होंने 55 विधानसभा सीट पर उम्मीदवार उतारने की बात कही थी लेकिन पलामू जिले में जिस तरह का उत्साह जेबीकेएसएस को लेकर है उसके बाद सीटें बढ़ सकती है।




**स्थानीय लोगों को मिले ज्यादा से ज्यादा नौकरी :** जयराम महतो ने कहा कि जेपीएससी द्वारा नगर निगम की ली गयी परीक्षा में ओपन फॉर ऑल में बाहरी लोग आ गए हैं। हमारे पास दो लिस्ट है एक में दूसरे प्रदेश से राज्य में नौकरी पाए लोगों की है तो दूसरा लिस्ट उन मजदूरों की है जो राज्य छोड़कर दूसरे राज्य रोजी-रोटी की तलाश में गए थे और उनकी मौत हो गयी। क्या इसी के लिए झारखंड राज्य बना था। कई अन्य राज्य तरह-तरह का नियम कानून बनाकर बाहरी प्रदेश के लोगों के लिए ओपन फॉर ऑल की सीट को भी बाहरी लोगों के लिए कठिन बना देते हैं, ऐसे ही कुछ नियम यहां भी बनाना होगा।

जयराम महतो ने कहा कि कैमरून में फंसे मजदूरों के वापस आने पर गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन उनके साथ फोटो खींचवा रही थीं, जो आ गया वह तो खुशी की बात है लेकिन जिनकी मौत हो गयी उसके बारे में सोचिए, क्या इसी दिन के लिए राज्य का निर्माण हुआ था।

**जेबीकेएसएस किसी के सम्पर्क में नहीं :** जेबीकेएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो ने कहा कि वह किसी भी पार्टी या नेता के सम्पर्क में नहीं है। कुछ पार्टियों के नेता पिछले दिनों उनसे सम्पर्क किया था लेकिन अभी किसी से सम्पर्क में नहीं है। सरयू राय से किसी भी तरह के गठबंधन की संभावना से इंकार करते हुए जयराम महतो ने कहा कि वह जहां हैं वहां ठीक हैं।

## आईसीटी-34 के लिए साईं नाथ विश्वविद्यालय का दूरस्थ केन्द्र के रूप में चयन

**रांची।** साईं नाथ विश्वविद्यालय, को आईसीटी-34 कार्यस्थल पर संचार के लिए दिनांक 22 से 26 जुलाई तक राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान द्वारा आयोजित पाठ्यक्रम के लिए दूरस्थ केन्द्र के रूप चुना गया है। यह पाठ्यक्रम ऑनलाइन मोड़ में आयोजित की जा रही है। पाठ्यक्रम में विभिन्न विभागों के डीन, प्रिंसिपल, विभागाध्यक्ष, प्रोफेसर और तकनीशियन सहित 100 से अधिक प्रतिभागी कार्यक्रम में भाग ले रहे है। पाठ्यक्रम के स्थानीय समन्वयक-इंजीनियरिंग डिर्पाटमेंट के प्रिंसिपल-डॉ अहसन रब्बानी एवं सिविल इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष- प्रो. अंकित वर्मा है। पाठ्यक्रम के आयोजन में विश्वविद्यालय के डॉ० भाग्यश्री सिंह की भूमिका सराहनीय है। विश्वविद्यालय के कुलपति ने कहा कि साईं नाथ विश्वविद्यालय को पाठ्यक्रम के लिए दूरस्थ केन्द्र के रूप में चुना जाना शिक्षा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक है।

### माओवादियों का झारखंड-बिहार बंद

# खौफ के कारण ग्रामीण इलाके बंद से प्रभावित, शहरी क्षेत्रों में नहीं दिखा असर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादियों के गुरुवार को झारखंड-बिहार बंद का असर ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा देखने को मिली। जबकि शहरी इलाकों में इसका कुछ खास प्रभाव नजर नहीं आया। ज्ञात हो कि भाकपा माओवादियों ने 25 लाख रुपये की इनामी माओवादी जया हेम्ब्रम उर्फ जया दी की गिरफ्तारी के विरोध में गुरुवार को बंद की घोषणा की थी। नक्सलियों के बंद को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने भी पहले से ही कड़ी सुरक्षा का इंतजाम किया था। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक रेल, स्कूल, हाईवे समेत नक्सली प्रभावित क्षेत्रों में विशेष सुरक्षा का निर्देश पुलिस अधिकारियों को दी गयी थी। नक्सली बंदी का सबसे जयादा असर पलामू प्रमंडल के ग्रामीण इलाकों में देखा गया। पलामू के हरिहरगंज, पिपरा, मनातू, छतरपुर, नौडीहा बाजार, पांडु समेत कई ग्रामीण इलाके प्रभावित नजर आए।



हरिहरगंज के इलाके में बड़ी संख्या में दुकानें बंद रही हैं। कई ग्रामीण इलाकों में सड़कों पर यात्री वाहनों का परिचालन नहीं हुआ। जबकि शहरी इलाके में इसका प्रभाव नजर नहीं आया। वहीं, डालटनगंज, रांची, बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ के इलाके में जाने वाले यात्री बसों का परिचालन सामान्य रहा। नक्सलियों के बंद को लेकर झारखंड पुलिस ने हाई अलर्ट जारी किया था और संवेदनशील इलाकों में पहले से ही अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी। पुलिस अधिकारियों को लूज मूवमेंट नहीं करने के निर्देश जारी किए गए थे। माओवादियों के बंद को देखते हुए रेलवे एवं सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा को बढ़ा दिया गया था, क्योंकि पुलिस का ऐसा मानना है कि माओवादी बंद के दौरान अक्सर सरकारी संपत्तियों को ज्यादा टारगेट बनाते हैं। जिसे देखते हुए सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बूढ़ापहाड़ और बिहार से सटे हुए सीमावर्ती इलाकों में माओवादियों के खिलाफ सर्च अभियान भी शुरू किया गया था।

**गंभीर विषय : हाई कोर्ट ने राज्य एवं केंद्र सरकार से पूछा**

# झारखंड के किन-किन जिलों में ट्राइबल्स का हो रहा धर्मांतरण, इसे रोकने के लिए क्या हो रही कार्रवाई?

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** झारखंड में ट्राइबल्स के धर्मांतरण को रोकने को लेकर दाखिल सोमा उरांव की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य एवं केंद्र सरकार से पूछा कि किन-किन जिलों में ट्राईबल्स का धर्मांतरण किया जा रहा है और अबतक कितनों को धर्मांतरित किया गया है। साथ ही इसे रोकने के लिए क्या-क्या कार्रवाई की जा रही है। कोर्ट ने इस संबंध में केंद्र और राज्य सरकार को स्टेटस रिपार्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 27 अगस्त निर्धारित की गई है।

सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि झारखंड में धड़ल्ले से ट्राईबल्स लोगों का दूसरे धर्म में धर्मांतरण हो रहा है। ट्राईबल्स का धर्मांतरण क्यों हो रहा है उसके लिए एक जांच कमेटी का गठन सरकार को करनी चाहिए। उनकी ओर से कोर्ट को यह भी बताया गया कि राज्य में चंगाई सभा के माध्यम से ट्राइबल लोगों को लालच देकर अन्य दूसरे धर्म में लाया जा रहा है। इस पर रोक लगाने की जरूरत है। कोर्ट को बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट में भी धर्मांतरण से संबंधित मामले में जनहित याचिका पर सुनवाई चल रही है। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस विषय को गंभीरता से लेते हुए देश के राज्य सरकारों एवं केंद्र सरकार से जवाब मांगा है।

## डैम व जलस्रोतों से अतिक्रमण हटायें

**रांची।** रांची के आसपास जलस्त्रोतों पर अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर गुरुवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार को धुर्वा, कांके और गेतलसूद डैम के कैचमेंट एरिया से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया है और झारखंड में पानी की समस्या दूर करने के लिए लघु एवं दीर्घकालीन योजना बनाने सहित अन्य बिंदुओं पर जवाब मांगा है। सुनवाई के दौरान अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि आने वाले दस सालों में रांची में पानी की गंभीर समस्या हो सकती है। मामले में अगली सुनवाई 31 जुलाई को निर्धारित की गई है।

**मतदाता सूची का हुआ प्रारूप प्रकाशन, लोगों ने सूची में अपना नाम चेक किया**

# वोटर लिस्ट प्रारूप में मतदाता अपना नाम अवश्य जांचें ताकि गलती की कोई गुंजाइश न रहे : के. रवि कुमार

- सीईओ ने भी अपना और अपने परिजनों का नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची में जांचा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया गया। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के अवसर पर मध्य विद्यालय डोरंडा स्थित अपने मतदान केंद्र जाकर अपना एवं अपने परिवार के लोगों का नाम जांचा। उनके अलावा राज्य भर के जिला निर्वाचन पदाधिकारीयों, पुलिस अधीक्षकों सहित सभी खास और आम लोगों ने मतदाता सूची में अपना नाम जांचा। दरअसल मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की तरफ से पूर्व से ही व्यापक रूप से प्रचारित प्रसारित किया गया था कि गुरुवार को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया जाना है। प्रकाशन के बाद दोपहर 12.00 से 1:00 बजे के बीच सोशल मीडिया अभियान 'नाम जांचों' में भी बड़ी संख्या में लोगों ने नाम जांचते हुये संबंधित पोस्ट अपने-अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किये। फलस्वरुप उक्त नाम जांचो हैशटैग अभियान पूरे दिन सोशल मीडिया में छाया रहा।

राज्य के सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ द्वारा मतदाता सूची के प्रारूप को दिखाया गया। मतदाताओं ने सूची में अपना नाम मतदान केंद्र पर जाकर मिलान किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने मतदाताओं से अपील की है कि जो लोग गुरुवार को सूची में अपना नाम जांचने के लिए मतदान केंद्र तक नहीं आ सके हैं, वे ऑनलाइन तरीके से भी अपना नाम जांच सकते हैं। यदि किसी प्रकार के सुधार की आवश्यकता है तो समय रहते सूचित करें, क्योंकि प्रारूप को सुधारने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मतदान के समय किसी मतदाता को अपने मताधिकार से वंचित न रहना पड़े इसके लिए मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांच कर लें। इस मौके पर उन्होंने भी अपना नाम जांचा, साथ ही साथ अपने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से अन्य मतदाताओं को जागरूक करने का भी कार्य किया।

मतदाता सूची में अपने नाम को जांचने के उपरांत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अपने मतदान केंद्र बीएमपी मध्य विद्यालय डोरंडा परिसर में पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी मुख्यालय संजय कुमार सहित रांची जिला के निर्वाचन से संबंधित वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## झारखंड हाई कोर्ट के नये भवन की पार्किंग में जलजमाव पर कोर्ट नाराज



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने पार्किंग एवं अन्य जगहों पर जलजमाव पर नाराजगी जतायी है। नये हाईकोर्ट बिल्डिंग से संबंधित एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने गुरुवार को आदेश दिया कि झारखंड हाईकोर्ट परिसर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम इंस्टॉल किया जाये। इसको लेकर अदालत ने राज्य सरकार को भी रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने यह भी कहा है कि लंबे अरसे से झारखंड हाईकोर्ट के नये परिसर के निर्माण की मांग हो रही थी। इतनी बड़ी रकम से बड़े प्रोजेक्ट के निर्माण पूरे होने के बावजूद अगर इस तरह जलजमाव का सामना करना पड़ रहा है तो यह निराशा जनक है। मामले की अगली सुनवाई अगस्त माह में होगी।

बता दें कि राजधानी में मंगलवार को तेज बारिश हुई थी। इस जोरदार बारिश के कारण हाईकोर्ट की पार्किंग में जल जमाव हो गया। इससे पार्किंग में खड़ी दर्जनों गाड़ियां डूब गयीं। पार्किंग में पानी इतना ज्यादा था कि नगर निगम की कई गाड़ियां बुलाकर पानी सुखवाया गया, तब जाकर वकीलों की गाड़ियां निकली।

# डीजीपी ने की बैठक, रांची में कोलकाता की तर्ज पर रांची में लागू होगी ट्रैफिक व्यवस्था

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राजधानी की ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए डीजीपी अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरूवार को बैठक हुई। बैठक के दौरान रांची शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए पुलिसकर्मियों की उपलब्धता और आवश्यकता पर जोर दिया गया। साथ ही कोलकाता महानगर के तर्ज पर रांची में ट्रैफिक जिला बनाने के प्रस्ताव पर लिये गये निर्णय की समीक्षा की गयी। इसके अलावा कुछ अन्य शहरों जहां कि यातायात व्यवस्था अनुकरणीय है। वैसे शहर में कोलकता महानगर की तर्ज पर रांची ट्रैफिक व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया गया। यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए गृह रक्षा वाहिनी से सहयोग के लिए निर्देश दिया गया। इस संबंध में अन्य शहरों में ट्रैफिक व्यवस्था के अध्ययन के लिए अन्य राज्यों में भेजे गये गठित त्रिस्तरीय कमिटी के द्वारा जानकारी दी गई।

**पानी की व्यवस्था सहित अन्य सुविधाएं देने का प्रस्ताव रखा गया :** गठित त्रिस्तरीय कमिटी के द्वारा बताया गया कि सभी ट्रॉफिक पोस्ट को सुविधायुक्त बनाने जिसमें दो शौचालयों (पुरुष और महिला का अलग-अलग) पानी की व्यवस्था सहित अन्य सुविधाएं देने का प्रस्ताव रखा गया। पोस्ट में लगभग 10 व्यक्तियों के बैठने की व्यवस्था करने और दरवाजा और खिड़की, फॉल्स सीलिंग, इलेक्ट्रिकल फिटिंग जैसे लाइट, पंखा और एग्जॉस्ट फैन पर्याप्त संख्या में प्रस्तावित हैं।

## सरयू राय ने मंत्री बन्ना गुप्ता को दी चुनौती कहा निरीक्षण प्रतिवेदन सार्वजनिक तो करें

**रिपोर्ट में खुलासा : तत्कालीन मंत्री सरयू राय की जानकारी में गाड़ा गया था 1098 क्विंटल अनाज!**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड खाद्य आपूर्ति विभाग की जांच रिपोर्ट में बड़ा खुलासा हुआ है। पिछले दिनों मंत्री बन्ना गुप्ता द्वारा जेएसएफसी (झारखंड स्टेट फूड कॉरपोरेशन) के कडरू स्थित गोदाम में किए गए औचक निरीक्षण के बाद जांच रिपोर्ट बनाई गई है। जांच रिपोर्ट में यह लिखा गया है कि तत्कालीन मंत्री सरयू राय की जानकारी में अनाज जमीन में गाड़ा गया था। करीब 1098.17 क्विंटल अनाज तत्कालीन मंत्री सरयू राय ने जमीन में गाड़ने की अनुमति दी थी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि उचित रखरखाव के अभाव में अनाज सड़ गया था और इसकी सूचना आप्त सचिव के माध्यम से तत्कालीन मंत्री सरयू राय को दी गई थी। बताते चलें कि मंत्री बन्ना गुप्ता ने पिछले दिनों जेएसएफसी गोदाम का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान जेसीबी मशीन लगाकर जमीन में गाड़े गए अनाज को खोदकर निकाला गया था। इसके बाद मंत्री बन्ना गुप्ता ने जांच रिपोर्ट मांगी थी।

इधर इसे लेकर सरयू राय ने मंत्री बन्ना गुप्ता पर तंज कसते हुए कहा है कि बन्ना गुप्ता में अगर हिम्मत है तो निरीक्षम प्रतिवेदन को सार्वजनिक करें।

**मंत्री के साथ सहायक अध्यापकों की बैठक में बनी सहमति**

## सहायक अध्यापकों को वेतनमान नहीं मिला तो शिक्षकों के समतुल्य दिया जायेगा मानदेय



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** एकीकृत सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) संघ की बैठक राज्य के स्कूली शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम के साथ उनके आवास पर गुरुवार की रात हुई। बैठक में यह तय हुआ कि अगर सरकार सहायक अध्यापकों को वेतनमान नहीं दे सकेगी तो शिक्षकों के समतुल्य मानदेय दिया जाएगा। मंत्री को सहायक अध्यापकों ने बताया कि राज्य के तत्कालीन स्कूली शिक्षा मंत्री स्वर्गीय जगन्नाथ महतो चाहते थे कि राज्य के सहायक अध्यापकों को वेतनमान दें परंतु तत्कालीन विभागीय सचिव राजेश शर्मा द्वारा यह कहे जाने के बाद की पारा शिक्षकों की नियुक्ति में आरक्षण नियमों का पालन नहीं किया गया है। इस कारण इन्हें मानदेय देने में परेशानी हो रही है। इसके बाद शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम ने कहा कि 5 अगस्त को विभागीय सचिव के साथ बैठक कर इस मुद्दे पर चर्चा की जाएगी। अगर वेतनमान देने में आरक्षण रोस्टर आडे आता है तो शिक्षकों के समतुल्य मानदेय दिया जाएगा। बैठक में बिनोद बिहारी महतो, संजय कुमार दुबे, हृषिकेश पाठक, सिद्धिक शेख, सिंटू सिंह, विनोद तिवारी, निरंजन दे, विकास चौधरी, अतुल कुमार व अनुप कुमार थे।

# रंजीत सिंह कोहली की बेल पर सुनवाई जारी, कहा गया पति-पत्नी थे इसलिए रेप का केस नहीं बनता

**तारा शाहदेव प्रकरण**

**रंजीत कोहली की मां कौशल रानी और हाई कोर्ट के बर्खास्त रजिस्ट्रार (विजिलेंस) मुश्ताक अहमद को हाईकोर्ट से मिल चुकी है जमानत**





खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नेशनल राइफल शूटर तारा शाहदेव के धर्म परिवर्तन, यौन उत्पीड़न व दहेज प्रताड़ना से संबंधित मामले में सजायाफ्ता रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल की ओर से दायर जमानत याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में रंजीत कोहली की ओर से बहस की गई, जो जारी रही। उसकी ओर से कोर्ट को कहा गया कि वह पति-पत्नी के रूप में थे इसलिए उनके खिलाफ रेप का मामला नहीं बनता है। अगली सुनवाई 2 सप्ताह बाद होगी। पूर्व में झारखंड हाई कोर्ट से रंजीत कोहली की मां कौशल रानी और बर्खास्त रजिस्ट्रार विजिलेंस मुश्ताक अहमद को जमानत मिल चुकी है।

बता दें कि सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने रंजीत कोहली की मां कौशल रानी को 10 साल की सजा सुनाई थी। साथ ही मुश्ताक अहमद को 15 साल की सजा सुनाई थी। जबकि रंजीत कोहली को अंतिम सांसों तक जेल में रहने को लेकर उम्र कैद की सजा सुनाई थी। दरअसल, इस हाई प्रोफाइल मामले में सीबीआई कोर्ट ने मुख्य आरोपी रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल, उसकी मां कौशल रानी एवं मुश्ताक अहमद को सजा सुनाई थी।

गौरतलब है कि मामले में मुख्य आरोपी रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल के अलावा हाईकोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार (विजिलेंस) बर्खास्त मुश्ताक अहमद एवं कोहली की मां कौशल रानी ट्रायल फेस कर रही है। इन तीनों आरोपियों के खिलाफ दो जुलाई 2018 को आरोप गठित किया गया था। सीबीआई ने वर्ष 2015 में केस को अपने हाथों में लिया था। रंजीत कोहली एवं तारा शाहदेव की शादी 7 जुलाई 2014 को हुई थी लेकिन शादी के कुछ माह बाद उसे धर्म परिवर्तन करने के लिए प्रताड़ित किया गया। कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ दो जुलाई 2018 को आरोप गठित किया था। रांची के हिंदपीढ़ी थाना में दर्ज प्राथमिकी को सीबीआई ने अपने हाथों में लिया था। सीबीआई की दिल्ली ब्रांच ने इस मामले में कांड संख्या आरसी/ 9 एस/2015 दर्ज किया था।

**खबर एक नजर में**

### सीएम ने रिम्स में भर्ती झामुमो कार्यकर्ता का हाल जाना



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को रिम्स ट्रामा सेंटर आईसीयू में भर्ती झामुमो के गिरिडीह जिला सचिव महालाल सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली। महालाल सोरेन का इलाज मेडिसिन विभाग के चिकित्सक डॉ संजय कुमार सिंह के अधीन हो रहा है। मुख्यमंत्री ने मरीज को बेहतर चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराने का निर्देश प्रबंधन को दिया। उन्होंने इमरजेंसी में इलाजरत अन्य मरीजों से भी मुलाकात की और उनसे इलाज एवं दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली। मरीजों से प्राप्त फीडबैक से वह संतुष्ट दिखे। प्रबंधन को उन्होंने बेहतर चिकित्सा सेवा प्रदान करते रहने का निर्देश दिया।

### खड़गे से मिले झारखंड के मंत्री, सौंपी रिपोर्ट

**रांची।** स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता और कृषि मंत्री दीपिका पांडे सिंह गुरुवार को दिल्ली में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मिले। उनसे मिलकर झारखंड की वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की। इस दौरान मंत्री बन्ना गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए गए 4 साल के कार्यों एवं खाद्य आपूर्ति विभाग में पद संभालने के बाद किए गए संक्षिप्त कार्यों की प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत की। कृषि, पशुपालन मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने भी अपने विभाग में पद संभालने के बाद किये गये कार्यों की प्रगति रिपोर्ट सौंपी।

### सीसीएल ने दुम्मा में लगाया चिकित्सा शिविर



**रांची।** सीसीएल ने बिहार और झारखंड की सीमा के पास स्थित दुम्मा में श्रावणी मेला के अवसर पर नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाया है। इस शिविर में ग्रामीण, हितधारकों के लिए सीसीएल के चिकित्सकों की टीम नि:शुल्क चिकित्सीय परामर्श के साथ फिजियोथेरेपी और नि:शुल्क दवा दे रही है। सीसीएल के दो वरिष्ठ चिकित्सक और 7 अन्य चिकित्साकर्मियों की एक समर्पित टीम शिविर में सेवाएं प्रदान कर रही है। यह शिविर 22 जुलाई से शुरू हुआ और 20 अगस्त, 2024 तक चलेगा। इस शिविर का अब तक 8,000 से अधिक लोग लाभ उठा चुके है। सीसीएल सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं उनके समाज कल्याण की पहल को आगे बढ़ाते हुए कंपनी द्वारा नियमित रूप से स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता है।

### आरपीएफ का स्टाफ बताकर बुकिंग काउंटर में घुसा और ₹29000 लेकर भागा, पकड़ाया

रांची। आरपीएफ हटिया का स्टाफ बताकर अनारक्षित बुकिंग काउंटर में एक शख्स घुसा और वहां से पैसे लेकर फरार हो गया। यह घटना 23 जुलाई, 2024 की रात में रांची स्टेशन में घटी। सूचना देने के बाद हरकत में आई आरपीएफ ने त्वरित कार्रवाई की। तकनीक का सहारा लेकर उसे पकड़ा गया। बता दें कि काउंटर पर घुसने के बाद आरोपी ने टिकट की मांग की। वहां तीन महिला कर्मचारी ड्यूटी पर थीं। अनारक्षित बुकिंग काउंटर के केबिन का गेट खुला था। काउंटर के बाहर भीड़ थी। इसका फायदा उठाते हुए उसने ड्यूटी पर मौजूद महिला कर्मचारियों का ध्यान भटका दिया। बुकिंग काउंटर से 29,000 रुपये चुराकर भाग गया। बाद में ड्यूटी पर मौजूद वरिष्ठ वाणिज्यिक क्लर्क नीतू कुमारी ने मामले की सूचना आरपीएफ पोस्ट रांची को दी। बाद में सीसीटीवी फुटेज की जांच कर उस व्यक्ति की पहचान की गयी। स्टेशन और उसके परिचालित क्षेत्र में ड्यूटी कर रहे सभी आरपीएफ कर्मचारियों को तस्वीरें प्रसारित की गई। सघन तलाशी के दौरान संदिग्ध व्यक्ति को रांची स्टेशन के मुख्य द्वार के पास से पकड़ा गया। उससे रेलवे बुकिंग काउंटर से चोरी की गयी नकदी 29,000 रुपये बरामद की।

## 61 प्रखंडों में नये बीडीओ की पोस्टिंग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड सरकार ने 61 प्रखंड विकास पदाधिकारी का स्थानांतरण पदस्थापन की है। चंद्र देव प्रसाद को चंदवारा का बीडीओ बनाया गया है। नूपुर कुमारी को कटकमसांडी, अमित कुमार को गुमला सदर, कुंदन भगत मोहनपुर, रंजीत कुमार सिंह दुल्लामी, कमलेश कुमार सिंह शिकारी पाड़ा, संजय सांडिल्य बेरमो, रितिक कुमार को मांडू, बरुण कुमार को कुरडेग, रेणु कुमारी को मांडर को बीडीओ बनाया गया है। वहीं हारून रशीद को राज्य ग्रामीण विकास संस्थान, दयानंद प्रसाद जायसवाल को महुआडांड़, सत्यम कुमार विष्णुगढ़, शक्ति कुंज रायडीह, संदीप कुमार मनिका, सोमनाथ बनर्जी रातु, ज्ञान मनी एक्का केरसई, मोहम्मद आमिर हमजा जामा, विजय प्रकाश मरांडी नाला, अनिल कुमार तीसरी, प्रभाष चंद्र दास जलडेगा, विवेक कुमार इचाक, सुमित कुमार मिश्रा केरेडारी, अमित पासवान चंदवा, प्रवीण रामगढ़ पलामू, अभिषेक पांडे प्रतापपुर, कामेश्वर बेदिया ओरमांझी, प्रदीप कुमार दास पकरटांड, शैलेंद्र कुमार चौरसिया बगोदर, अजय कुमार वर्मा डुमरी, पप्पू रजक को हंटरगंज, अमल जी पालोजोरी, अमरीन डांग रंका, कीकू महतो कुंदा, देवानंद राम देवघर सदर के बीडीओ बनाये गये हैं। इसके अलावा सुनील वर्मा हाट गम्हरिया, मनोज कुमार तिवारी डंडई, मनोरंजन कुमार पथरगड्डा, ललित प्रसाद सिंह झिंकपानी, संजय कुमार पदमा, आकांक्षा कुमारी गोड्डा सदर, कनक बुंडू, विवेक किशोर सरायकेला खरसावां कुकड़ु, संतोष कुमार महतो गारू, हरिशंकर बारीक विश्रामपुर, अखिलेश कुमार मझिआंव, संतोष कुमार चौधरी बारियातू, अशोक कुमार चोपड़ा मनातू, मनोज कुमार गुप्ता को राहे, विजय कुमार हरिहरगंज, संतोष कुमार नौडीहा बाजार, चंदन प्रसाद दारू, ठाकुर गौरी शंकर शर्मा लोहरदगा सदर, निखिल गौरव कमल कच्छप को खुंटपानी, विशाल पांडे टुंडी, अन्वेषा ओना चांडिल, मनीष कुमार धुरकी, अजय दास चिनिया, मनीष कुमार नामकुम के बीडीओ बनाये गये हैं।

**नगर विकास सचिव ने केंद्र से पिछले वर्ष की राशि देने का किया आग्रह**

# रांची, धनबाद और जमशेदपुर में वायु की में गुणवत्ता सुधार के लिए ₹150 करोड़ मिला

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्य के तीन शहरों मे पर्यावरण सुरक्षा और वायु गुणवत्ता मे सुधार के लिए केंद्र सरकार 150 करोड़ रुपये की निधि उपलब्ध कराने पर सहमत हो गया है। झारखंड के नगर विकास और आवास सचिव अरवा राजकमल ने केंद्र सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम की सातवीं संचालन समिति की बैठक में भाग लिया। राज्य में वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए रांची, धनबाद और जमशेदपुर का चयन केंद्र सरकार ने किया है। सचिव नगर विकास राजकमल ने इस मुद्दे को उठाया कि झारखंड के लिए 2023-24 में कोई फंड जारी नहीं किया गया है। उन्होंने वर्ष 2024-25 में फंड के लिए केंद्र सरकार से अनुरोध किया।

संचालन समिति ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा उपलब्ध कराए गए वायु गुणवत्ता मानकों के आंकड़ों के अनुसार ही 2025-25 में राशि आवंटित करने का निर्णय लिया। सीपीसीबी के अनुसार, धनबाद शहर को 100/100 अंक मिले, रांची और जमशेदपुर को 75/100 अंक मिले और उन्हें 2024-25 में फंडिंग के लिए योग्य पाया गया। शहरों में वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए इन तीन शहरों को 2024-25 में लगभग 150 करोड़ रुपये की निधि दी जाएगी। इन निधियों का उपयोग करके, तीन शहर मशीन और अन्य उपस्कर खरीद सकते हैं। जल निकाय पुनर्जीवन, वृक्षारोपण भी कर सकते हैं। धूल भरी सड़कों पर यातायात को कम करने के लिए पेवर-ब्लॉक सड़कें भी बना सकते हैं।

झारखंड सरकार की नागरिक सुविधा और परिवहन निधि का उपयोग करते हुये रांची, धनबाद और जमशेदपुर की वायु गुणवत्ता मानकों में 2024-25 में और सुधार किया जाएगा। बैठक में झारखंड के नगर विकास सचिव अरावा राजकमल, जमशेदपुर जेएनएसी के कार्यपालक पदाधिकारी कृष्ण कुमार भी शामिल थे।

## पांच जिलों के आंदोलनकारियों को मिलेगा बकाया पेंशन

**गृह विभाग ने राशि आवंटित की**

**रांची।** झारखंड अलग राज्य के गठन के लिए आंदोलन करने वाले आंदोलनकारियों को बकाया पेंशन का भुगतान किया जायेगा। यह बकाया पेंशन रांची, जामताड़ा, लातेहार, चतरा और गढ़वा जिले के आंदोलनकारियों या उनके आश्रितों को मिलेगा। इसको लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने तीस लाख की राशि आवंटित की है। इसको लेकर गृह सचिव ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि संबंधित जिले के डीसी भुगतान से पूर्व सुनिश्चित करेंगे कि राज्य सरकार द्वारा चिन्हित आंदोलनकारियों को राशि का भुगतान करेंगे। जिन जिलों के लिए राशि आवंटित की गयी है, उसमें जामताड़ा के लिए 11.45 लाख, लातेहार के लिए 3.54 लाख, चतरा के लिए 9.97 लाख, गढ़वा के लिए 1.16 लाख और रांची के 3.91 लाख शामिल है।

खबर मन्त्र
रांची.शुक्रवार. 26 जुलाई 2024



# नीट क्लियर

नीट परीक्षा का मानवीय पक्ष को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 24 लाख अभ्यर्थियों को होने वाली परेशानी को प्राथमिकता दी है। इसके बावजूद शीर्ष अदालत का फैसला भारत में परीक्षा प्रक्रियाओं में प्रणालीगत सुधार की आवश्यकता को रेखांकित करता है। कोर्ट के व्यावहारिक फैसले के बावजूद इस विवाद ने हमारी शैक्षिक व परीक्षा प्रणाली के भीतर व्याप्त विसंगतियों को भी उजागर किया है। बहरहाल, मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की यह टिप्पणी कि लीक परीक्षा प्रणाली का उल्लंघन नहीं है, एक अस्थायी राहत जरूर प्रदान करता है। लेकिन इस सिस्टम में अंतर्निहित कमजोरियों को संबोधित किया जाना जरूरी है। इसके बावजूद राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी यानी एनटीए और आईआईटी दिल्ली द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों के अनुसार बिहार के हजारीबाग और पटना में लीक महत्वाकांक्षी चिकित्सा पेशेवरों के लिये होने वाली महत्वपूर्ण परीक्षा आयोजन के तौर-तरीकों की विश्वसनीयता पर प्रश्न तो उठाते ही हैं। प्रभावित छात्रों के मामलों को निपटाने के लिये, राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी पर न्यायालय की निर्भरता समस्या के दीर्घकालीन समाधान के बजाय एक कामचलाऊ दृष्टिकोण को ही दशार्ती है। वहीं दूसरी ओर गत जून माह में यूजीसी-नेट परीक्षा का रद्द होना भी चिंताओं को और बढ़ा देता है। केंद्रीय गृह मंत्रालय को अज्ञात सूत्रों से मिले तथ्यों के आधार पर शिक्षा मंत्रालय ने स्वतः संज्ञान लेते हुए यह कार्रवाई की थी। हालांकि यह कदम छात्रों के हितों की तात्कालिक रक्षा की दृष्टि से सार्थक है लेकिन यह घटनाक्रम हमारी परीक्षातंत्र के बुनियादी ढांचे की कमजोरी को ही उजागर करता है। कह सकते हैं कि परीक्षा तंत्र की संवेदनशीलता के मद्देनजर ऐसे तदर्थवाद व पारदर्शिता की कमी छात्र समुदाय में अविश्वास व चिंता को बढ़ाते हैं।


# बजट में किसान

केन्द्र सरकार की दूसरी पारी में लंबे चले किसान आंदोलन के सबक और नये आंदोलन की सुगबुगाहट के बीच में केंद्र ने किसान व कृषि को अपनी प्राथमिकताओं में रखा है। बजट के जरिये किसानों की आय में स्थिरता, उत्पादकता व आर्थिक विकास के लक्ष्य को हासिल करने पर बल दिया है। खासकर जलवायु परिवर्तन के संकट से जूझती खेती को कवच प्रदान करने की कोशिश है। दो साल के भीतर एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती के लिये तैयार करने की योजना है। करीब दस हजार जैव निवेश संसाधन केंद्रों के जरिये प्राकृतिक खेती के लक्ष्यों को पाया जाएगा। हाल के दिनों में प्रतिकूल मौसम व भंडारण केंद्रों के अभाव में उपभोक्ताओं को महंगाई व किसान को नुकसान का सामना करना पड़ा है। इस मकसद से सब्जी उत्पादन बढ़ाने और आपूर्ति शृंखला को सुव्यवस्थित करने हेतु बजट में किसान उत्पादक संगठनों,सहकारी समितियों और स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने पर बल दिया गया है। ये संस्थाएं सब्जियों के संग्रहण, भंडारण और विपणन में सार्थक भूमिका निभाते हुए किसानों को बेहतर दाम दिलाने का प्रयास करेंगी। साथ ही तिलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने के मकसद से सरसों, मूंगफली, तिल, सोयाबीन व सूरजमुखी की खेती को बढ़ावा देने के उपाय बजट में प्रस्तुत किए गए हैं। जिससे तिलहन उत्पादक किसानों की आय बढ़े तथा आयातित खाद्य तेलों पर देश की निर्भरता को कम किया जा सके। आज तक जितनी भी सरकारें है किसानों के उत्पाद को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निर्यात की संभावनाओं को नजर अंदाज किया है। 92 प्रतिशत किसानों को 5 एकड़ से कम जमीन है। झारखंड जैसे राज्य में सिचाई की सुविधा नगण्य है। किसान अब मजदूर बनकर जी रहा है।

# बजट में रक्षा क्षेत्र को प्राथमिकता

केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने देश का साल 2024-25 का बजट पेश करते हुए रक्षा क्षेत्र के लिए 4.54 लाख करोड़ का प्रस्ताव किया। यह संयोग ही है कि कारगिल विजय दिवस (26 जुलाई) से चंदेक दिन पहले ही संसद में पेश आम बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए ठीक-ठाक राशि का ही प्रस्ताव किया गया। भारत अपने रक्षा बजट की किसी भी सूरत में अनदेखी नहीं कर सकता। कारण हम सबको पता है। हमारे दो गैर-जिम्मेदाराना हरकतों के लिये कुख्यात पड़ोसी- चीन और पाकिस्तान भारत के कट्टर शत्रु देश हैं। इनसे भारत के कई युद्ध भी हो चुके हैं। इसके अलावा, पाकिस्तान तो भारत में आतंकवाद को लगातार हवा-पानी देता रहता है। यह हमने हाल ही में जम्मू में भी देखा। जम्मू क्षेत्र में आतंकी हमलों में वृद्धि के मद्देनजर, थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने 20 जुलाई को जम्मू का दौरा भी किया। उन्होंने आला सैनिक अफसरों के साथ आतंकवाद को कुचलने की रणनीति पर बातचीत की। जम्मू में इस साल छह अलग-अलग आतंकी हमलों में 11 सशस्त्र बल कर्मियों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा, पिछले महीने आतंकियों ने रियासी में एक बस पर फायरिंग की थी। इसके बाद बस के खाई में गिरने से 9 यात्रियों की मौत हो गई थी। इसके अलावा अक्टूबर 2021 से आतंकवादी डोडा, कठुआ और रियासी जैसे क्षेत्रों में और भी अंदर तक पहुंच गए हैं। पिछले महीने जनरल मनोज पांडे से सेना प्रमुख के रूप में पदभार संभालने के बाद से जनरल द्विवेदी का जम्मू क्षेत्र का यह दूसरा दौरा था।





- आरके सिन्हा

> कारगिल युद्ध भारतीय सेना और राष्ट्रीय खुफिया एजेंसियों के लिए एक बड़ा झटका था। 84 दिनों तक चला यह युद्ध 15,000 फीट की ऊंचाई पर 200 किलोमीटर लम्बी सीमा पर लड़ा गया। यह युद्ध भारतीय सेना के लिए प्रमुख सुधारों और नवीनीकरण का उत्प्रेरक बना । देश की सरहदों की निगहबानी करने वालों के लिए कारगिल का सबसे बड़ा सबक था-अप्रत्याशित की उम्मीद करना।

तो बहुत साफ है कि भारत के रक्षा क्षेत्र के सामने बहुत चुनौतियां है। उसे पाकिस्तान और चीन की करतूतों से लगातार लड़ना पड़ता है। भारत की पाकिस्तान से 1947, 1965, 1971 और फिर करगिल में जंग हुई। चीन से भी हमारी भीषण जंग 1962 में हुई। कुछ साल पहले चीन से दोकलम में भी लड़ाई की ही नौबत आ चुकी थी । लेकिन, भारत की कुशल कूटनीति से युद्ध टल गया था। भारत के चीन और पाकिस्तान से कई विषयों पर विवाद हैं। इसीलिए वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने समझदारी पूर्वक रक्षा बजट के लिए एक बड़ी राशि देने का प्रस्ताव रखा।

चीन ने 1962 की जंग के बाद हमारे अक्साईचिन पर अपना जबरदस्ती कब्जा जमा लिया था। यह क्षेत्र 37,244 वर्ग किलोमीटर है जिसमें अनेक गलैशियर भरे पड़े हैं। यह पूरे कश्मीर घाटी जितना बड़ा इलाका है। भारत को उस चीन द्वारा जबरदस्ती ढंग से कब्जाए क्षेत्र को वापस तो लेना ही है। चीन हमारे अरुणाचल प्रदेश पर भी गिद्ध दृष्टि रखता है। तो भारत को अपने रक्षा बजट को निरंतर बढ़ाने के साथ सेना के सभी अंगों को और मजबूत तो करना ही होगा। इस बारे में कोई बहस संभव नहीं है। भारत लगातार अपने रक्षा क्षेत्र को बदलते वक्त के साथ तैयार भी कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त, 2019 को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीए) पद सर्जित करने की घोषणा की थी। यह कदम भारतीय सशस्त्र बलों में आपसी तालमेल को बढ़ावा देने के लिए किया गया था। हालांकि यह पहल कारगिल युद्ध के 18 साल बाद हुई। आप जानते हैं कि कारगिल युद्ध में भारत ने पाकिस्तान के गले में अंगूठा डाल दिया था। कारगिल युद्ध भारतीय सेना और राष्ट्रीय खुफिया एजेंसियों के लिए एक बड़ा झटका था। 84 दिनों तक चला यह युद्ध 15,000 फीट की ऊंचाई पर 200 किलोमीटर लम्बी सीमा पर लड़ा गया। यह युद्ध भारतीय सेना के लिए प्रमुख सुधारों और नवीनीकरण का उत्प्रेरक बना । देश की सरहदों की निगहबानी करने वालों के लिए कारगिल का सबसे बड़ा सबक था-अप्रत्याशित की उम्मीद करना। भारतीय सेना ने कभी नहीं सोचा था कि जनरल परवेज मुशर्रफ के नेतृत्व में पाकिस्तान की सेना कारगिल सेक्टर में घुसपैठ करेगी। कारगिल युद्ध का एक महत्वपूर्ण सबक यह भी था कि भारत को आधुनिक हथियारों और गोला-बारूद में आत्मनिर्भर होना होगा।

यह तो जाहिर है कि भारत सरकार रक्षा क्षेत्र के सामने कभी धन की कमी महसूस नहीं होने देती। जब देश के इर्द-गिर्द दो बड़े शत्रु राष्ट्रों की सरहदें मिलती हों तब भारत से यह अपेक्षा करना उचित ही नहीं होगा कि वह अपने रक्षा बजट में कटौती करने की सोचे भी। अगर बात आम बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए धन की आवंटन से हटकर करें, तो भारत को अपने रक्षा क्षेत्र में लगातार सुधार करते ही रहना होगा। यह अच्छी बात है कि सरकार सेना, नौसेना और वायु सेना के एकीकरण पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जो संकट के समय में उनके बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करेगा। पहले तीनों सेनाएं अपने-अपने स्तर पर काम करती थीं। मौजूदा सरकार ने उनके एकीकरण पर ध्यान केंद्रित किया, जो लीक से हटकर कर एक अलग कदम था और यह समय की मांग भी थी। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा भी था सेना के तीनों अंगों में समन्वय का काम थोड़ा कठिन था; लेकिन, अब हमारी सेना बेहतर समन्वय के साथ हर चुनौती से निपटने के लिए मिलकर काम करने को तैयार रहती है।

आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत सरकार के लगातार प्रयास अब लाभ देने लगे हैं, क्योंकि; भारत का रक्षा उत्पादन एक लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है।

उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में रक्षा औद्योगिक गलियारे स्थापित करने जैसी पहल के माध्यम से सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि आधुनिक सैन्य साजो-सामान न केवल भारत में निर्मित हो, बल्कि उन्हें मित्र देशों को भी निर्यात किया जाए। पहले भारत को हथियार आयातक राष्ट्र के रूप में जाना जाता था। लेकिन, आज भारत अपने कम्फर्ट जोन से बाहर आ गया है और हमने हथियार निर्यातक शीर्ष-25 देशों की सूची में जगह बना ली है।

कुछ साल पहले तक भारत के रक्षा क्षेत्र का निर्यात 1,000 करोड़ रुपये तक भी नहीं पहुंच पाता था, जबकि आज यह 16,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। सरकार को 2028-29 तक वार्षिक रक्षा उत्पादन तीन लाख करोड़ रुपये और रक्षा निर्यात 50,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने की आशा है। संक्षेप में इतना ही कहना काफी होगा कि भारत सरकार को अपने रक्षा क्षेत्र पर लगातार फोकस देते रहना ही उचित होगा।

## खास बात

### समाज की चिंता



**रामलखन सिंह**

पथ एवं परिवहन विभाग के केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को एक पत्र लिखा है, जिसके माध्यम से उन्होंने अपने क्षेत्र में सड़क दुर्घटना रोकने और जन-जीवन बचाने की अपील की। झारखंड अंतर्गत चौपारण-चतरा रोड को चौड़ीकरण करने और डिवाइडर लगाकर दोनों तरफ आवागमन की सुविधा देने की जरूरत है। अभी वाहन चालकों और पैदल रोड पार करने वाले लोगों को आगे-पीछे देखकर बहुत सतर्क होकर रोड पार करना होता है। थोड़े सी चूक होने पर आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। जब से ये रोड बना है, हजारों लोग दुर्घटना के शिकार हो चुके हैं और अपनी जान गंवा चुके हैं। चौपारण-चतरा रोड में अनेक जगह तीखे घुमाव हैं। जैसे चौपारण-ईटखोरी के बीच बारा बस्ती में बराही पुल के पास आये दिन दुर्घटना होती रहती है। वहां सावधानी का कोई बोर्ड तक नहीं लगा। इस तरह इस रोड में हमेशा दुर्घटनाएं होती रहती हैं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से चौपारण चतरा रोड का डिवाइड सहित चौड़ीकरण कर जन जीवन को बचाने की अपील की है।

### वन का बचना जरूरी है

वन विभाग के नियमानुसार एक भी पेड़ काटना और एक इंच जंगल की जमीन का अतिक्रमण करना गुनाह है। वन पर्यावरण की हिफाजत के लिए मैं अनेक बार मुख्यमंत्रियों और वन विभाग के पदाधिकारियों को पत्र लिखता आ रहा, लेकिन एक भी मुख्यमंत्री और वन विभाग के पदाधिकारी ने वन पर्यावरण को बचाने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की। तब मैं राष्ट्रीय ट्रिब्यूनल (एनजीटी) में केस किया। दिनांक 09. 10. 2019 को इस पर सुनवाई भी हुई। वन विभाग के आलाधिकारियों को डांटा-फटकारा भी गया और कहा गया कि वन भूमि पर किस आधार से दुमका में राजभवन बनाया गया?

तब इन लोगों ने अपनी गलती स्वीकारी और राजभवन की जमीन के बदले झारखंड सरकार को 34 एकड़ जमीन देकर उसपर पौधरोपण भी करना पड़ा और जंगल लगाना पड़ा।

# दुख का कारण

## विचार-प्रवाह

**अमीश**

**सत्य** है समुदाय। दुख का कारण जुड़ा है इससे। ललक, लगाव और इच्छाओं का घेरा रहता है हमारे चारों ओर। यह एक अचेतन भावनात्मक और मानसिक अवस्था है। तीसरा सच है निरोध। यानी दुख समाप्त होने की संभावना। और चौथा सच है मार्ग यानी दुख से छुटकारा पाने की राह। दुख इस राह की ओर ले जाता है।

कोविड महामारी चीन के वुहान से शुरू हुई और अब इसने पूरी दुनिया के दिलोदिमाग को झकझोर दिया है। मौत, तबाही और आर्थिक अफरातफरी का आलम है। कंपनियां पस्तहाल हैं। 15 लाख से ज्यादा लोग जा चुके हैं इस दुनिया से। इससे कहीं ज्यादा लोगों को तकलीफ सहनी पड़ी है और तमाम लोग अब भी बीमार हैं। यह भयानक और दिल तोड़ने वाला मंजर है। इसका खात्मा भी हाल-फिलहाल होता नहीं दिख रहा। अधिकतर विशेषज्ञ इस बात पर सहमत हैं कि महामारी का खात्मा हो जाने पर भी आने वाले कई सालों तक बने रहेंगे माली और दिमागी तौर पर लगे जख्मों के निशान।

तो ऐसे में क्या धर्म के सिद्धांतों और दुख की भूमिका का सहारा लेकर हम इस महामारी के असर से उभर सकते हैं? क्या इनके जरिए हम पहले से कहीं ज्यादा मजबूत और समझदार बन सकते हैं? या कहीं ऐसा तो नहीं है कि हममें से कई लोगों, खासतौर से अमीर तबके को ज्यादा दुश्वारियां नहीं झेलनी पड़ी हैं? लेकिन ये तो हुआ ही है कि हमें अपने घरों में सिमटे रहना पड़ा है। खाना-पानी के साथ एक तरह का कैदखाना। फेस मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग है तो बिजली, वाई-फाई, नेटफ्लिक्स और एमेजॉन प्राइम भी हैं।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### राजनीतिक अपरिपक्वता

**हाल** ही के दिनों में देश के चुनावी अभियानों में राजनेताओं की अमर्यादित भाषा बेचैन करने वाली है। किसी भी सभ्य समाज में हर जिम्मेदार नागरिक से यह अपेक्षा की जाती है कि वह अपनी वाणी और व्यवहार पर अंकुश रखेगा। नेताओं के शब्दों की अमयार्दा और अशालीनता आजादी के सात दशक बाद भी लोकतंत्र की अपरिपक्वता को ही दशार्ता है। -पूनम जमशेदपुर

### घातक है सुस्ती

लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल ने एक रिपोर्ट प्रकाशित की है कि भारत के लगभग 50 प्रतिशत लोग बहुत कम शारीरिक परिश्रम करते हैं। इसमें लगभग 42 प्रतिशत महिलाएं और 57 प्रतिशत पुरुषों को आलसीपन की श्रेणी में रखा गया है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार हर व्यक्ति को रोज लगभग 20 मिनट के करीब कसरत करने की जरूरत होती है।

– रवि सिन्हा, रांची

**लोकसभा** में फिर एकबार मेरे परिवार समान आदिवासी साथियों के लिए आवाज उठाया । 36 % से 26 % आदिवासी वर्ग की

जनसंख्या प्रदेश में कम हो गई लेकिन मुख्यमंत्री जी को नजर क्या आया ? तो वो था उनका सत्ता ।

– डॉ निशिकांत दूबे, सांसद

## आपके ट्वीट

**रिम्स** में इलाजरत गिरिडीह से झामुमो के जिला सचिव आदरणीय श्री महालाल सोरेन जी के स्वास्थ्य की जानकारी ली, साथ ही ट्रामा सेंटर और सेंट्रल इमरजेंसी वार्ड में इलाजरत अन्य मरीजों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना।

– हेमंत सोरेन, सीएम





**कृषि** हो या ग्रामीण विकास, इन्वेस्टमेंट हो या इंफ्रास्ट्रक्चर- हमारी सरकार ने बजट के जरिए देश के चौतरफा विकास को एक नई गति देने का प्रयास किया है।

– नरेन्द्र मोदी

# पेरिस ओलंपिक में भारत की उम्मीदें

## खेल



**सत्यनारायण गुप्ता**

26 जुलाई से पेरिस में खेलों का महाकुंभ ओलंपिक शुरू होगा। तीन बार ओलंपिक खेलों की मेजबानी करने वाला लंदन के बाद पेरिस दुनिया का दूसरा शहर बन जाएगा ।पेरिस में इससे पहले ओलंपिक साल 1900 और 1924 में हुए थे जबकि लंदन में 1908 ,1948 और 1912 में ओलंपिक का आयोजन हुआ था। 1924 के बाद यानी 100 साल बाद पेरिस में ओलंपिक खेल हो रहे हैं। इसलिए भी यह ओलंपिक खास हो जाता है। प्राचीन ओलंपिक की शुरूआत 776 बी सी में हुई मानी जाती है। यह खेल आयोजन यूनान के पश्चिमी पोलोपोनीज में ओलंपिया के पवित्र स्थल पर होता था?। आधुनिक ओलंपिक खेलों की शुरूआत भी यूनान की राजधानी एथेंस में 1896 में हुई। तब से हर 4 साल में (विश्व युद्धों की अवधि को छोड़कर) ओलंपिक खेलों का आयोजन होता है ।कोविड महामारी के कारण 2020 में टोकियो में आयोजित होने वाले 2021 में हो पाए।फ्रांसीसी नागरिक पियरे डि कुबेर्टिन को आधुनिक ओलंपिक खेलों का जनक माना जाता है। पेरिस ओलंपिक का मोटो है- "गेम्स वाइड ओपन" यानी खेल ज्यादा विशाल ,अलग , और ज्यादा खुला। पेरिस ओलंपिक में कुछ नए खेल शामिल किए गए हैं इनमें ब्रेकिंग यानी ब्रेक डांसिंग शामिल है। इन ओलंपिक खेलों का शुभंकर फ्रिज एक पारंपरिक टोपी है जिसे फ्रेंच क्रांतिकारियों द्वारा पहना जाता था यह टोपी फ्रांस की स्वतंत्रता का प्रतीक है। इस बार का ओलंपिक पर्यावरण की दृष्टि से भी खास होगा आयोजकों ने वादा किया है कि यह ओलंपिक कार्बन न्यूट्रल होगा। पेरिस ओलंपिक खेलों में भारत के कुल 117 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे । भारतीय दल के ध्वज वाहक अचंत शरत कमल (टेबल टेनिस) और पीवी सिंधु (बैडमिंटन) होंगे, जबकि सीनियर मुक्केबाज मैरीकॉम शेफ डी मिशन होंगी।

पेरिस में 29 भारतीय एथलीट अपनी चुनौती पेश करेंगे। जिनमें 11 महिला और 18 पुरुष शामिल हैं। निशानेबाजी में 21, हॉकी में 19 ,टेबल टेनिस में आठ, बैडमिंटन में सात, कुश्ती के 6, तीरंदाजी के 6, मुक्केबाजी के 6 ,गोल्फ से चार, टेनिस के तीन ,तैराकी से दो ,सेलिंग के दो और घुड़सवारी, जूडो, रोइंग और भारोतोलन से एक एक खिलाड़ी इन खेलों में जाएंगे ।टोक्यो ओलंपिक में भारत ने 119 सदस्यों का दल भेजा था और टीम ने एक स्वर्ण सहित सात पदक जीते थे जो ओलंपिक में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था।

हॉकी,कुश्ती, निशानेबाजी, जैवलिन थ्रो , बैडमिंटन, गोल्फ और एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में भारत को पदक की उम्मीद है ।भारत के पहलवान विनेश फोगट, अमन सहरावत, अंतिम पंघाल, अंश मलिक, निशा दहिया और रितिका हुड्डा पर सबकी निगाहें हैं। मुक्केबाजी में निकहत जरीन,जेवलीन थ्रो में नीरज चोपड़ा,, बैडमिंटन में सात्विक और चिराग सेट्टी, और निशानेबाजी में मनु भाकर और सरबजोत आदि खिलाड़ियों से पदक की उम्मीद है।

ओलंपिक खेलों में एक समय ऐसा भी था,जब भारतीय खिलाड़ीयों को खाली हाथ ही घर लौटना पड़ता था। लेकिन पिछले कुछ ओलंपिक में भारत के प्रदर्शन में सुधार हुआ है ।इस बार भी तैयारी अच्छी है ।खेलो इंडिया योजना, खेल प्रशिक्षणों में सुधार लाने के लिए आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक विधियों का उपयोग, खेलों की आधारभूत संरचना का विकास और खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय कोचिंग की सुविधाएं उपलब्ध कराने से उनके प्रदर्शन में निश्चित ही निखार आया है और उम्मीद है वे पेरिस ओलंपिक में भारतीय खेलप्रेमियों को निराश नहीं करेंगे।

# सेना में झुंझुनू के जवान बेमिसाल है

## सामयिक

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**राजस्थान** में शेखावाटी क्षेत्र के झुंझुनू जिले के अमर सपूतों की इस वीर भूमि के रणबांकुरों ने जहां स्वतंत्रता पूर्व के आन्दोलन में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया था, वहीं स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद सेना द्वारा लड़ी गई लड़ाइयों में भी इस धरती की माटी में जन्मे वीरों ने समय-समय पर अपना पराक्रम दिखाया है। वीरों की इस धरती ने सदियों से जन्म लेते रहे सपूतों के दिलों में देशभक्ति की भावना को प्रवाहित किया हैं। वास्तव में यहां की धरती को यह वरदान सा प्राप्त होना प्रतीत होता है कि इस पर राष्ट्रभक्ति के कीर्तिमान स्थापित करने वाले लाडेसर ही जन्म लेते हैं। चाहे 1948 का पाकिस्तान का कबायली हमला हो या 1962 में चीन से युद्ध हो या 1965 व 1971 का भारत-पाकिस्तान युद्ध। यहां के वीरों ने मातृभमि की रक्षा हेतु सदैव अपना जीवन बलिदान किया हैं। सेना के तीनों अंगो की आन की रक्षा के लिए यहां के नौजवान सैनिकों के उत्सर्ग को राष्ट्र कभी भुला नही सकता है। राजस्थान में झुंझुनू जिले के नवयुवकों में सेना में भर्ती होने की बहुत पुरानी परम्परा रही है। यहां के गांवों में घर-घर में सैनिक होता है। सेना के प्रति यहां के लगाव के कारण अंग्रेजों ने यहां एक सैनिक छावनी की स्थापना कर शेखावाटी ब्रिगेड का गठन किया था। देश रक्षा के लिए सेना में शहादत देना राजस्थान की परम्परा रही है। झुंझुनू जिले के वीर जवानों को उनके शौर्यपूर्ण कारनामों के लिये समय-समय पर भारत सरकार द्वारा विभिन्न अलंकरणों से नवाजा जाता रहा है। अब तक इस जिले के कुल 130 से अधिक सैनिकों को वीरता पुरस्कार से नवाजा जा चुका है। जो पूरे देश में किसी एक जिले के सर्वाधिक संख्या है। भारतीय सेना में योगदान के लिए झुंझुनू जिले का देश में अव्वल नम्बर हैं। वर्तमान में इस जिले के 55 हजार जवान सेना में कार्यरत हैं। वहीं जिले में करीबन 60 हजार भूतपूर्व सैनिक व अर्धसैनिक बलों के जवान हैं। आजादी के बाद भारतीय सेना की ओर से राष्ट्र की सीमा की रक्षा करते हुए यहां के 486 जवान शहीद हो चुके हैं। जो पूरे देश में किसी एक जिले से सर्वाधिक है।

कारगिल युद्ध के दौरान पूरे देश में 527 जवान शहीद हुए थे जिनमें यहां के 19 सैनिक शामिल थे। जो पूरे देश में किसी एक जिले से शहादत देने वालों में सर्वाधिक जवान थे। झुंझुनू जिले से अब तक 486 से अधिक सैनिक जवान सीमा पर शहीद हो चुके हैं। यहां के गांवों में लोकदेवताओं की तरह पूजे जाने वाले शहीदों के स्मारक इस परम्परा के प्रतीक हैं। इस जिले के वीरों ने बहादुरी का जो इतिहास रचा है उसी का परिणाम है कि भारतीय सैन्य बल में उच्च पदों पर सम्पूर्ण राजस्थान की ओर से झुंझुनू जिले का ही वर्चस्व रहा है। इस क्षेत्र के सैनिकों ने भारतीय सेना में रहकर विभिन्न युद्धों में बहादुरी एवं शौर्य की बदौलत जो वीरता पदक प्राप्त किए हैं वे किसी भी एक जिले के लिये प्रतिष्ठा एवं गौरव का विषय हो सकता हैं। सीमा युद्ध के अलावा जिले के बहादुर सैनिकों ने देश मे आंतरिक शान्ति स्थापित करने में भी सदैव विशेष भूमिका निभाई हैं। सीमा संघर्ष एवं नागा होस्टीलीटीज हो या आपरेशन ब्लूस्टार या श्रीलंका सरकार की मदद हेतु किए गए आपरेशन पवन अथवा कश्मीर में चलाया गया आतंकवादी अभियान रक्षक या कारगिल युद्ध- सभी अभियानों में यहां के सैनिकों ने शहादत देकर जिले का मान बढ़ाया है।

झुंझुनू जिले के हवलदार मेजर पीरूसिंह शेखावत को 1948 के युद्ध में वीरता के लिए देश का सर्वोच्च सैनिक सम्मान परमवीर चक्र से सम्मानित किया जा चुका है। परमवीर चक्र पाने वाले पीरूसिंह शेखावत देश के दूसरे व राजस्थान के पहले सैनिक थे। यहां के सैनिकों ने द्वितीय विश्व युद्ध में भी बढ़-चढ़ कर भाग लिया था। आज भी यहां द्वितीय विश्व युद्ध के पूर्व सैनिकों की विधवाओं को सरकार से पेंशन मिल रही है। यहां के जवानों ने सेना के सर्वोच्च पदों तक पहुंच कर अपनी प्रतीभा का प्रदर्शन किया है। इस जिले के चित्तोसा गांव के एडमिरल विजय सिंह शेखावत भारतीय नौसेना के अध्यक्ष रह चुके है। वहीं स्व. कुन्दन सिंह शेखावत थल सेना में लेफ्टिनेन्ट जनरल व भारत सरकार के रक्षा सचिव रह चुके हैं। जे.पी.नेहरा, सत्यपाल कटेवा, लेफ्टिनेंट जनरल केके रेप्सवाल सेना में लेफ्टिनेन्ट जनरल पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। लेफ्टिनेंट जनरल बसंत कुमार रेप्सवाल सेना सेवा कोर में कार्यरत हैं। इसके अलावा यहां के काफी लोग सेना में मेजर जनरल, ब्रिगेडियर, कर्नल, मेजर सहित अन्य महत्वपूर्ण पदों पर हैं।

# हिंदू समाज को संगठित करना हमारा मुख्य उद्देश्यः बजरंग दल

खबर मन्त्र संवाददाता

**पदमा।** विहिप, बजरंग दल पद्मा का एकदिवसीय प्रशिक्षण वर्ग पदमा के रोमी पंचायत भवन में संपन्न हुआ। बैठक में बजरंग दल जिला संयोजक प्रशांत सिंह एवं जिला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर साहू मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक संगठन के द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण वर्ग के निमित किया गया। जिसमें विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के साथ-साथ मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी एवं एकल परिवार की आचार्य बहने उपस्थित थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता एवं संचालन प्रखंड मंत्री ऋषिकेश मेहता ने किया। जिला संयोजक प्रशांत सिंह ने कहा कि बजरंग दल का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित कर हिंदू सभ्यता संस्कृति की रक्षा करने हेतु हिंदू नौजवान अखाड़ा में बुलाकर उन्हें शारीरिक एवं मानसिक रुप से मर चुका है। वर्तमान में पूरे देश भर में जिस प्रकार अत्याचार हो रहा है, हिंदुओं की आस्था एवं उनके आबरू के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश की जा रही है। इसकी रक्षा और सुरक्षा अब हिंदू समाज को खुद करना होगा। अपने समाज को स्वालंबी एवं मजबूत बनाने की जिम्मेदारी हिंदू नौजवानों को स्वयं लेना होगा। नहीं तो अपनी पूर्वजों की धरती पर भी हम प्रवासी जीवन जीने के लिए मजबूर हो जाएंगे। साथ ही साथ तीन अगस्त को जिला केंद्र पर होने वाले विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कार्यकर्ता सम्मान समारोह में आने की सबों से आग्रह किया। जिला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर साहू ने कार्यकर्ताओं को बैठक पद्धति अभ्यास कराया एवं संगठन के आगामी कार्यक्रम जैसे विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस वृक्षारोपण, भारत संकल्प दिवस एवं साहसिक यात्रा बूढ़ा अमरनाथ चट्टानी जम्मू कश्मीर के बारे में जानकारी दी। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहे बजरंग दल जिला संयोजक प्रशांत सिंह, विहिप प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता प्रखंड मंत्री ऋषिकेश मेहता प्रखंड उपाध्यक्ष कुलदीप रविदास, प्रदीप मेहता, प्रखंड गौ रक्षा प्रमुख संजय मेहता, एकल सचिव मनोज गुप्ता, प्रखंड संयोजक पंकज मेहता, विशाल सोनी रोहित मेहता विक्रम मेहता, शंभू मेहता, संच प्रमुख सरिता दीदी, ममता देवी सुनीता देवी सोनी कुमारी सुभाष मेहता विकास मेहता उज्जवला पांडे नकुल मेहता दीपक मेहता इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## समाज को मजबूत बनायें नौजवान : प्रशांत सिंह



## स्पीड न्यूज

### मोर्चा ने पीएम का फूंका पुतला



भुरकुंडा (रामगढ़)। ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ट्रेड यूनियन झारखंड राज्य कमेटी के आह्वान पर गुरूवार को बिरसा चौक भुरकुंडा पीएम नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका। कोल माइंस वर्कर्स यूनियन बरका-सयाल क्षेत्रीय कमेटी ऑल इंडिया झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा ने कोयला उद्योग को निजीकरण वापस लो, चार श्रम कोड काला कानून वापस लो, भारतीय अपराधिक प्राधिकरण संहिता तीनों काला कानून वापस लो, बढ़ती महंगाई पर रोक लगाओ, बेरोजगारों को रोजगार दो आदि का नारा बुलंद करते हुए आम बजट का विरोध किया गया। पुतला दहन में डॉ. आशीष कुमार, नरेश नायक, राहुल सिंह, मधु बाउरी, आर यादव, बंटी कुमार, चेतलाल नायक, नकुल प्रसाद, सोमरा मुंडा, सुमित कुमार, बलराम नायक आदि मौजूद थे।

### भुरकुंडा से देवघर गये कई कांवड़िये



भुरकुंडा (रामगढ़)। इस वर्ष भी पंचायत कोतो के मुखिया निधि सिंह व जय प्रकाश सिंह ननकी के नेतृत्व में गुरूवार को मतकमा चौक भुरकुंडा से कांवड़ियों का जत्था देवघर बाबा धाम के लिए रवाना हुए। इससे पूर्व शिव भक्तों ने पंचायत के ऐतिहासिक काली मंदिर व न्यू मार्केट शिव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की। इस दौरान ऊ नमः शिवाय, हर हर महादेव, बोल बम सहित आराध्य देवी-देवताओं के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। देवघर के लिए रवाना होने वालो में अमर सिंह, भीम सिंह, गोविंद कुमार, मुकेश महतो, तुषार मिश्रा, प्रिन्स कुमार, भीम सिंह, राजेश सिन्हा, अंकित सिंह, धर्मेंद्र शर्मा, मन्नु कुमार, मनबोध महली, सहित भारी संख्या में महिला-पुरूष शामिल थे।

### राधाकृष्णन कॉलेज में पौधरोपण



रजरप्पा। डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सुकरीगढ़ा, लारी में गुरूवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वधान में डॉ. एस. राधाकृष्ण शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एव केबी +2 उच्च विद्यालय लारी में प्रबंधन समिति के सचिव संजय कुमार प्रभाकर ने काजू का वृक्ष लगाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के लिए पेड़ लगाकर हमें अपने जीवन का रक्षा करना चाहिए। मौके पर सहायक प्राध्यापक रंजू वंदना होरो, संजू रंजना होरो, मो. परवेज अख्तर एवं डीएलएड के प्रभारी विभागाध्यक्ष सुप्रिया बर्मन, व्याख्याता मुरारी दूबे, बीएड एवं डीएलएड के सभी प्रशिक्षु उपस्थित थे।

### एजेकेएसएस ने जीएम को सौंपा ज्ञापन



कुजू। 17 सूत्री मांग को लेकर गुरूवार को अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ ने जीएम नाम के एसओपी गिरीशचंद्र को पत्र सौंपा। आजसू मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो व सचिव रामभजनलाल महतो शामिल हुए। दिए गए मांग पत्र में तोपा, करमा, पुंडी, सारूबेडा, आरा व कुजू कोलियरी के रैयतो को नौकरी व मुआवजा देते हुए घर खाली किए रैयतो का प्रमाण पत्र देने, तोपा व करमा में संडे, पीएचड़ी में बढ़ोतरी करने, करमा व कुजू न्यू साईडिंग में मोटरसाइकिल एवं मजदूरों का रेस्ट शेल्टर बनाने, करमा में ग्रामीण रोड से हाजिरी घर जाने के लिए मजदूरों का अलग स्टेशन जाने का रास्ता बनाने, करमा परियोजना के पीट ऑफिस में शौचालय का निर्माण तथा आवास कमी को दूर करने, लोकसभा चुनाव में गए कर्मचारियों का संडे हाजिरी देने की मांग की। संघ के सदस्यों ने 15 दिनों के अंदर वार्ता कर निराकरण करने की बात कही। अन्यथा बाध्य होकर संगठन की ओर से कार्य ठप कर दिया जाएगा। जिसकी सारी जवाबदेही प्रबंधन की होगी। मौके पर तेजनाथ महतो, शशि कुमार, रोहित रंजन, दुबराज महतो, जीतन महतो, रामकुमार, कार्तिक राम, राजेश कुमार शामिल थे।

### जदयू ने की विस चुनाव की समीक्षा



**कुजू।** विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर जदयू ने गुरूवार को आरा उत्तरी पंचायत सचिवालय में समीक्षा बैठक की।इसकी अध्यक्षता मांडू प्रखंड अध्यक्ष राधेश्याम महतो व संचालन रमेश राम ने किया। बैठक में मांडू विधानसभा प्रभारी दुष्यंत पटेल व प्रदेश महासचिव राजू महतो, जगदीश महतो, जिला प्रभारी मिथलेश कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू शामिल हुए। पटेल ने कहा कि इस बार मांडू विधानसभा से जदयू गठबंधन के तहत अपना उम्मीदवार उतारेगी। बैठक में एनडीए से दुष्यंत पटेल को मांडू विधानसभा से उम्मीदवार बनाने, मांडू प्रखंड के सभी पंचायतों कमिटि को मजबूत करने की चर्चा हुई। बैठक में मनोज राम, महेंद्र किशोर, बालेश्वर तूरी, सफीक अंसारी, रमेश राम, अकबर अंसारी, विनोद रजवार, भानू पटेल, सुनील विश्वकर्मा, बालगोविंद महतो, बाबूलाल महतो, विजय महतो, धनेश्वर महतो, मिठु महतो,हीरालाल महतो सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

### डीसी ने मतदाता सूची में अपने नाम की जांच की



**रामगढ़।** मतदाताओं को जागरूक करने तथा प्रत्येक मतदाता का नाम मतदाता सूची में अंकित करने को लेकर गुरुवार को संचालित नाम जांचों अभियान के तहत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय छत्तरमांडू में मतदान केंद्र संख्या 107 पर जाकर मतदाता सूची में अपने नाम की जांच की। साथ ही उन्होंने सभी से प्रत्येक निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने तथा मतदान केंद्र, वोटर हेल्पलाइन एप सहित अन्य माध्यमों से मतदाता सूची में अपने नाम की जांच करने की अपील की।

# मुखिया संघ का धरना चौथे भी दिन जारी



इचाक। प्रखंड सह अंचल में व्याप्त भ्रष्टाचार, अफसरों की मनमानी एवं मनरेगा में बीडीओ एवं सीओ की दखल अंदाजी से तंग होकर प्रखंड के 19 पंचायत के मुखिया का प्रखंड मुख्यालय के समक्ष अनिश्चित कालीन धरना चौथे दिन भी जारी रहा. अध्यक्षता मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सकेंद्र प्रसाद मेहता ने किया.मंच संचालन ओमप्रकाश मेहता ने किया। धरना का समर्थन देने गुरुवार को जेबीकेएसएस के नेता एवं कार्यकर्ता धरना स्थल पहुंचे एवं आंदोलन का समर्थन किया.जिप सदस्य रेणु देवी ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था में अधिकारियों के द्वारा पंचायत प्रतिनिधियों का अधिकार का हनन करना अनुचित है.भ्रष्टाचार चरम पर है उपायुक्त को सूचना देने के बाद भी सार्थक पहल नहीं किया जाना दुर्भाग्य पूर्ण है. जेबीकेएसएस नेता रविशंकर यादव ने कहा बीडीओ सीओ की मनमानी नहीं चलेगी.आचरण एवं कार्यशैली में सुधार नहीं होता है तो हमारा संगठन उग्र आंदोलन कर जनता के हित में कार्य करेगा.जेबीकेसेस के संगठन मंत्री महेन्द्र प्रसाद ने कहा कि हम कोई नेतागिरी करने नहीं आया हुं मैं क्रांति कारी हुं, बीडीओ सीओ अपने कार्यशैली में सुधार करें नहीं तो इचाक की धरती पर जल्द ही टाईगर जयराम महतो का आगमन होगा ,और भ्रष्टाचार पदाधिकारी को घेरने का काम करेंगे । वहीं उदय मेहता ने कहा की मुखिया जी की मांग जायज है और इनको पंचायत से सभी कार्य करना होगा ।उपप्रमुख सत्येंद्र कुमार ने कहा कि बीडीओ का ट्रांसफर होना समस्या का समाधान नहीं बल्कि कुव्यवस्था में सुधार लाना है। जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता ने कहा कि जब तक मनरेगा के सारे कार्य पंचायत सचिवालय में नहीं किया जाता तो मुखिया संघ का आंदोलन जारी रहेगा। धरना को कांग्रेस नेत्री रेणु कुमारी, युवा नेता गौतम कुमार,प्रमुख प्रतिनिधि सिकंदर दास, मुखिया सुनीता देवी, मीना देवी, पत्रकार अनिल कुमार, पूर्व मुखिया इंद्रदेव मेहता, मंजू देवी ने भी संबोधित किया. धरना में मुखिया मोदी मेहता ,उमेश प्रसाद ,निशु कुमारी,संगीता देवी,काजल देवी ,अशोक राम, सिकंदर राम, सीता देवी, सिकंदर राम,सुनीता देवी, नंदकिशोर मेहता, बीना मेहता,किरण मेहता , संगीता देवी, कुशलचंद मेहता, विजय राम समेत अन्य मौजूद थे।

### बरही में ओबीसी कांग्रेस की महापंचायत छह अगस्त को

**बरही।** जिला ओबीसी कांग्रेस के तत्वावधान में 6 अगस्त को बरही टाउन हॉल में ओबीसी कांग्रेस महापंचायत होगा,। स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता, ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अभिलाष साहू, विधायक उमाशंकर अकेला, बडकागांव विधायक अंबा प्रसाद एवं मांडू विधायक जेपी भाई पटेल, हिंदू बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक, गौ सेवा आयोग बोर्ड के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, ओबीसी बोर्ड के सदस्य केशव महतो कमलेश होंगे। आज हजारीबाग परिसदन भवन में ओबीसी कांग्रेस प्रदेश कोडिंटर सुरजीत सुरजीत नागवाला, रीतलाल मंडल, प्रदेश ओबीसी प्रवक्ता डॉ प्रकाश कुमार, प्रदेश सचिव रेणु कुमारी, जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी गई। गुप्ता ने बताया कि यह कार्यक्रम कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अभिलाष साहू के निर्देश पर आयोजित किया जा रहा है।

### सीसीएल अधिकारी पर घर का मुआवजा दिए बिना तोड़ने का आरोप

**कुजू।** घर का मुआवजा दिए बिना घर तोड़ने का आरोप लगाते हुए सीसीएल के अधिकारी पर आरोप लगाते हुए बनवार निवासी मो सज्जाद अंसारी ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ को आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि बनवार स्थित उनके 18 एकड़ 57 डिसमिल में अवस्थित मकान बाउंड्री और पशु के लिए गोहाल घर पेड़ आदि था। तोपा परियोजना पदाधिकारी और खान प्रबंधक द्वारा नौकरी देने के नाम पर घर के बदले रहने के लिए क्वार्टर दिए और घर का मुआवजा अन्य मुआवजा मिलने के बाद ही घर हटाने की बात कहे थे। परंतु एक सोची समझी साजिश के तहत बिना नौकरी मुआवजा दिए ही घर को तोड़ने का साजिश रचा जा रहा है। खिड़की, दरवाजा, शेड इत्यादि तोड़ दिया गया है। घर को पूर्ण रूप से तोड़ कर साक्ष्य मिटाने की साजिश कर रहे हैं। वहीं जमीन के बदले नौकरी का मुआवजा से संबंधित जानकारी मांगने पर सीसीएल किसी प्रकार की जानकारी नहीं दे रही है। उन्होंने उपायुक्त को दिए आवेदन में भूमि पर तोपा परियोजना पदाधिकारी और सेल स्टीयरिंग कमिटी द्वारा पैसे के बल पर मजिस्ट्रेट बहाल कर उनके पैतृक आवास ने की साजिश रची जा रही है।

## अनमोल बचपन प्ले स्कूल में पेंटिंग व वाद-विवाद प्रतियोगिता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा पटेल नगर स्थित एसएससी कैंपस में अनमोल बचपन प्ले स्कूल के द्वारा सावन माह के अवसर पर गुरूवार को पर्यावरण की सुरक्षा को लेकर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने हरियाली का संदेश दिया। इस कड़ी में नन्हे-मुनने बच्चो द्वारा गमले में विभिन्न तरह के फूल व पौधे लगाकर लोगों को भी पौधारोपण के प्रति प्रेरित किया गया। मौके पर संस्था के सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों के साथ पौधारोपण कर इसे सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। साथ ही जीवन में पेड़-पौधो का कितना महत्व इस पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया। शिक्षकों ने कहा कि एक पेड़ सौ पुत्र के समान होते हैं इसलिए सबों को अपने जीवन काल में कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। इस दौरान बच्चों को जन्मदिन के अवसर पर स्कूल में या अपने घर में एक पौधा आवश्यक रूप से लगाने की अपील की गई। साथ ही पॉलिथीन बैग के इस्तेमाल से बचने और प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने की बात कही गई। निदेशक अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य नन्हे-मुन्ने बच्चों को पर्यावरण के बारे में जागरूक करना और उन्हें अभी से ही प्लास्टिक और पॉलिथीन का इस्तेमाल नहीं करने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनो से बच्चों में मानसिक विकास के साथ-साथ पर्यावरण कि परिपक्वता भी आती है। श्री सिंह ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी मानव जीवन भी सुरक्षित रह सकेगा। पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने के लिए पर्यावरण से संबंधित पेंटिंग और वाद-विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। बच्चों को अपने घर, स्कूल सहित आसपास के क्षेत्र को साफ-सुथरा रखने का संदेश दिया गया।

### बिजुलिया तलाब के सौंदर्यीकरण का विधायक ने किया शिलान्यास



**रामगढ़।** सीएसआर फंड के तहत बुधवार को बिजुलिया तालाब के सौंदर्यीकरणका शिलान्यास किया गया। इस दौरान पुजारी धीरज परासर ने मुख्य विधायक सुनीता चौधरी के हाथों विधि पूर्वक शिलान्यास कार्य संपन्न करवाया। सुनीता चौधरी ने कहा कि रामगढ़ के धरोहर बिजुलिया तालाब जहां पर बड़ी की संख्या में छठवर्ती पूजा करने आते हैं। उसका सुंदरीकरण हो जाने से उन्हें सुविधा होगी। बच्चों को मनोरंजन का का माहौल मिलेगा और वे बोटिंग की आनंद भी ले सकेंगे। क्षेत्र के लोग मॉर्निंग वॉक, इवनिंग वॉक में यहां का आनंद ले सकेंगे । मौके पर जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो, बिमल बुधिया, नगर अध्यक्ष अरूण अग्रवाल, सचिव नीरज मंडल, कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप वर्मा, जिला उपाध्यक्ष संजय बनारसी, धर्मेंद्र साव भोपाली, बिट्टू सिंह चंडोक, जनार्दन पासवान, पंकज दांगी, बीजेपी जिला महामंत्री छोटन सिंह, प्रो संजय सिंह, अनुपमा सिंह, मीरा देवी, रोहित सोनी, अनिल श्रीवास्तव, संजय कुशवाहा, नंदू महतो, सुभाष कुमार, संवेदक संदीप चोपड़ा, मनीष चोपड़ा , अशोक कुमार, संदीप महतो सहित कई लोग मौजूद थे ।

# पदमा सीएचसी का उद्घाटन स्वास्थ्य मंत्री करेंगे

▸▸ डॉक्टरों की कमी की जानकारी मंत्री दी जायेगी : मनोज यादव



**बरही।** बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने होटल श्री परिवार में प्रेस वार्ता कर पदमा सीएचसी के उद्घाटन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता करेंगे उद्घाटन। इस अवसर पर उनके द्वारा मंत्री को ज्ञापन देकर बरही विधानसभा के वर्तमान हालात से अवगत कराया जायेगा। प्रेस वार्ता में ज्ञापन की जानकारी देते हुए मनोज यादव ने विधायक और जिप सदस्य पर जमकर हमला किया। पूर्व विधायक ने बरही को अवैध कारोबार का अड्डा बताते हुए चौपारण को इसका मुख्यालय बताया। तंजपूर्वक वर्तमान विधायक व उनके पुत्र को इस कंपनी का मालिक बताते हुए बाप बेटे की कंपनी का संज्ञा दिया। अफीम उत्पादन पर तंज कसते हुए चौपारण के जंगलों में काले सोने की खेती करने की बात कही गई। उन्होंने विधायक व उनके पुत्र पर अवैध बालू की ढुलाई कर पैसे उगाही का भी बात कही।जिसके वजह से 1500 रुपए की बालू 5000 रुपए में बेचे जाने की बात कही।उन्होंने यह भी कहा कि उद्घाटन समारोह में फोटो खिंचवाने और जनता को भरमाने वाले भाषण देने की बात कही। इस दौरान उन्होंने विधायक पर चुटकी लेते हुए विधायक को वैज्ञानिक भी बताया, जो बीते लोकसभा चुनाव के दौरान अपने भाषण के दौरान पानी से विपक्ष को जलाने की बात कही थी। तंज करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान विधायक सदन में अध्यक्ष के आसन के सामने गिड़गिड़ाने की मुद्रा में ठेकेदार से योजनाओं का शिलान्यास नहीं करने की शिकायत कर रहे थे, जिसका उद्देश्य समझा जा सकता है। इसके साथ ही उन्होंने बरही अनुमंडलीय अस्पताल, गौरियाकरमा, पदमा, चौपारण और चंपाडीह सीएचसी में चिकित्सको की कमियों की भी ज्ञापन में उल्लेख किया है। जिसके तहत बरही अनुमंडलीय अस्पताल में 12 के स्थान पर मात्र दो स्थाई और दो डीएमएफटी चिकित्सक की बात बताई।उन्होंने अनुमंडलीय अस्पताल के लिए बच्चा रोग विशेषज्ञ और रेडियोलॉजिस्ट की मांग किया है। गौरियाकरमा के दो चिकित्सकों का देवघर मे पदस्थापित होने की बात बताई गई। जिससे गोरियाकरमा सीएचसी पूरी तरह चिकित्सक विहीन हो चुका है।

### खिसकती राजनीतिक जमीन से घबरा गईं हैं विधायक : विश्वरंजन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** आजसू पार्टी के पतरातू प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा ने गुरुवार को कहा कि अपनी राजनीतिक खिसकती जमीन से घबरा कर पर्दे के पीछे से नाकारात्मक राजनीति कर कई आदिवासी महिलाओं सहित अन्य लोगों पर झूठी प्राथमिकी दर्ज करवाई हैं। अगर किसी को मुझसे द्वेष था तो मुझपर केस करवाते निर्दोष लोगों ने क्या बिगाड़ा था। खुद सरना समाज के लोगों ने भी स्पष्ट किया है कि जिस साड़ी की बात हो रही है वो सरना साड़ी नहीं थी। जबरन द्वेषपूर्ण भावना से ग्रसित होकर की कार्रवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि हमलोग भगवान बिरसा मुंडा का अनुसशरण करने वाले लोग हैं।

## एक नजर में

### जेबीकेएसएस के प्रखंड अध्यक्ष बने गौरी कुशवाहा



**चौपारण ।** हजारीबाग जिला झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के चौपारण प्रखंड कमेटी गठन को लेकर बैठक हुई। सर्वसम्मती से प्रखण्ड के नये अध्यक्ष के रूप गौरी कुशवाहा, सचिव-श्याम कुमार दांगी, उपाध्यक्ष संतोष राणा को चुना गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सरयू साव और समाजसेवी भुनेश्वर यादव एवं कृष्णा यादव उपस्थित मौजूद रहे। गौरी कुशवाहा ने कहा कि जेबीकेएसएस संगठन को मजबूत करना और चौपारण प्रखंड में टाइगर जयराम महतो के विचारधारा को गांव-गांव घर घर पहुँचाने का काम करेगें।इस अवसर पर जेबीकेएसएस के सनिल साव, अजित कु दांगी, मनोज दांगी, लौकेश दांगी, धानेखर दांगी, मेघनाथ यादव, दिनेश प्रजापति, अरविन्द कुशवाहा, अनिल दास, कपुर देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### डिजिटल केंद्र का मुखिया ने किया उद्घाटन

बड़कागांव। ग्राम सांढ़ में डिजिटल सेवा केंद्र का उद्घाटन मुखिया सुलेखा कुमारी एवं पसस उपेन्द्र कुमार के द्वारा फीता काटकर संयुक्त रूप से किया गया। सुलेखा कुमारी ने कहा कि सीएससी केंद्र खोलने से ग्रामीणों को सुविधा मिलेगी सेवा केंद्र के प्रोपराइटर शालू रंजन ने बताया कि यहां फोटो स्टेट, आधार शुद्धिकरण, आवासीय, जाति, आय, जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, जमीन रसीद, रुपए का लेनदेन इत्यादि कार्य की सुविधा प्रदान की जाएगी। मौके पर पूर्व मुखिया कार्तिक महतो,उप मुखिया प्रतिनिधि पूरन महतो,मनोहर दांगी,प्रभु राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### झामुमो की बैठक में शामिल हुए संजीव बेदिया



**बड़कागांव।** झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति की बैठक सोहराई भवन रांची में आयोजित की गई,इसकी अध्यक्षता पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडे ने की। बैठक में झामुमो केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकताओं के साथ रांची में शामिल हुए। मौके पर पूर्व जिला नीलकंठ महतो,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह, जिला सोशल मीडिया प्रभारी संजय भुईयां,कोषाध्यक्ष इंद्रदेव राम, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां,सहित सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुए।

### मांडू : रजनीकांत ने भाजपा से मांगा टिकट



टटीझरिया। मांडू विधान सभा क्षेत्र के टाटीझरिया निवासी रजनी कांत चौधरी ने गुरुवार को टाटीझरिया भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता की ।उन्होंने कहा कि मैं पिछले 30 वर्षो से पार्टी में निःस्वार्थ समर्पण के रूप में सेवक निरंतर करते आ रहा हूं। श्री चौधरी ने कहा कि यदि पार्टी मुझे आगामी विधान सभा चुनाव में जिम्मेवारी देती है तो मैं आप सबों को विधायक के रूप में अपना सेवा देता रहूंगा।

### पुलिस ने वाहन के शीशे से हटाया काले फिल्म

बरही। बरही पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चन्द्रशेखर कुमार ने ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर लगातार प्रयास कर रहे है। इसी क्रम में गुरुवार को उन्होंने वैसे सभी चार पहिया वाहन से शीशा पर काले फिल्म लगाए गए थे, ऐसे सभी वाहन को थाना लाए और अपने सामने उसे हटवाया। उन्होंने बताया कि चार पहिया वाहनों के शीशा पूर्ण पारदर्शी होना चाहिए। जिससे उसके अंदर बैठे सवारी को बाहर से देखा जा सके। उन्होंने बताया कि काला शीशा का प्रयोग ट्रैफिक नियम के विरुद्ध है। उन्होंने सभी चार पहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन चालकों से ट्रैफिक नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाने की अपील की है।

### स्कूलों में प्रबंध समिति की गठन 27 को

**दारू।** सरकार के नियमानुसार सभी विद्यालयों में विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया था। इनमे राजकीय उच्च विद्यालय महेशरा, उत्क्रमित उच्च विद्यालय दिगवार, उत्क्रमित उच्च विद्यालय मेढकुरी व सरस्वती उच्च विद्यालय दारू शामिल है। जिला शिक्षा अधीक्षक सह अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने उक्त सभी विद्यालयों में विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन 27 जुलाई को कराने के लिए पत्र निर्गत कर दिया है। प्रत्येक विद्यालय में प्रबंधन समिति के पुनर्गठन के लिए पर्यवेक्षक को नियुक्त कर दिया है। राजकीय उच्च विद्यालय महेशरा में सहदेव प्रसाद, सीआरसी व शाबान अंसारी सहायक शिक्षक मध्य विद्यालय महेशरा, उत्क्रमित उच्च विद्यालय दिगवार में मुकुल प्रसाद सीआरसी व योगेंद्र प्रसाद सहायक शिक्षक मध्य विद्यालय कंजिया, उत्क्रमित उच्च विद्यालय मेढकुरी में सुशांत कुमार अकेला बीआरपी व नवीन कुमार मध्य विद्यालय जमुआ व सरस्वती उच्च विद्यालय दारू में गौतम पांडेय बीआरपी व मनोज कुमार सिन्हा सहायक शिक्षक मध्य विद्यालय बड़वार इरगा को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

### उत्क्रमित उच्च विद्यालय के छात्रों को मिला पुस्तक

दारू। उत्क्रमित विद्यालय तिउज पुनाई के विद्यार्थियों के बीच पुस्तक वितरण किया गया। पुस्तक वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंचायत के मुखिया रीना देवी व विशिष्ट अतिथि पंसस रीना कुमारी थे। विद्यालय के कक्षा 1 से लेकर कक्षा 10 तक के 621 छात्र छात्राओं को पुस्तक वितरण किया गया। मुखिया रीना देवी ने बच्चों से कहा कि इन सरकारी विद्यालय में हम जैसे गरीब व निम्न मध्यम के बच्चे पढ़ते है। आप सबो को पढ़ाई में किसी प्रकार की कमी न हो इसके लिए सरकार पुस्तक व ड्रेस तक निःशुल्क उपलब्ध कराती है। मौके पर विद्यायल के प्रभारी हेडमास्टर नितिन कुमार सिन्हा व शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

### जिला खेल अधिकारी ने मैदान का किया निरीक्षण

बरही। जिला खेल अधिकारी कैलाश राम ने प्रखंड मैदान बरही का निरीक्षण किया। उन्होंन बताया कि डीपीआर तैयार कर विभाग को भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि खेल विभाग से तीन पवेलियन, स्टेज, नया गोल पोस्ट, मैदान के किनारे चाहरदीवारी, घास लगाने के स्प्रिंकलर, डीप बोरिंग, वाटर वायरिंग बनना है और जीर्णोद्धार होगा। उन्होंने बताया कि पंचमाधव में जल्द अनुमंडल स्तरीय स्टेडियम पुनः जल्द बनेगा। इस दौरान जूनियर इंजीनियर मुकेश कुमार, प्रधान सहायक शेखर कुमार, बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी आदि उपस्थित थे।

### आजसू का कार्यकर्ता मिलन समारोह



**बड़कागांव।** पंचायत हरली के विश्वकर्मा मंदिर में आजसू का कार्यकर्ता मिलन समारोह हुआ, इसकी अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष श्यामलाल निराला एवं संचालन महिला मोर्चा कार्यकारी अध्यक्ष रिंकी देवी ने किया। महिला मोर्चा के प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष रिंकी देवी के नेतृत्व में कई महिलाएं आजसू पार्टी में शामिल हुए जिनमें से कलावती देवी, रूपा देवी, सुमित्रा कुमारी ,सरस्वती देवी, मंजू देवी ,गीता देवी, रूबी कुमारी, प्रतिभा देवी, गुड़िया कुमारी, मालती देवी, सरिता देवी ,टेकन देवी, पारो देवी ,सीता राम,अंजू देवी ,महेश महतो, नागेंद्र कुमार ,प्रदीप राम ,सुखदेव कुमार ,कृष्णा महतो ,चुरामन राणा सहित अन्य लोग हैं ।नागेश्वर दूरी ने कहा कि लोगों को आजसू पार्टी के प्रति विश्वास बढ़ रहा है और लोग पार्टी का दामन थाम रहे हैं। मौके पर गौतम वर्मा, कामेश्वर महतो, संदीप कुशवाहा, उपेंद्र महतो, गिरेंद्र प्रसाद, सुरेश गिरी,तुलेश्वर राम, सुरेश दांगी,वासुदेव कुमार , चुरामन राणा के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे ।




# भारतीय तीरंदाजी टीम ने पहले दिन बिखेरा जलवा

## धीरज बोम्मादेवरा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, महिलाओं के बाद पुरुष टीम भी क्वार्टरफाइनल में पहुंची








**एजेंसी**

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक की शुरूआत में अब कुछ ही घंटे बचे हैं। इससे पहले भारतीय तीरंदाज गुरुवार को रैंकिंग और क्वालिफाइंग राउंड के लिए लेस इनवालिडेस गार्डेंस में उतरे। दोपहर में महिलाओं के मुकाबले खेले गए, जिसमें भारतीय टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ क्वार्टरफाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया। वहीं, शाम को खेले गए पुरुषों के मैच में भी भारतीय तीरंदाजों ने दमदार प्रदर्शन किया और क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया। पुरुष तीरंदाज रैंकिंग और क्वालिफाइंग राउंड में तरुणदीप राय, धीरज बोम्मादेवरा और प्रवीण जाधव भारत की तरफ से उतरे। तीनों ने दमदार प्रदर्शन किया और भारत को क्वार्टरफाइनल में पहुंचा दिया। धीरज बोम्मादेवरा पुरुष रैंकिंग राउंड में चौथे स्थान पर रहे। भारत तीसरे स्थान पर रहा और क्वार्टरफाइनल में पहुंच गया। इस मुकाबले में तरुणदीप राय 14वें स्थान पर रहे। उनका स्कोर 674 है। वहीं, प्रवीण रमेश जाधव 658 के स्कोर के साथ 39वें स्थान पर रहे। कोरिया के किम वूजिन 686 के स्कोर के साथ पहले स्थान पर रहे जबकि उनके साथी किम जे देओक 682 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहे। वूजिन के नाम ओलंपिक रिकॉर्ड दर्ज है। उन्होंने रियो डी जेनेरियो ओलंपिक, 2016 में 700 के स्कोर के साथ ओलंपिक रिकॉर्ड बनाया था। वहीं, तीसरे पायदान पर जर्मनी के उनरुह फ्लोरियन रहे। उनका स्कोर 681 रहा। कोई भी पुरुष तीरंदाज अमेरिका के एलिसन ब्रेडी का रिकॉर्ड नहीं तोड़ सका। उन्होंने सात अगस्त 2019 को 702 के स्कोर के साथ विश्व रिकॉर्ड बनाया था।

- अंकिता 666 अंक से भारतीय महिला तीरंदाजों में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर रहीं
- भजन कौर 559 अंक से 22वें, दीपिका 658 अंक से 23वें स्थान पर रहीं

**एजेंसी**

**पेरिस।** भारतीय महिला तीरंदाजी टीम ने पेरिस ओलिंपिक 2024 से पहली खुशखबरी भेजी है। तीरंदाजों ने रिकर्व के क्वालिफिकेशन राउंड में भारत की तीनों तीरंदाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम इंडिया को सीधे क्वार्टर फाइनल में पहुंचा दिया है। भारत ने चौथा स्थान हासिल किया, जिससे महिला टीम वर्ग में मुख्य तीरंदाजी स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल के लिए सीधे क्वालीफाई कर लिया।अंकिता भक्त के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने तीरंदाजी पदक की तलाश में अपनी राह थोड़ी आसान कर ली है। अपने पहले ओलिंपिक में अंकिता भक्त ने क्या शानदार प्रदर्शन किया। वह महिला व्यक्तिगत स्पर्धा से पहले 11वीं वरीयता प्राप्त कर चुकी हैं। उन्होंने 666 स्कोर बनाया, जो उनका सीजन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी है। साथ ही 18 वर्षीय भजन कौर 22वीं वरीयता (659 स्कोर) पर रहीं, जबकि अनुभवी दीपिका कुमारी 23वीं वरीयता (658 स्कोर) पर रहीं।

### सेमीफाइनल में भारत का सामना दक्षिण कोरिया से हो सकता है

अगर भारत महिला टीम में अपना क्वार्टर फाइनल जीत जाती है तो तो उसका सामना मौजूदा चैंपियन दक्षिण कोरिया से हो सकता है। माना जा रहा है कि फ्रांस या नीदरलैंड्स से क्वार्टर फाइनल में भिड़ंत हो सकती है। हालांकि, असली टक्कर सेमीफाइनल में होगी। अगर भारतीय टीम सेमीफाइनल में पहुंचती है तो उसकी भिड़ंत साउथ कोरिया से होगी। दक्षिण कोरिया ने ओलिंपिक इतिहास में तीरंदाजी में 27 स्वर्ण पदक जीते हैं, जो किसी भी अन्य देश से 13 अधिक है। कोरियाई टीम ओलिंपिक में अपराजेय रही है, उसने तीन साल पहले तोक्यो में लगातार नौवां पदक जीता था।

### ये टीमें रहीं टॉप-4 में

टीम स्पर्धा में भारत ने 1983 अंक से चौथा स्थान हासिल किया जिसमें दक्षिण कोरिया 2046 अंक से शीर्ष पर रहा। चीन उपविजेता जबकि मेक्सिको तीसरे स्थान पर रहा। टीम तालिका में शीर्ष चार टीम सीधे क्वार्टरफाइनल के लिए क्वालीफाई करती हैं जबकि पांचवें से 12वें स्थान पर रहने वाली टीम राउंड 16 मुकाबले खेलेंगी। भारत का सामना क्वार्टरफाइनल में फ्रांस और नीदरलैंड के बीच मुकाबले के विजेता से होगा।

## लिम सिहयिओन का विश्व रिकॉर्ड




व्यक्तिगत वर्ग में कोरिया की लिम सिहयिओन ने 694 के विश्व रिकॉर्ड स्कोर से तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि उनकी हमवतन सुहियोन नाम 688 अंक से दूसरे स्थन पर रहीं। चीन की यांग जियाओलेई 673 अंक से तीसरे स्थान पर रहीं। दीपिका पहली बार मिश्रित टीम स्पर्धा में नहीं खेलेंगी क्योंकि अंकिता भारतीयों में शीर्ष पर रहीं। अंकिता पुरुष क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रहने वाले तीरंदाज के साथ मिश्रित टीम फाइनल्स में जोड़ी बनायेंगी। पुरुष क्वालीफायर दोपहर के सत्र में शुरू होंगे।

## ओलंपिक में चमकेगा 'सूरज', वॉक रेस में दिखाएगा दम

**देहरादून (उत्तराखंड)।** 26 जुलाई से पेरिस 2024 ओलंपिक की शुरूआत होने जा रही है। पेरिस ओलंपिक 2024 में उत्तराखंड के चार खिलाड़ी भी शामिल होने जा रहे हैं। इन खिलाड़ियों में शटलर लक्ष्य सेन, 5000 हजार मीटर दौड़ में अंकिता ध्यानी, वॉक रेस में परमजीत बिष्ट, वॉकिंग मिक्स्ड मैराथन में सूरज पंवार शामिल हैं। उत्तराखंड ओलंपिक एसोसिएशन के अनुसार इन चारों खिलाड़ियों में सूरज पंवार सबसे मेधावी खिलाड़ी हैं। सूरज से इस बार गोल्ड मेडल की उम्मीद की जा रही है। उत्तराखंड के चार खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक में करेंगे प्रतिभागः पेरिस में समर ओलंपिक का आगाज होने जा रहा है। भारत के एथलीट खिलाड़ियों में उत्तराखंड के चार खिलाड़ी शामिल हैं जो चार अलग-अलग विधाओं में महारत रखते हैं। सभी नेशनल प्लेयर हैं।उत्तराखंड ओलंपिक एसोसिएशन के अनुसार यह चारों खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक में प्रतिभा करने जा रहे हैं।

## खेलों के महाकुंभ ओलंपिक का आगाज, भारत का लक्ष्य दोहरे अंकों में पदक जीतकर इतिहास बनाना

**एजेंसी**

**पेरिस (फ्रांस)।** भारत 117 एथलीटों के दल के साथ पेरिस ओलंपिक में प्रवेश कर रहा है, खेल प्रशंसकों को उम्मीद है कि देश अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगा। कुछ एथलीट ओलंपिक में पहली बार खेलेंगे, जबकि कुछ दुनिया भर में सबसे बड़े खेल के महाकुंभ में आखिरी बार खेलेंगे। भारत ने टोक्यो में 7 पदक जीते, जिसमें नीरज चोपड़ा का 1 स्वर्ण पदक भी शामिल है। इस बार पदकों की संख्या दोगुनी करने की चाहत एथलीटों को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगी, लेकिन दोहरे अंकों में प्रवेश करना एक कठिन काम होगा क्योंकि केवल नीरज चोपड़ा ही पदक के लिए आश्वस्त दिख रहे हैं।

**दल पर एक नजर**

पेरिस में भारत के लिए पदक के सबसे प्रबल दावेदार नीरज चोपड़ा और रंकीरेड्डी सात्विकसाईराज तथा चिराग शेट्टी की बैडमिंटन जोड़ी होगी। भारत के दल में आधे से अधिक खिलाड़ी तीन खेलों से हैं -एथलेटिक्स (29), शूटिंग (21) और हॉकी (19). 69 एथलीटों में से 40 नए खिलाड़ी हैं। भारत का अभियान मुख्य रूप से एथलीटों द्वारा संचालित होगा क्योंकि वे भारतीय दल का एक बड़ा हिस्सा हैं। भारतीय दल में अनुभवी खिलाड़ी-दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु, अनुभवी टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना, टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल और हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश से अपने खेल में सुधार की उम्मीद की जाएगी।

## 15 अगस्त को होगी प्रो कबड्डी लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी

**मुंबई।** मुबंई में होने वाली प्रो कबड्डी लीग सीजन 11 के लिये खिलाड़ियों की नीलामी 15 और 16 अगस्त को होगी। लीग के आयोजक मशाल स्पोर्ट्स के मुताबिक नए सीजन के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 15 और 16 अगस्त को होगी। मशाल स्पोर्ट्स ने प्रो कबड्डी लीग सीजन 11 से पहले एक नया लोगो भी जारी किया है। लोगो में केसरिया और हरा रंग भारतीय तिरंगे का प्रतीक है और यह कबड्डी को देश के गौरवशाली खेल के रूप में दशार्ता है।

## कोएत्जी वेस्टइंडीज टेस्ट से बाहर

**पोर्ट ऑफ स्पेन।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएत्जी को साइड स्ट्रेन के कारण वेस्टइंडीज के साथ होने वाली आगामी टेस्ट सीरीज से बाहर कर दिया गया है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने गुरुवार बताया कि कोएत्जी सात अगस्त से शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज खेलने के लिए फिट नहीं हैं और उन्हें साइड स्ट्रेन की चोट कारण टीम से बाहर कर दिया गया है।

## फाइनल में पहुंचने से सिर्फ एक जीत दूर भारत

**एजेंसी**




**दांबुला।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार को यहां एशिया कप सेमीफाइनल में बांग्लादेश के खिलाफ जीत की प्रबल दावेदार के तौर पर मैदान में उतरेगी, जिसमें शेफाली वर्मा की निगाहें आक्रामक प्रदर्शन करने पर लगी होंगी जबकि स्मृति मंधाना भी बड़ा स्कोर बनाने के लिए बेताब होंगी। शेफाली ने अभी तक 158 रन बनाए हैं, जिससे वह टूनार्मेंट में दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं। निगार सुल्ताना की टीम के खिलाफ शेफाली को अच्छी शुरूआत करानी होगी क्योंकि विपक्षी टीम के पास धीमी गति के गेंदबाजों की भरमार है। कप्तान हरमनप्रीत कौर जानती हैं कि एशिया कप में सेमीफाइनल और फाइनल ही सबसे ज्यादा मायने रखते हैं। इसलिए बांग्लादेश की टीम टूनार्मेंट के इस चरण में खतरनाक टीम हो सकती है। भारत के लिए शुरूआत काफी अहम होगी इसलिए शेफाली चाहेंगी कि उनकी सीनियर सलामी जोड़ीदार मंधाना भी अच्छा प्रदर्शन करें। बाएं हाथ की यह खिलाड़ी पाकिस्तान के खिलाफ 45 रन की पारी के दौरान शानदार फॉर्म में थी। ग्रुप लीग चरण में भारतीय टीम यूएई और नेपाल से भिड़ी थी, जिनका गेंदबाजी आक्रमण इतना शानदार नहीं है, लेकिन अब उसे निश्चित रूप से बांग्लादेश की अच्छी धीमी गेंदबाजों से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। बाएं हाथ की स्पिनर नाहिदा अख्तर और युवा लेग स्पिनर राबिया खान दोनों ने पांच पांच विकेट लिए हैं। नाहिदा भारत के अनुभवी बल्लेबाजी लाइन अप पर दबाव बनाना चाहेंगी जबकि लेग ब्रेक गेंदबाज राबिया विकेट लेने की कोशिश करेंगी।मध्यम गति गेंदबाजी विभाग में अनुभवी जहांआरा आलम के साथ रितु मोनी शामिल हैं। भारत के लिए हरमनप्रीत, ऋचा घोष और जेमिमा रोड्रिग्स मध्यक्रम में हैं जबकि हरफनमौला दीप्ति शर्मा और पूजा वस्त्रकार उनका अच्छा साथ निभाएंगी। ऑफ स्पिनर दीप्ति ने अब तक तीन मैचों में आठ विकेट लेकर गेंद से अच्छा प्रदर्शन किया है। अगर राधा यादव से तुलना की जाए तो उनका 4.66 का इकॉनोमी रेट भी उतना ही प्रभावशाली रहा है। भारत की नई गेंद की जोड़ी रेणुका सिंह ठाकुर और पूजा वस्त्रकार ने शानदार प्रदर्शन किया है।

### दोनों टीम इस प्रकार है

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), ऋचा घोष, उमा छेत्री (विकेटकीपर), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, पूजा वस्त्राकर, अरुंधति रेड्डी, जेमिमा रोड्रिग्स, रेणुका ठाकुर, दयालन हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल, सजना सजीवन

**बांग्लादेश :** निगार सुल्ताना जोटी (कप्तान), शोर्णा अख्तर, नाहिदा अख्तर, मुर्शिदा खातून, शोरिफा खातून, रितु मोनी, रूबिया हैदर झेलिक, सुल्ताना खातून, जहांआरा आलम, दिलारा अख्तर, इश्मा तंजीम, राबिया खान, रुमाना अहमद, मारुफा अख्तर, सबिकुन नाहर जेस्मीन

## मरे ने पुरुष एकल टेनिस से नाम लिया वापस युगल स्पर्धा में खेलेंगे

**पेरिस।** ब्रिटेन के पूर्व विश्व नंबर 1 टेनिस खिलाड़ी एंडी मरे ने पेरिस ओलंपिक में पुरुष एकल स्पर्धा से नाम वापस ले लिया है। मरे ने बीते मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए पेरिस ओलंपिक के बाद संन्यास लेने का ऐलान किया था। मरे ने गुरुवार को पेरिस ओलंपिक की पुरुष एकल स्पर्धा से नाम वापस ले लिया है। हालांकि, डबल स्पर्धा में वह हिस्सा लेंगे। दो बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता, पुरुष युगल में डैन इवांस के साथ जोड़ी बनाएंगे, और अपने तीसरे ओलंपिक पदक के लिए शानदार शुरूआत करना चाहेंगे। अपने नाम वापस लेने की पुष्टि करते हुए मरे ने एक बयान में कहा, मैंने डैन के साथ युगल पर ध्यान केंद्रित करने के लिए एकल से नाम वापस लेने का फैसला किया है। उन्होंने आगे कहा, हमारा अभ्यास शानदार रहा है और हम साथ में अच्छा खेल रहे हैं। मैं वास्तव में शुरूआत करने और एक बार फिर जीबी का प्रतिनिधित्व करने के लिए उत्सुक हूं।

## बीसीसीआइ और आइपीएल टीम मालिकों की बैठक 31 को

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** बीसीसीआइ और सभी 10 आईपीएल फ्रेंचाइजी मालिकों के बीच बैठक 31 जुलाई को होगी जिसमें कई अहम फैसले सामने आ सकते हैं। आइपीएल 2025 मेगा नीलामी से पहले रिटेन करने वाली टीमों की संख्या और राइट टू मैच (आरटीएम) विकल्पों को लेकर महत्वपूर्ण फैसले होने हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार-आइपीएल के सीईओ हेमांग अमीन ने 31 जुलाई की बैठक के लिए गुरुवार सुबह फ्रेंचाइजी मालिकों को संदेश भेज दिया है। माना जाता है कि अमीन ने यह भी संकेत दिया है कि बैठक 31 जुलाई को दोपहर या शाम को होगी। ऐसा माना जाता है कि सभी मालिकों ने बैठक के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि की है। हालांकि स्थल की पुष्टि नहीं है लेकिन उम्मीद है कि यह समागम मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम परिसर में स्थित बीसीसीआइ मुख्यालय क्रिकेट सेंटर में होगा। आइपीएल 2018 मेगा नीलामी के लिए फ्रेंचाइजी को अधिकतम 5 खिलाड़ियों-नीलामी से 3 और राइट टू मैच कार्ड से दो खिलाड़ी बनाए रखने की अनुमति दी गई थी। लेकिन 2022 में दो नई टीमों-गुजरात टाइटंस और लखनऊ-की शुरूआत के परिणामस्वरूप मौजूदा टीमों को 4 खिलाड़ियों को बनाए रखने की अनुमति दी गई, जिसमें कोई आरटीएम कार्ड शामिल नहीं था। रिपोर्ट में कहा गया है कि बीसीसीआइ द्वारा रिटेंशन की संख्या 5 या 6 रखी जा सकती है। प्रतिधारण सीमित करने के पीछे तर्क यह है कि अधिक संख्या नीलामी के उत्साह को कम कर सकती है। यदि प्रत्येक टीम अधिकतम 8 खिलाड़ियों को बरकरार रखती है, तो दुनिया भर और भारत के शीर्ष 80 खिलाड़ी नीलामी से बाहर हो जाएंगे, जिससे पूरी नीलामी प्रक्रिया फीकी हो जाएगी।

## नागल के लिए मुश्किल ड्रॉ, दूसरे राउंड में हो सकती है जोकोविच और नडाल की भिड़ंत

**एजेंसी**




**पेरिस (फ्रांस)।** शीर्ष वरीयता प्राप्त नोवाक जोकोविच पेरिस ओलंपिक टेनिस टूनार्मेंट के दूसरे राउंड में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी राफेल नडाल से भिड़ सकते हैं। जोकोविच का मुकाबला गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन से हुआ और नडाल का सामना हंगरी के मार्टन फुकसोविक्स से हुआ, इन मैचों के विजेता राउंड 2 में भिड़ेंगे। सुमित नागल पहले दौर में स्थानीय उम्मीद कोरेंटिन मौटेट से भिड़ेंगे, जबकि अनुभवी रोहन बोपन्ना और उनके जोड़ीदार श्रीराम बालाजी का मुकाबला फ्रांसीसी टीम - फैबियन रेबोल और एडौर्ड रोजर-वेसलिन से होगा.38 वर्षीय नडाल ने फ्रेंच ओपन में अपने 22 प्रमुख ट्रॉफियों में से रिकॉर्ड 14 जीते। उन्होंने 2008 में बीजिंग में एकल में और 2016 में रियो डी जेनेरियो में मार्क लोपेज के साथ युगल में स्वर्ण पदक जीता। नडाल ने ड्रॉ के बाद मंच पर कहा, जैसा कि सभी जानते हैं, रोलैंड गैरोस मेरे लिए टेनिस में सबसे खास जगह है। मैं इस तथ्य का आनंद ले रहा हूं कि मैं ओलंपिक के लिए वापस आ गया हूं। मैं बस हर एक पल का आनंद लेने की कोशिश कर रहा हूं। फ्रेंच ओपन चैंपियन कार्लोस अल्काराज का मुकाबला लेबनानी खिलाड़ी हैडी हबीब से होगा। महिलाओं के ड्रॉ के पहले दौर में पोलैंड की शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियाटेक का सामना रोमानिया की इरिना-कैमेलिया बेगू से होगा, जबकि दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिकी कोको गॉफ का सामना ऑस्ट्रेलिया की अजला टॉमलजानोविक से होगा। गौफ मौजूदा यूएस ओपन चैंपियन हैं और ओलंपिक में पदार्पण कर रही हैं। वह शुक्रवार के उद्घाटन समारोह में बास्केटबॉल स्टार लेब्रोन जेम्स के साथ यूएस टीम की ध्वजवाहक हैं। वह यूएस ध्वज लेकर चलने वाली पहली टेनिस खिलाड़ी होंगी। जोकोविच और स्वियाटेक ने ओलंपिक स्वर्ण नहीं जीता है।

## तीन बार की मेजर चैंपियन कर्बर ओलंपिक के बाद संन्यास लेंगी

**पेरिस।** तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन एंजेलिक कर्बर ने गुरुवार के घोषणा की कि वह पेरिस ओलंपिक में खेलने के बाद संन्यास ले लेंगी। जर्मनी की इस 36 साल की खिलाड़ी ने रोलां गैरो में फ्रेंच ओपन को छोड़कर सभी ग्रैंडस्लैम खिताब जीते हैं और वह लाल बजरी पर पेरिस ओलंपिक खेलने के बाद ही खेल को अलविदा कर देंगी। पेरिस ओलंपिक में वह शुरूआती दौर में जापान की चार बार की मेजर विजेता नाओमी ओसाका से भिड़ेंगी। कर्बर ने 'इंस्टाग्राम' पर पोस्ट किया- ओलंपिक खेल शुरू होने से पहले मैं कह सकती हूं कि मैं कभी भी पेरिस 2024 को नहीं भूल पाऊंगी क्योंकि बतौर टेनिस खिलाड़ी ये मेरा अंतिम पेशेवर टूनार्मेंट होगा। कर्बर ने 2016 में आस्ट्रेलियाई ओपन और अमेरिकी ओपन जीता है जिसके बाद वह रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंची थीं। दो साल बाद उन्होंने विम्बलडन ग्रैंडस्लैम अपने नाम किया।

## 26वां सीआईएससीई क्षेत्रीय बास्केटबॉल टूर्नामेंट संपन्न

**खेल संवाददाता**





**रांची।** 26वें सीआईएससीई क्षेत्रीय बास्केटबॉल टूर्नामेंट का समापन गुरूवार को बिशप वेस्टकॉट गर्ल्स स्कूल, नामकोम में हुआ। दो दिन तक चले इस प्रतियोगिता में छह जोन की लड़कियों की टीम ने भाग लिया। रांची जोन, पटना जोन, भागलपुर जोन, देवघर जोन, धनबाद जोन और जमशेदपुर जोन। टूर्नामेंट 3 श्रेणियों अंडर 14, अंडर 17 और अंडर 19 में खेला गया। प्रतिभागियों ने बिशप वेस्टकॉट गर्ल्स स्कूल, नामकोम के अत्याधुनिक कोर्ट पर अपने कौशल और खेल कौशल का प्रदर्शन किया, जिससे काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) से संबद्ध स्कूलों के बीच सौहार्द्रपूर्ण और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के लिए एक मंच प्रदान किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि उद्घाटन समारोह के रेफरेंस बीबी बास्केट छोटा नागपुर ड्रेस और समापन समारोह के जोशी टीडी अध्यक्ष एएसआईएससी बिहार झारखंड रीजन मौजूद थे। इस मौके पर प्राचार्य जेजे एडवीन, प्राचार्या मिस जैकब, प्राचार्या जे एडवीन सहित अन्य स्कूल के प्राचार्या मौजूद थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# बॉक्स क्रिकेट और बॉक्स फुटबॉल का कुणाल षाडंगी ने किया उद्घाटन

■ बंजारा रेस्तंरा व तमाशा पब में खाने-पीने के साथ लीजिये क्रिकेट और फुटबॉल का आनंद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जशेदपुर।** मेरिन ड्राइव बिन्दल मॉल स्थित बंजारा रेस्तंरा एवं तमाशा पब का टर्फ एंड कैफे (बॉक्स क्रिकेट एवं बॉक्स फुटबॉल) का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व भारतीय एवं आईपीएल क्रिकेटर सौरभ तिवारी एवं विशिष्ट अतिथियों पूर्व विधायक एवं समाजसेवी कुणाल षाडंगी, पूर्व जेसीए सचिव राजेश वर्मा, चौम्बर ऑफ कॉमर्स के मानद महासचिव मानव केडिया के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया।

उक्त उद्घाटन के अवसर पर अतिथियों ने संयुक्त रूप से कहा कि मेट्रो शहरों के तर्ज पर बनाये गये झारखंड में पहली बार इस तरह के टर्फ (बॉक्स क्रिकेट एवं फुटबॉल) को काफी अच्छा रिस्पांस मिलेगा। आज के भाग दौड़ की जिंदगी में लोग बच्चों के लिए कम समय निकाल पाते हैं। इस टर्फ पर न केवल बच्चे बल्कि सभी वर्ग के व्यक्तियों के लिए खासकर कॉपोरेंट मैच एवं किसी संस्था द्वारा भी मैच का आयोजन प्री बुकिंग कर आयोजित की जा सकती है। इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह पूर्ण रूप से सुरक्षित टर्फ है। साथ ही बच्चे मोबाईल एवं इंटरनेट पर ही अपना मानोरंजन करते हैं जिससे खेल कुद के अभाव में उनकी शारिरिक श्रम नहीं हो पाता है, परन्तु इस तरह के टर्फ पर बच्चे कम समय के लिए ही लेकिन वे थोड़ा शारिरिक श्रम करते हुए अपना मनोरंजन भी कर सकते हैं।

बंजारा और तमाशा के संचालक राहुल भालोटिया, देवेन्द्र पुरोहित एवं मोहित चौधरी ने संयुक्त रूप से कहा कि यह क्रिकेट एवं फुटबॉल टर्फ एण्ड कैफे जहाँ कम बच्चे भी खेल सकते हैं। जहाँ चारों तरफ से लोहे की जालीदार फैन्सिंग की गयी है जो पूर्ण रूप से सुरक्षित है जहाँ खेलते हुए लजीज ब्रेकफास्ट, फुडिंग आदि भी उपलब्ध होंगे। ज्ञात रहे कि मेट्रो शहरों में इस तरह के फुटबॉल एवं क्रिकेट टर्फ काफी लोकप्रीय हो चुका है। जिसे सभी उम्र के लोग अलग से भी एक घंटे या उससे अधिक समय के लिए रिजर्व कर सकता है। एडवांस ग्राउंड बुकिंग की भी सुविधा उपलब्ध है।


टर्फ एंड कैफे का उद्घाटन करने के बाद क्रिकेट मैदान में संचालकों संग पूर्व विधायक कुणाल षाडंगी।

# एनवायरमेंटल क्लीयरेंस का कागज केंद्र को मिला, जल्द खुलेगी माइंस

■ सुरदा माइंस के एनवायरमेंट क्लीयरेंस के लिए वन एवं पर्यावरण मंत्री से मिले सांसद बिद्युतबरण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सांसद बिद्युत बरण महतो ने आज केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव से मुलाकात कर सुरदा माइंस के लिए एनवायरमेंट क्लीयरेंस यथाशीघ्र प्रदान करने का आग्रह किया।

उल्लेखनीय की 4 वर्षों से सूरदा माइन्स वन एवं पर्यावरण की स्वीकृति नहीं मिलने के कारण बंद पड़ी है। जिसके कारण मुसाबनी का कंसंट्रेटर संयंत्र भी बंद पड़ा है और हजारों की संख्या में मजदूर बेरोजगार हैं। आज सांसद श्री महतो ने इस बाबत केंद्रीय मंत्री श्री यादव को ज्ञापन सौंप कर इस संबंध में कहा कि सूरदा माइन्स के लिए फॉरेस्ट क्लीयरेंस दिया जा चुका है और जैसे ही एनवायरमेंट क्लीयरेंस मिल जाता है यह माइंस चालू हो जायेगी। वार्ता के क्रम में केंद्रीय मंत्री ने सांसद श्री महतो को सूचित किया इस संबंध में संबंधित कागजात राज्य सरकार के द्वारा अत्यंत विलंब से उनके मंत्रालय को प्राप्त हुआ है। उन्होंने सांसद श्री महतो को आश्वस्त किया कि अब इसमें बिल्कुल विलंब नहीं होगा और आवश्यक कार्रवाई करते हुए इसे यथाशीघ्र केंद्रीय सचिव के पास इसे प्रेषित करेंगे। सांसद श्री महतो ने इसके पश्चात वन एवं पर्यावरण विभाग केन्द्रीय सचिव लीना नंदन से भी मुलाकात की। और उक्ताशय का ज्ञापन उन्हें भी समर्पित किया। केंद्रीय सचिव ने उन्हें अआश्वस्त किया कि सारी प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर दी जाएगी एवं इसे राज्य सरकार को भी सूचित कर दिया जायेगा।

सांसद श्री महतो ने यह उम्मीद व्यक्त किया है की की आने वाले निकट भविष्य में सुरदा माइंस प्रारंभ होगा और जल्दी लोगों को रोजगार मिलेगा।


केंद्रीय मंत्री से मिलने के बाद वन एवं पर्यावरण सचिव लीना नंदन से मिलते सांसद बिद्युतबरण महतो।

## लॉयला स्कूल ने जीती जेआरडी टाटा इंटर-स्कूल क्विज प्रतियोगिता



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जेआरडी टाटा की 120वीं जयंती के अवसर पर सेंटर फॉर एक्सीलेंस द्वारा आयोजित जेआरडी टाटा इंटर-स्कूल क्विज प्रतियोगिता का सफल समापन हुआ। यह प्रतियोगिता माइकल जॉन ऑडिटोरियम में हुई, जिसमें जमशेदपुर के 25 प्रमुख अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के 235 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि रूपा महंती, टाटा स्टील की पूर्व वरिष्ठ अधिकारी, प्रबंधन सलाहकार, शिक्षिका और समाजसेवी, ने छात्रों को संबोधित किया और विजेताओं को पुरस्कार दिए। प्रतियोगिता का संचालन क्विज मास्टर दीपक कामथ, सीईओ, टाटा स्टील सपोर्ट सर्विसेज ने किया। प्रतियोगिता में छात्रों ने विभिन्न विषयों पर अपनी बुद्धिमत्ता और ज्ञान का प्रदर्शन किया। प्रश्न जेआरडी टाटा के जीवन और कार्यों पर आधारित थे। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद, लॉयला स्कूल ने विजेता का खिताब जीता। राजेंद्र विद्यालय ने प्रथम उपविजेता का स्थान प्राप्त किया और केरला पब्लिक स्कूल, कदमा ने द्वितीय उपविजेता का स्थान हासिल किया। विजेता और प्रथम उपविजेता छात्रों को 27 जुलाई 2024 को टाटा स्टील के हेलीकॉप्टर में जमशेदपुर का हवाई दौरा कराया जायेगा।

## झारखंड के बाल सुधार गृहों में बाल कैदियों के अधिकारों का हो रहा घोर उल्लंघन : सुचित्रा सिन्हा

■ राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की रिपोर्टियर एवं पूर्व आइएएस के औचक निरीक्षण से खुली पोल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की दूत, एडवाइजरी बोर्ड की सदस्य पूर्व आइएएस सुचित्रा सिन्हा ने गत 24 जुलाई को जमशेदपुर परिसदन में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में सभी जिलों में बने बाल सुधार गृह में मानव अधिकार का घोर उल्लंघन किया जा रहा है। हमनें चार जिलों में बाल सुधार गृह का औचक निरीक्षण कर यहां रह रहे बच्चों से बात कर पाया कि बच्चों को जरूरी बुनियादी सुविधा तक मुहैया नहीं करायी जा रही है। 18 साल से कम उम्र के बच्चों को सबसे जरुरी एजुकेशन और स्कील डेवलपमेंट की आवश्यकता है ताकि यहां से निकल कर बच्चे समाज में अपना योगदान देते हुए एक अच्छा नागरिक बन सकें, लेकिन अफसोस की बात है कि यहां बिजली स्वच्छ पानी, खाना, सोने के लिए बिस्तर तक उपलब्ध नहीं कराया गया हैं।

श्रीमती सुचित्रा सिन्हा ने आगे कहा कि पूर्वी सिंहभूम जिले के बाल सुधार गृह में हमनें मई माह में निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट एनएचआरसी को सौंपी थी।


सर्किट हाउस में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करती सुचित्रा सिन्हा।

### जिला प्रशासन के साथ मिल कर बनायेंगे एसओपी

सुचित्रा सिन्हा ने कहा कि राज्य के बाल सुधार गृह में बच्चों के लिए एक अच्छा वातावरण बन पाए इसके लिए बहुत जल्द स्थानीय प्रशासन के साथ मिल कर एक एसओपी (स्टैंर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिड्योर) बनाएंगे। इससे बाल सुधार गृहों में शिक्षा, सहित अन्य बुनियादी सुविधा मुहैया करायी जा सकेगी।

# हीरो मोटोकॉर्प का प्रीमियम रिटेल अब जमशेदपुर में खुला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** एनएच-33, सुधा कॉम्पलेक्स, डिमना चौक स्थित हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड, दुनिया की सबसे बड़ी दो पहिया वाहन निमार्ता की प्रीमियम वाहनों की प्रमुख शो-रूम हीरो प्रीमिया का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला परिवहन पदाधिकारी श्री धनंजय एवं पूर्वी क्षेत्र के जोनल सेल्स मैनेजर अब्दुल अहद के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मौके पर धनंजय एवं अब्दुल अहद ने संयुक्त रूप से कहा की हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड द्वारा हीरो प्रीमिया के शो रूम का खुलना एक सराहनीय कदम है। जहां प्रीमियम बाइक प्रेमी यहां आकर एक अलग सुखद अनुभव प्राप्त करेंगे एवं यहाँ के सेल्स एग्जीक्युटिव उन्हे विशेष रूप से गाड़ियों के बारे मे विस्तार से एवं बेहतर डेमो देकर उन्हे समझा सकते हैं। संचालक गुलशन आहुजा एवं गौरव आहुजा ने कहा कि हीरो मोटोकॉर्प का झारखंड में पहला और पूरे भारत में 30वां शो-रूम है।


हीरो प्रीमिया का उद्घाटन करते डीटीओ धनंजय, शो रुम मालिक गुलशन आहुजा व गौरव आहुआ एवं जोनल सेल्स मैनेजर।

## संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान विभाग, एमटीएमसी जमशेदपुर में नया शैक्षणिक सत्र हुआ शुरू



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** एमटीएमसी जमशेदपुर में संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान विभाग में शैक्षणिक वर्ष के लिए छात्र अभिविन्यास समारोह आज एम.टी.एम.सी., जमशेदपुर में आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सम्मानित डीन ने की और प्रवेश एवं प्रशासन निदेशक, एसोसिएट डीन, एच.ओ.डी. और विपणन एवं प्रवेश प्रमुख, संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान ने इसका संचालन किया। हम अपने प्रतिष्ठित संस्थान का हिस्सा बनने के लिए भावी छात्रों और उनके परिवारों का हार्दिक स्वागत करते हैं। हमारा स्कूल एक पोषक और समृद्ध वातावरण प्रदान करता है, जो समर्पित संकाय और शैक्षणिक और पाठ्येतर अवसरों की एक विस्तृत श्रृंखला द्वारा समर्थित है। हमारे समर्पित संकाय और कर्मचारी एक परिवर्तनकारी शैक्षिक अनुभव प्रदान करने, छात्रों को अपने संबंधित क्षेत्रों में वैश्विक नागरिक बनने के लिए ज्ञान, कौशल और मूल्यों से लैस करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# आम बजट 2024 से देश के सतत विकास और समृद्धि का ठोस आधार तैयार होगा : रितुराज सिन्हा


बजट पर अपने विचार व्यक्त करते रितुराज सिन्हा।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** गुरुवार को जमशेदपुर में बजट विश्लेषण और जीएसटी स्पष्टीकरण पर सत्र का आयोजन किया। यह सत्र उद्योग हितधारकों के लिए हालिया बजटीय आवंटन और जीएसटी सुधारों के निहितार्थ, क्षेत्रीय विकास पर उनके प्रभाव और आर्थिक विकास और राजकोषीय दक्षता को अधिकतम करने की रणनीतियों पर चर्चा करने के लिए एक आदर्श मंच साबित हुआ। सत्र का उद्देश्य हाल की

**सीआइआइ के बजट विश्लेषण सत्र में बोले टाटा स्टील यूआइएसएल के एमडी**

बजटीय नीतियों और जीएसटी सुधारों पर स्पष्टता प्रदान करना था, उद्योग हितधारकों को व्यवसायों और अर्थव्यवस्था के लिए उनके निहितार्थ को समझने में मदद करना और बजट आवंटन और जीएसटी सुधारों का उपयोग करने के लिए रणनीतियों पर चर्चा करना था। सत्र का उद्देश्य बजटीय घोषणाओं का विश्लेषण करना था। विभिन्न उद्योगों के लिए उनके निहितार्थ की सूक्ष्म समझ प्रदान करना। इसने व्यवसायों के लिए नए कर प्रावधानों पर स्पष्टता हासिल करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य किया, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि वे उभरते वित्तीय परिदृश्य को समझने के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं। इसके अतिरिक्त, सत्र ने बजट में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान किया कि कैसे व्यवसाय अपने लाभ के लिए नई नीतियों का लाभ उठा सकते हैं।

## स्पीड न्यूज



### वंचित बच्चों की प्रतिभा निखारना जरूरी : बारी

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार कठिन परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों को सामाजिक सुरक्षा योजना से जोड़ने हेतु एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी, डालसा सचिव राजेन्द्र प्रसाद, बाल कल्याण संघ के सचिवसंजय मिश्रा, रीजनल हेड मिरेकल फाउंडेशन कुसुम महापात्रा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी संध्या रानी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नेहा संजना खलखो, जिला शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार, डीपीएम जेएसएलपीएस सुजित बारी व अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी थे।

### रघुवर दास से मिला सिख प्रतिनिधिमंडल

**जमशेदपुर।** ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास से भाजपा नेता दिनेश कुमार के नेतृत्व में गुरुद्वारा आरती साहिब के प्रतिनिधिमंडल ने राजभवन में मुलाकात की। इस दौरान उन्हें पुरी के प्रसिद्ध गुरुद्वारा आरती साहब में आने का निमंत्रण दिया गया, जिसे राज्यपाल ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। उन्होंने अगस्त माह में गुरुद्वारा साहिब में जाकर माथा टेकने की बात कही। इस मुलाकात में भाजपा नेता दिनेश कुमार, गुरुद्वारा आरती साहब पूरी यादगार स्थान के संत बाबा शमशेर सिंह, जगदीप सिंह, रबी नारायण सामंत रे टाटानगर के परविंदर सिंह सोहल, चरणजीत सिंह, सुच्चा सिंह आदि उपस्थित थे।

### बच्चों को नहीं मिला न्याय : डॉ अजय कुमार

**जमशेदपुर।** नीट यूजी परीक्षा पेपर लीक मामले में मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई पूरा होने के बाद सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले पर पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरीय नेता डॉ अजय कुमार ने बुधवार को प्रेस बयान जारी करते हुए कहा कि सभी बच्चे चाहते थे कि नीट यूजी की परीक्षा दोबारा हो। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार शुरू से एनटीए को बचाना चाहती है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले को दुखद करार देते हुए डॉ. अजय ने कहा कि बच्चे निराश हैं। इस फैसले से पेपर लीक करने वालों के हौसले और बुलंद होंगे। अब देशवासियों का एनटीए और नीटयूजी परीक्षा पर भरोसा उठ जायेगा।

### एसडीएओ ने विभिन्न दलों के साथ की बैठक


**चांडिल।** एसडीएम शुभ्रा रानी ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर ईंचागढ विधानसभा के विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम तथा नाम जांच कार्यक्रम को सफल बनाने का अपिल किया गया। बैठक में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का सुझाव लिया गया। निवार्ची पदाधिकारी शुभ्रा रानी ने बताया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने, सुधार करने, नाम हटाने का कार्य आगामी 9 अगस्त तक किया जा सकता है।

### अदांकी मोहन बने वरिष्ठ नागरिक भाजपा समर्थक मंच के अध्यक्ष

**गम्हरिया।** सीनी वर्क शॉप से सीनियर सेक्शन इंजीनियर पद से सेवानिवृत्त अदांकी मोहन को वरिष्ठ नागरिक भाजपा समर्थक मंच के झारखंड प्रदेश का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। जबकि कोषाध्यक्ष पद का दायित्व एस सीएस राव को दिया गया है। अदांकी मोहन ने पदभार ग्रहण के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष पुरूषोत्तम नारायण श्रीवास्तव, वरिष्ठ नागरिक मोर्चा के अध्यक्ष श्रीरिपि चिन्ना सुब्बा राव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि मुझे जो दायित्व दिया गया हैं उसका निष्ठा के साथ निर्वहन करूंगा। जल्द ही प्रदेश, जिला, नगर एवं प्रखंड के साथ पंचायत कमेटी का गठन किया जायेगा।

## एक नजर में

### भटक कर कांड्रा पहुंचा 10 वर्षीय बालक



**गम्हरिया।** कांड्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के समीप सड़क पर रोता हुआ करीब दस वर्षीय बालक पाया गया। वह अपने मां और पिता को याद कर रो रहा था। अंजान बच्चे को रोते देखकर आसपास के काफी संख्या में महिला व पुरुष वहां जमा हो गए और उससे पूछताछ कर जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया। लेकिन वह अपना नाम व पता नहीं बता पा रहा है। फिलहाल कांड्रा पुलिस को जानकारी देकर उक्त बच्चे को कांड्रा स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास रखा गया है।

### टाटा मोटर्स : 13 कर्मियों को मिला स्कीम का लाभ

**जमशेदपुर।** गुरुवार को मेडिकल सपोर्ट स्कीम कमिटि की बैठक हुई। बैठक में जून 2024 में जमा हुए सभी आवेदनों पे विचार विमर्श किया गया। जिसमें कुल मिलाकर 17 आवेदनों में से 13 को नियमानुसार उचित पाया गया। लाभुकों को लगभग 5 लाख 50 हजार रुपये की राशि का लाभ मिला। लाभुकों के नाम क्रमशः है :-शैलेश कुमार सिंह, सतीश चंद्र पाठक, माणिक चंद्र पाणी, सत्य नारायण कुमार, दिलीप कुमार मिश्रा, प्रदीप कुमार दास, अजय कुमार सिंह, रवि कांत, संजीव कुमार, जी वी संतोष, बिनोद कुमार श्रीवास्तव। बैठक में सेक्रेटरी श्री अमितेश पांडेय, डॉक्टर श्री एस एल श्रीवास्तव, एच एस सैनी, अमित कुमार सिंह और मनोज शर्मा उपस्थित हुए।

### मारवाड़ी सम्मेलन समेत तीन संगठनों ने मैरीन ड्राइव पर किया पौधरोपण



**जमशेदपुर।** भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन, अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन और अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन ने संयुक्त रूप से कदमा मरीन ड्राइव टोल प्लाजा गोलचक्कर के समीप पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान समाज के महिला, पुरुष एवं वरिष्ठ नागरिकों ने मरीन ड्राइव के डिवाइडर किनारे अनेक पौधे लगाए। इस अवसर पर सभी ने पौधारोपण के महत्व को समझते हुए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया और समाज में अधिक जागरूकता फैलाने तथा पौधों का संरक्षण करने का वचन दिया। पौधारोपण कार्यक्रम में मुकेश मित्तल, ललित गढ़वाल, पवन अग्रवाल पप्पी, विजय अग्रवाल, बिनोद अग्रवाल, मुरारी अग्रवाल, सुनीता भगत, प्रियंका गुप्ता, माधुरी साहा, रामचंद्र मंडल, विकास रंजन, अजीत गुप्ता, कामेश्वर चौरसिया, काकुली दास एवं तीनों संस्थाओं के अनेक सदस्य उपस्थित थे।

### साकची बाजार शिव मंदिर कमेटी की कांवर यात्रा 11 अगस्त को निकलेगी



**जमशेदपुर।** साकची बाजार श्री शिव मंदिर कमिटी द्वारा सावन माह में आगामी 11 अगस्त रविवार को विशाल कांवड यात्रा निकाली जायेगी। सुबह 06 बजे स्वर्णरेखा नदी मानगो से साकची शिव मंदिर तक निकलने वाली भव्य कांवड यात्रा में 1100 कांवरियां शामिल होंगे, जो भोले बाबा का जलाभिषेक करेंगे। इस धार्मिक कांवड यात्रा को सफल बनाने के लिए मंदिर कमिटी की एक बैठक मंदिर परिसर में उमेश शाह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पत्नी सुधा गुप्ता संग अतिथि के रूप में शामिल होगें। साथ ही बैड-बाजा, शिव झांकी और भूत-प्रेत शामिल रहेंगें। बैठक में प्रमुख रूप से ओमप्रकाश रिंगसिया, महावीर मोदी, गिरधारी खेमका, बजरंग लाल अग्रवाल, सांवरमल अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, विवेक चौधरी, सुशील अग्रवाल, भोला चौधरी, अंकित अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, कमल लडडा, सुनील सोंथालिया, प्रमोद चेतानी, पवन खेमका, शंकर अग्रवाल, सुनील केडिया, सीताराम देबूका, विनोद शाह, कविता अग्रवाल, निशा सिंघल, पूजा अग्रवाल, उषा चौधरी आदि उपस्थित थे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन करते हुए बबलू अग्रवाल मिनी ने बताया कि पहले आओ-पहले पाओं की तर्ज पर कांवड यात्रा हेतु कूपन का वितरण कल से शुरू हो जायेगा।

### धीरमलिए को तनख्वाह लगा सकते हैं जत्थेदार


कुलविंदर सिंह।

**जमशेदपुर।** बारीडीह गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार कुलविंदर सिंह ने श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार सिंह साहिब ज्ञानी रघुवीर सिंह को पत्र लिखकर पूछा है, क्या किसी धीरमलिए को कोई भी जत्थेदार तनख्वाह लगा सकता है? कुलविंदर सिंह ने इतिहास का हवाला देते हुए कहा है कि जब गुरु गोविंद सिंह जी ने धीरमलियों के साथ किसी प्रकार का संबंध नहीं रखने का आदेश दे रखा है तो जत्थेदार कैसे तनख्वाह लगाकर क्लीन चिट दे सकते हैं। कुलविंदर सिंह ने जत्थेदार को बताया है कि सेंट्रल कमेटी के प्रधान ने अपनी मर्जी से आम सभा की। संगत के बीच चुनाव की घोषणा की। वोटर लिस्ट तैयार होने लगी। फिर धार्मिक परीक्षा हुई और इसमें उनके तथाकथित दो उम्मीदवार सरदार अवतार सिंह सोखी और सरदार कुलदीप सिंह फेल हो गये। सरदार अवतार सिंह सोखी पटना तख्त पहुंचे और उन्होंने लिखित रूप से स्वीकार किया कि वे बाबा वडभाग सिंह के डेरे जाते हैं लेकिन प्राण करते हैं आगे से नहीं जायेंगे। लिखित रूप से दो स्वीकार करने के बावजूद उन्हें तनख्वाह जत्थेदार सिंह साहिब ज्ञानी बलदेव सिंह और पांच सिंह साहिब ने लगायी और फिर क्लीन चिट दे दी। उसके आधार पर सेंट्रल कमेटी के प्रधान ने अवतार सिंह सोखी को बारीडीह कमेटी का प्रधान घोषित कर दिया। अब वहां लड़ाई झगड़ा का अंदेशा बना हुआ है। कुलविंदर सिंह ने जत्थेदार से आग्रह किया है कि यह कौम और पंथ के लिए बहुत बड़ा मामला है, सवाल स्वाभाविक रूप से उठता है कि क्या किसी जत्थेदार द्वारा धीरमलिये को तनख्वाह लगाई जा सकती है। क्या धिर्मलिया को गुरुद्वारा का प्रबंध दिया जा सकता है। नहीं, तो ऐसा करने वाले पंथ विरोधियों के खिलाफ फौरन कार्रवाई लोगों पर होनी चाहिए। जरूरत पड़े तो इसके लिए सरबत खालसा बुलाकर अस्थायी समाधान करना चाहिए जिससे आगे भविष्य में कोई भी प्राणी गलती नहीं करें। इसकी प्रति सभी जत्थेदारों एवं दमदमी टकसाल के मुखी संत हरनाम सिंह खालसा को भी भेजी गयी है।

स्पीड न्यूज

## वज्रपात से तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**डंडई।** थाना क्षेत्र के पचैर गांव में वज्रपात से तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को डंडई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद गढ़वा सदर अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। घायलों में देवनारायण सिंह पिता मनरखन सिंह 45 वर्ष, कैलाश सिंह पिता सुकन सिंह 50 वर्ष तथा कवलपति देवी पति देवनारायण सिंह 42 वर्ष का नाम शामिल है। जानकारी के अनुसार पचैर गांव निवासी उक्त व्यक्ति गुरुवार दोपहर में अपने मवेशियों को लेकर चराने के लिए जंगल गए हुए थे। इसी दौरान अचानक बारिष के दौरान हुए वज्रपात की चपेट में आ गए। फिलहाल घायलों की स्थिति नाजुक बताई जा रही है।

## जमुई में सर्पदंश से दो बच्चों की मौत

**जमुई।** बिहार में जमुई जिले के लक्ष्मीपुर थाना क्षेत्र में सांप के डसने से दो बच्चों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने गुरूवार को यहां बताया कि मड़ैया पंचायत के पतलघटा गांव में बुधवार की रात दो बच्चों को सांप ने डस लिया। दोनो बच्चों को सदर अस्पताल जमुई ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए शेखपुरा रेफर कर दिया। बच्चों को शेखपुरा ले जाया जा रहा था तभी रास्ते में उनकी मौत हो गयी।

## कैमूर में देशी बंदूक के साथ चार लोग गिरफ्तार

**भभुआ।** बिहार में कैमूर जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने बुधवार को एक देशी बंदूक के साथ चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि मानपुर बिउर गांव निवासी जुल्फिकार खान ने थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी कि आज सुबह जब वह अपने खेत में काम करनो जा रहा था। इस दौरान पिंटू साह वहां पहुंचा और मैदान में खेल रहे बच्चों को भगाने लगा। इस दौरान मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने इसका विरोध किया तो पिंटू साह के कुछ अन्य साथी हथियार के साथ वहां पहुंचे। हालांकि बाद में पिंटू साह और उसके साथी फरार हो गये।

## पिस्टल और चार कारतूस के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिले के कुंडवा चैनपुर थाना क्षेत्र में अपराध की योजना बनाते दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।जिसके पास से एक देशी पिस्टल चार कारतूस बरामद किये गये है। पकड़े गये बदमाशो की पहचान के सीतामढी जिले के बैरगनिया थाना क्षेत्र के पचटकी निवासी जयप्रकाश कुमार व पूर्वी चम्पारण जिले के आदापुर थानान्तर्गत कटगेनवा निवासी उपेन्द्र कुमार के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों का कोई आपराधिक इतिहास नहीं मिला है। सिकरहना डीएसपी अशोक कुमार ने बताया कि दोनों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। छोपमारी दल में इंस्पेक्टर विजय कुमार, कुंडवा चैनपुर थानाध्यक्ष एस आई राकेश कुमार राय व सशस्त्र बल शामिल थे।

# कांग्रेसियों पर लाठीचार्ज व भ्रष्टाचार को लेकर विधानसभा में भारी हंगामा

एजेंसी



**पटना।** बिहार विधानसभा में मॉनसून सत्र के चौथे दिन गुरुवार को विपक्ष के सदस्यों ने कांग्रेस कार्यकताओं पर लाठीचार्ज के विरोध और सरकार पर भ्रष्ट अधिकारी को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए सदन में जमकर हंगामा किया।

विधानसभा में पूर्वाह्न 11 बजे कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने महिला से दुराचार और भ्रष्टाचार के मामले में आरोपी भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी संजीव हंस तथा युवा कांग्रेस कार्यकताओं पर लाठीचार्ज का मुद्दा उठाया। विपक्षी सदस्य संजीव हंस की बर्खास्तगी की मांग को लेकर सदन के बीच में आ गए। विपक्ष के सदस्य प्ले कार्ड लिए हुए थे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव के आदेश पर मार्शल ने विपक्षी विधायकों के हाथ से प्ले कार्ड छीन लिया।

शोरगुल के बीच ही प्रश्नोत्तर काल जारी रहा। इस दौरान विपक्षी सदस्यों ने सदन के बीच में ही बैठकर शैडो सदन बना लिया। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लेनिनवादी (भाकपा माले) के विधायक महबूब आलम अध्यक्ष की भूमिका में रिपोर्टिंग कुर्सी पर और बाकी सदस्य जमीन पर बैठ गए। सभाध्यक्ष ने इस पर आपत्ति जताई और कहा कि सदस्य आसन की ओर पीठ करके नहीं बैठे अन्यथा वह करवाई करेंगे ।

हंगामे के बीच ही वित्त विभाग के प्रभारी मंत्री सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक से प्राप्त बिहार सरकार का 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष 2021-22 के अनुपालन लेखा परीक्षा प्रतिवेदन एवं स्थानीय सरकार पर लेखा परीक्षा प्रतिवेदन तथा 31 मार्च, 2023 को समाप्त हुये वर्ष 2022-23 के राज्य के वित्त प्रतिवेदन को सदन पटल पर रखा।

कुछ देर तक हंगामा करने के बाद राष्ट्रीय जनता दल (राजद), कांग्रेस और वामपंथी दलों के सदस्य सदन से बहिर्गमन कर गए। इसके बाद सदन की कार्यवाही बिना किसी व्यवधान के सुचारू ढंग से चली। सभी निर्धारित विधायी कार्य निपटने के बाद सभा की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित कर दी गई।

## संसद में पप्पू यादव ने की पूर्णिया एयरपोर्ट की मांग

एजेंसी

**पूर्णिया।** पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने आज लोकसभा में एयरपोर्ट बनाने की मांग की तथा पूछा कि इस साल से लेकर अगले साल तक पूर्णिया एयरपोर्ट बनेगा या नहीं। इस सवाल के जवाब में उड्डयन मंत्री के आर नायडू ने कहा कि काम जारी है और जल्द ही इस काम को पूरा कर लिया जाएगा। लोकसभा में गुरुवार को प्रश्नकाल के दौरान पूर्णिया के निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने पूर्णिया एयरपोर्ट निर्माण का मुद्दा उठाया। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि इस साल एयरपोर्ट के लिए जमीन अधिग्रहण कर शिलान्यास किया जाए और अगले दो वर्षों में विमान सेवा शुरू की जाए। पप्पू यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने कई बार पूर्णिया एयरपोर्ट निर्माण का उल्लेख किया है, लेकिन अभी तक 15 एकड़ जमीन का अधिग्रहण भी नहीं हुआ है।

## बिहार को 2027 तक फलेरिया मुक्त बनाना है : एडीएम

**समस्तीपुर।** जननायक कपूर्री ठाकुर सभागार समस्तीपुर में एडीएम समस्तीपुर की अध्यक्षता में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिला अंतर्गत सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी का सर्वजन दवा सेवन चक्र में सहयोग हेतु जिला स्तरीय एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला पिरामल स्वास्थ्य के सहयोग से आयोजित किया गया।



कार्यशाला में जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सर्व शिक्षा अभियान, बंदोबस्त पदाधिकारी, डा. नागमणि इंचार्ज सिविल सर्जन, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ विशाल, पिरामल स्वास्थ्य ए.बी.सी टीम, विश्व स्वास्थ्य संगठन जोनल कोऑर्डिनेटर, लेपरा सोसायटी जिला प्रतिनिधि, पीसीआई जिला प्रतिनिधि भाग लिए। कार्यशाला में उपस्थित सभी विभागीय जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी को फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर चलाए जाने वाले सर्वजन दवा सेवन अभियान 10 अगस्त 2024 से प्रारम्भ हो रहा है जिसके बारे में जानकारी दिया गया। पिरामल से जिला लीड आदित्य कुमार ने फाइलेरिया रोग, इसके दुष्प्रभाव, इससे बचाव के उपाय एवं सर्वजन दवा सेवन चक्र के बारे में विस्तार पूर्वक बताये। राष्ट्रीय फलेरिया कार्यक्रम के अंतर्गत 10 अगस्त को होने वाले एमडीए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एडीएम समस्तीपुर ने कहा कि भारत सरकार के द्वारा भारत को 2027 तक फलेरिया से मुक्त करना है।

## झारखंड स्टेट टेबल टेनिस प्रतियोगिता के लिए गढ़वा टीम रांची रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता



खिलाड़ियों को रवाना करते संघ के अध्यक्ष, सचिव व अन्य।

**गढ़वा।** रांची में शुक्रवार से आयोजित सेकेंड झारखंड स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गढ़वा जिला की 24 सदस्यीय टीम को संघ के अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, सचिव आनंद सिन्हा और संघ के पदाधिकारियों ने जीत की शुभकामना देते हुए खिलाड़ियों को रवाना किया। मौके पर अध्यक्ष श्री केशरी ने कहा कि आप अपने लक्ष्य को पाने के लिए जो मेहनत कर रहे है, उस लक्ष्य को हासिल करने के लिए आप जा रहे है। प्रतियोगिता में जिला को चैम्पियन बनाने के साथ साथ चैम्पियन बनकर आए। अगर आप अपने खेल का शत प्रतिशत लगा दे तो आपको जीत से कोई रोक नहीं सकता है। सचिव आनंद सिन्हा ने कहा कि टीम के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता को लेकर बेहतर तैयारी की है। पहले की अपेक्षा टीम इस बार बेहतर करेगी। 24 सदस्यीय टीम में अमल कुमार ठाकुर, अनूप कुमार, अमन कुमार पाल, अनिमेष कुमार पाण्डेय, कार्तिक पाल, नितीश कुमार मेहता, हर्षित कुमार पाण्डेय, सचिन कुमार, रोहन पाल, मयंक राज, पलक भारती, अंजली कुमारी, आयुषी कुमारी, आयुषी कुमारी पाण्डेय, अभिजीत यादव, आशिता प्रियदर्शिनी, अनिल कुमार मेहता, मानवी चैबे, वर्षा रानी और अंशु किरण को शामिल किया गया है। टीम का कोच संघ के कार्यकारी सदस्य अजय कुमार ठाकुर को बनाया गया है। मौके पर अभिभावक उमेश यादव, आमोद कुमार पाण्डेय, संजय कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## पुल से नीचे गिरा ट्रक चालक की मौत

**बक्सर।** बिहार में बक्सर जिले के नया भोजपुर पलिस आउट पोस्ट क्षेत्र में गुरूवार तड़के काव नदी पुल के समीप एक ट्रक पुल की रेलिंग तोड़ते हुए नीचे गिर गया, जिससे चालक की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि जिले के सिमरी थाना क्षेत्र के मंझवारी गांव निवासी गणेश यादव (48) अहले सुबह तकरीबन तीन बजे ट्रक लेकर पटना से बक्सर की तरफ जा रहा था। इस दौरान ट्रक अनियंत्रित होकर काव नदी पर बने पुल से नीचे गिर गया।

## पूर्व विधायक के निधन पर शोक सभा का आयोजन



शोक मनाते लोग।

**गढ़वा।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के संस्थापक सदस्य अरविन्द कुमार तूफानी के पिता पूर्व विधायक हीरालाल तूफानी के आकस्मिक निधन पर जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा ने शोक सभा का आयोजन किया। इस दौरान दो मिनट का मौन रखकर मृतक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। मौके पर पदाधिकारियों ने कहा कि हीरालाल तूफानी शांत स्वभाव, कुशल व्यक्तित्व, राजनेता तथा सामाजिक व्यक्ति थे, जो पूरे परिवार को अनुशासनात्मक ढंग से एक करके रखे हुए थे। शोक सभा के पश्चात सदस्यों ने पीड़ित परिवार से मिल कर उनका ढांढस बंधाया। मौके पर ग्रुप के अध्यक्ष कमलेश गुप्ता, फेडरेशन पदाधिकारी नंद कुमार गुप्ता, जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन के स्पेशल कमेटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी, प्रशासनिक निदेशक मोजीबुद्दीन खान, पूर्व अध्यक्ष बिनोद कुमार, पूर्व प्रशासनिक निदेशक चंद्र भूषण सिन्हा, वित्त निदेशक अशोक केशरी, मनोज केशरी, दीपक केशरी, आदि उपस्थित थे।

## विधायक भानु ने किया 73 लाख रुपए की लागत से बनने वाले पुलिया का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र के लवाही गांव में विधायक भानु प्रताप शाही ने गुरुवार को 73 लाख रुपए की लागत से बनने वाली पुलिया का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री शाही ने कहा कि लवाही गांव के धोबी टोला में बघौता के पास मंगरदाहा नदी पर पुलिया निर्माण हो जाने से यहां के लोगों को काफी सुविधा होगी। पुलिया का निर्माण नहीं होने से क्षेत्र के लोगों को खेत खलिहान, स्कूल कॉलेज आने जाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था। लंबे समय से यहां के ग्रामीणों की यह मांग थी कि उक्त नदी पर पुलिया का निर्माण हो। आज उनकी मांगों को पूरा करने का काम किया गया है।



संबोधित करते विधायक।

उन्होंने कहा कि मेरे प्रयास से लोगों की एक-एक मांगो को पूरा करने का काम किया जा रहा है। इस दौरान भाजपा नेता भगत दयानंद यादव, जिप सदस्य मोहन पासवान, प्रमुख प्रतिनिधि घूरबीगण बैठा, मुखिया बच्चा लाल गुप्ता, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि दिलीप पटवा, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्षा अनीता गुप्ता आदि ने विधायक द्वारा किए गए कार्यों को गिनाया। कहा कि विधायक जब भी डंडई प्रखंड में आते हैं यहां के लोगों को कुछ ना कुछ सौगात लेकर जरूर आते हैं। उनके अथक प्रयास से गांव गांव तक बिजली पहुंचाया गया। वहीं सड़कों का जाल बिछाया जाजा रहा है। मौके पर प्रमुख कान्ति देवी, विधायक प्रतिनिधि दिनेश राम, भाजपा मंडल महामंत्री मिथिलेश प्रसाद, मंडल उपाध्यक्ष अशोक प्रसाद, एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष दिलबर कुमार रवि, कमलेश यादव आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### किशनगंज से बहादुरगंज के बीच 788 करोड़ की लागत से बनेगी 24.85 किलोमीटर फोरलेन सड़क



**किशनगंज।** जिले में जिलावासियों को सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय की ओर से नए फोर लेन सड़क के रूप में एक बड़ा उपहार दिया गया है। किशनगंज से बहादुरगंज के बीच 24 .85 किलोमीटर फोर लेन सड़क का निर्माण किया जाएगा। यह सड़क एनएच-27 (पूर्णिया-सिलीगुड़ी) को एनएच-327 ई (अररिया-गलगलिया) से जोड़ेगी। इसकी स्वीकृति एनएचएआई ने दी है। वहीं सड़क के बन जाने से हजारों की आबादी को राहत मिलेगी और जाम से लोगों को निजात मिलेगा। जानकारी के अनुसार वर्तमान में किशनगंज और बहादुरगंज के बीच टू-लेन सड़क बनी हुई है, जो की जर्जर भी हो गई है। नई फोर लेन सड़क वर्तमान सड़क के समानान्तर ही बनेगी। सड़क के निर्माण से किशनगंज और बहादुरगंज के बीच कनेक्टिविटी और बेहतर हो जाएगी। यह फोर लेन सड़क एनएच-27 पर उत्तर रामपुर से शुरू होकर बहादुरगंज के सताल इस्तमरार के करीब एनएच-327 ई पर जाकर मिलेगी। इस सड़क का निर्माण कुल 788 .12 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जायेगा। इसका निर्माण नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के देख-रेख में होगा। ठल्लअकने सड़क निर्माण कंपनियों से इस सड़क के लिये 19 सितंबर से पहले ऑनलाइन टेंडर मांगा है। ठल्लअकने अपने वेबसाइट पर निर्माण टेंडर से संबंधित डॉक्यूमेंट अपलोड कर दिया है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा।

### डॉ राम चैतन्य धीरज की अंग्रेजी पुस्तक माइ सिजोफ्रेनिक माइंड का विमोचन

**सहरसा।** शहर के सुपर मार्केट स्थित प्रमंडलीय पुस्तकालय में देवता निभा राजनारायण फाउंडेशन एवं मैथिली शब्द लोक के संयुक्त तत्वावधान में आर एम कालेज के मैथिली विभाग के सेवानिवृत प्रोफेसर एवं मैथिली, हिन्दी एवं अंग्रेजी के साहित्यकार डॉ राम चैतन्य धीरज की अंग्रेजी में रचित पुस्तक माइ सिजोफ्रेनिक माइंड का विमोचन एवं परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि प्रो ईशनाथ झा, अंग्रेजी विभाग ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। डॉ ईशनाथ झा ने कहा कि यह कविता बहुत ही बोधगम्य भाषा में रचना की गयी है और अपनी लेखन शैली भी अद्भुत है। कविता को पढ़ने से कहीं भी ऐसा महसूस नहीं हो रहा है कि डॉ धीरज कभी सिजोफ्रेनिया से आहत हुए हैं। उन्होंने अपने लेखन में तथ्यों को बड़ी सुक्ष्मता से प्रस्तुत किया है और वेदों एवं उपनिषद में विमर्श के विषयों और अपने अध्ययन को दैनिक जीवन की घटनाओं के साथ बड़ी कुशलता के साथ समायोजित किया है। यह पुस्तक डॉ धीरज के संक्षिप्त आत्मकथा को प्रस्तुत करती लगती है। डॉ अक्षय कुमार चौधरी ने कहा कि डॉ धीरज का सिजोफ्रेनिया की मानसिक स्थिति से गुजरना एक बड़ा अभिशाप है परन्तु कवि ने इस अभिशाप को भी अवसर में बदलकर हमारे लिए एक अनुपम दार्शनिक रचना का योगदान किया है जिसके लिए कवि धन्यवाद के पात्र है। साहित्यकार कुमार विक्रमादित्य ने कहा कि राम चैतन्य धीरज को हम मैथिली के प्रसिद्ध कवि के रूप में जानते थे परन्तु माइ सिजोफ्रेनिक माइंड की रचना के उपरांत वह अंग्रेजी के भी नामवर लेखकों में गिने जाएंगे।कवि अरविंद मिश्र नीरज ने कहा कि महाविद्यालय की शिक्षा व्यवस्था में हमलोगों ने साथ ही प्रवेश लिया था। शिक्षा और अध्यापन को अपना बेहतर योगदान देने हेतु कभी कोई कसर नहीं छोड़ा। हमने लेखन कार्य के द्वारा शिक्षा और साहित्य को कई पुस्तकें की दी हैं।

### ललन सिंह ने अपनी मां-बहन और पत्नी को कितना पढ़ाया है : राबड़ी देवी

**पटना।** पूर्व मुख्यमंत्री और बिहार विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी को लेकर ललन सिंह द्वारा कथित तौर पर की गई टिप्पणी पर गुरुवार को सदन में जोरदार हंगामा हुआ। राबड़ी देवी ने सवालिया लहजे में कहा कि ललन सिंह ने अपनी मां-बहन और पत्नी को कितना पढ़ाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से कहा है कि महिलाओं को अपमानित करना बंद करें और उनसे माफी मांगें। विधान परिषद के बाहर विरोधी दल की नेता राबड़ी देवी के नेतृत्व में विपक्ष की महिला सदस्यों ने जोरदार नारेबाजी की और मांग की सीएम नीतीश माफी मांगें।

## पेज एक का शेष

### मानसून सत्र आज...

**भाजपा विधायक दल की बैठक 28 को :** वहीं प्रमुख विपक्षी दल भाजपा ने कहा है कि सत्ताधारी दल को हरसंभव घेरने का प्रयास किया जायेगा। भाजपा ने कहा है कि ज्वलंत मुद्दों पर सत्ताधारी दल को जवाब देने के लिये बाध्य किया जायेगा। भाजपा ने रविवार 28 की शाम सात बजे विधायक दल की बैठक बुलायी है।

**सुरक्षा में 1000 जवान तैनात :** 26 से शुरू हो रहे सत्र को लेकर रांची पुलिस ने सुरक्षा की तैयारियां पूरी कर ली हैं। विधानसभा सत्र के दौरान सड़क से लेकर विधानसभा तक सुरक्षा के लिए 1000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। सहायक पुलिस और पारा शिक्षकों के आंदोलन को देखते हुए विधानसभा की ओर जाने वाली आधा दर्जन से अधिक सड़कों पर बैरिकेडिंग भी की गयी है।

### खदान व खनिज भूमि ...

संविधान के तहत राज्यों के पास खदानों और खनिज युक्त भूमि पर टैक्स लगाने का विधायी अधिकार है। संविधान पीठ ने विभिन्न राज्य सरकारों, खनन कंपनियों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की 86 याचिकाओं के समूह पर 8 दिन तक सुनवाई करने के बाद 14 मार्च को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

**अदालत ने कहा,1989 का फैसला सहीं नहीं था :** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वर्ष 1989 में 7 न्यायाधीशों की संविधान पीठ द्वारा दिया गया वह फैसला सही नहीं है जिसमें कहा गया था कि खनिजों पर रॉयल्टी टैक्स है। अदालत ने कहा कि संसद के पास, संविधान के प्रावधानों के तहत खनिज अधिकारों पर टैक्स लगाने की शक्ति नहीं है। संविधान के तहत राज्यों के पास खदानों और खनिज युक्त भूमि पर टैक्स लगाने का विधायी अधिकार है।

### दरबार हॉल अब ...

अशोक स्तंभ भारत गणराज्य का एक राष्ट्रीय प्रतीक है। फलस्वरूप अशोक हॉल का नाम बदलकर अशोक मंडप रखा गया है। साथ ही बयान में कहा गया है कि 'दरबार' शब्द भारतीय शासकों और ब्रिटिश कोर्ट और सभाओं को संदर्भित करता है। भारत के गणतंत्र बनने के बाद दरबार की प्रासंगिकता खत्म हो गयी, जबकि 'गणतंत्र' की अवधारणा प्राचीन काल से भारतीय समाज में निहित है। 'गणतंत्र मंडप' आयोजन स्थल के लिए एक उपयुक्त नाम है। इस संबंध में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि दरबार की कोई अवधारणा नहीं है, लेकिन शहंशाह की अवधारणा है।

### अगले माह झरिया...

दिल्ली में बैठकर सबकुछ ठीक नहीं किया जा सकता। जमीनी हकीकत जानना बेहद जरूरी है। इस दौरान स्थानीय सांसद ढुलू महतो, कोल सचिव अमृतलाल मीणा, कोल इंडिया चेयरमैन पीएम प्रसाद, डीसी माधवी मिश्रा, बीसीसीएल सीएमडी समीरण दत्ता, सिटी एसपी अजित कुमार, डीएसपी, बीसीसीएल जीएम, वरीय बीसीसीएल अधिकारी मौजूद थे।

**गॉड ऑफ ऑनर :** कोयला मंत्री बनने के बाद पहली बार धनबाद आये किशन रेड्डी का बरवाअड्डा हवाई अड्डा पर कोल इंडिया चेयरमैन और बीसीसीएल सीएमडी समेत तमाम अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। उन्हें गॉड ऑफ ऑनर दिया गया। सबसे पहले उन्होंने बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्र के बासजोड़ा अग्नि प्रभावित,भूधसान क्षेत्र का निरीक्षण व दौरा किया। इस दौरान उन्हें ग्रामीणों के गुस्से का भी सामना करना पड़ा।

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर डीसी ने की बैठक, दिये कई निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक करते डीसी।

**गढ़वा।** डीसी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में गुरूवार को समाहरणालय स्थित सभागार में स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन के संबंध में बैठक की गई। बैठक में मुख्य कार्यक्रम स्थल का चयन करते हुए झंडोत्तोलन कार्यक्रम, मुख्य समारोह स्थल पर मंच का निर्माण, मुख्य समारोह स्थल के मंच पर बैठने की व्यवस्था, महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण, मुख्य समारोह स्थल पर चिकित्सा व्यवस्था, आमंत्रण कार्ड का मुद्रण एवं वितरण, प्रभात फेरी परेड का आयोजन, राष्ट्रगान का पूर्वाभ्यास, स्वतंत्रता सेनानी एवं शहीद जवान के आश्रितों को सम्मानित, विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित, मुख्य समारोह स्थल पर अग्निशमन की व्यवस्था, मुख्य समारोह स्थल पर ध्वनि विस्तारक यंत्र की व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मुख्य समारोह स्थल पर विधि व्यवस्था, मुख्य समारोह स्थल पर पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था, फुटबॉल मैच का आयोजन एवं अन्य तैयारियों को लेकर कार्यक्रम का रूप रेखा तैयार की गई। डीसी ने संबंधित पदाधिकारियों को विभिन्न प्रकार के दिशा निर्देश दिया।

डीसी ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह में झंडोत्तोलन का मुख्य कार्यक्रम गोविंद इंटर कॉलेज (टाउन हॉल) गढ़वा के मैदान में प्रातः 09 बजकर 01 मिनट में किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के दिन कई अन्य सरकारी स्थानों पर भी झंडोत्तोलन एवं राष्ट्रगान कार्यक्रम किया जाएगा। उपायुक्त आवासीय कार्यालय में प्रातः 08:05 बजे, समाहरणालय गढ़वा में प्रातः 10:20, जिला परिषद कार्यालय में 10:35, अनुमंडल कार्यालय गढ़वा में प्रातः 10:50, नगर परिषद कार्यालय गढ़वा में प्रातः 11:00, पुलिस लाइन गढ़वा में प्रातः 11:30 बजे का समय निर्धारित किया गया है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रशासन एवं मीडिया, जन प्रतिनिधि के बीच दोपहर 02:00 बजे से फुटबॉल मैच का आयोजन नव निर्मित फुटबॉल स्टेडियम गढ़वा के मैदान में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावे स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या 14 अगस्त को संध्या 06 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन टाउन हॉल, गढ़वा में किया जाएगा। डीसी ने स्वतंत्रता दिवस के दिन ट्रैफिक एवं नो एंट्री को लेकर भी संबंधित पदाधिकारी निर्देश दिया। जिससे प्रभात फेरी समेत अन्य कार्यक्रमों के आयोजन में आवागमन की समस्या न उत्पन्न हो। डीसी ने निर्धारित समय पर सभी कार्यक्रमों के आयोजन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डीसी ने सभी पदाधिकारियों को दिए गए कार्यों को सक्रिय होकर करने एवं निर्धारित समय पर सभी को उपस्थित रहने का निर्देश दिया। बैठक में एसपी दीपक कुमार पाण्डेय, डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, सीआरपीएफ 172 बटालियन कमांडेंट, जिला परिषद उपाध्यक्ष, डीआरडीए निदेशक, गढ़वा एसडीओ, सिविल सर्जन, डीएसपी, स्थापना उप समाहर्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# कारगिल के बहादुरों का सर्वोच्च बलिदान व्यर्थ नहीं जायेगा: सीडीएस

स्पीड न्यूज

## अभिषेक बच्चन ने शेयर किया फिल्म 'घुड़चढ़ी' का ट्रेलर



**मुंबई।** बॉलीवुड के जूनियर बी अभिषेक बच्चन ने संजय दत्त और रवीना टंडन की आने वाली फिल्म घुड़चढ़ी का ट्रेलर सोशल मीडिया पर शेयर किया है। निधि दत्त और बिनॉय के गांधी निर्मित घुड़चढ़ी एक रोमांटिक ड्रामा है, जिसमें संजय दत्त,रवीना टंडन,पार्थ समथान और खुशाली कुमार की अहम भूमिका है। घुड़चढ़ी का ट्रेलर हाल ही में रिलीज किया गया है। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर 09 अगस्त से स्ट्रीम होगी।

## कठुआ में जैश के दो सहयोगी गिरफ्तार

**कठुआ।** पुलिस ने आतंकवादी गतिविधियों का समर्थन करने के लिए दो ओवर ग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारी ने बुधवार को बताया कि इन ओवर ग्राउंड वर्कर्स की वजह से आतंकी कार्रवाइयों को रोकने के प्रयासों में बाधा उत्पन्न हुई। इस संबंध में 100 से अधिक व्यक्तियों से पूछताछ की गई है। 40 से अधिक व्यक्तियों के खिलाफ निवारक उपाय किए गए हैं। गिरफ्तार किये गए ओवर ग्राउंड वर्कर्स में से एक वार्ड 07 कालां धनु पैरोल तहसील बिलावर निवासी लयाकत अली उर्फ पावु और दूसरा बाउली मोहल्ला मल्हार तहसील मल्हार निवासी मूल राज उर्फ जेनजू है।

## पांच इनामी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में पांच नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि नक्सलियों पर कुल 19 लाख रुपये का इनाम घोषित है। समर्पण करने वाले नक्सलियों में कवासी दुला (25), सोढ़ी बुधरा (27) और महिला मड़कम गंगी (27) शामिल हैं, जो प्लाटून नंबर एक में क्रमशः डिप्टी कमांडर, सेक्शन कमांडर और सेक्शन ए कमांडर के रूप में सक्रिय थे। तीनों माओवादियों के सिर पर पांच-पांच लाख रुपये का इनाम है।

## गाजा में पांच इजरायली बंधकों के शव बरामद

**यरूशलम।** इजरायली सेना ने गुरुवार को दक्षिणी गाजा के खान यूनिस शहर से पांच इजरायली बंधकों के शव बरामद किए। सेना ने बताया कि जिन लोगों के शव बरामद किये गये हैं उनका पिछले अक्टूबर में हमास आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया था और तब से वे गाजा में कैद थे।


## आइएफएफआइ के महोत्सव निदेशक बने शेखर कपूर

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार शेखर कपूर को गोवा में होने वाले अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव( आईएफएफआई) के लिए महोत्सव निदेशक नियुक्त किया गया है। सोशल मीडिया हैंडल से आईएफएफआई ने एक ट्वीट किया , जिसमें लिखा गया कि आईएफएफआई ने दिग्गज फिल्म निर्माता शेखर कपूर को अपने महोत्सव निदेशक के रूप में नियुक्त करके अभूतपूर्व ऊंचाइयों को छुआ। प्रतिष्ठित फिल्म निर्माता 55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का नेतृत्व करेंगे, जो एक सिनेमाई भव्यता का वादा करता है। शेखर कपूर ने कहा कि उन्हें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का निदेशक नियुक्त किया जाना उनके लिए सम्मान की बात है। उन्होंने कहा यह सम्मान की बात है। यह प्रतिबद्धता है। यह जिम्मेदारी है। मुझे अपने भरोसे के लायक समझने के लिए आपका धन्यवाद।

---

**एजेंसी**

- जनरल अनिल चौहान ने 25वीं वर्षगांठ पर सशस्त्र बलों के सभी रैंकों को दी बधाई व शुभकामनाएं
- भावी पीढ़ियों को प्रोत्साहित करता रहेगा तीनों सेनाएं संगठनात्मक, वैचारिक तक बड़े सुधारों की दहलीज पर



**नयी दिल्ली।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने गुरुवार को कहा कि कारगिल युद्ध में बहादुर सैनिकों द्वारा दिया गया सर्वोच्च बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। जनरल चौहान ने कारगिल युद्ध की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर सशस्त्र बलों के सभी रैंकों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपने संदेश में जोर देकर कहा कि कारगिल युद्ध में बहादुरों द्वारा दिया गया सर्वोच्च बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि यह न केवल सैनिकों बल्कि देश के युवाओं की भावी पीढ़ियों को भी प्रेरित करता रहेगा। युद्ध की विशिष्टता पर प्रकाश डालते हुए सीडीएस ने कहा कि कारगिल युद्ध में न केवल सेना के लिए बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े सभी लोगों के लिए सबक थे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि खून बहाकर सीखे गए सबक को नहीं भूलना चाहिए, गलतियों को दोहराया नहीं जाना चाहिए और सही सबक लेकर इरादे मजबूत करने चाहिए। जनरल अनिल चौहान ने कहा कि तीनों सेनाएं एक बड़े सुधार की दहलीज पर हैं, जो संगठनात्मक, संरचनात्मक, वैचारिक से लेकर सांस्कृतिक तक है। उन्होंने कहा कि इन सुधारों का अंतर्निहित उद्देश्य युद्ध दक्षता में सुधार करना और सशस्त्र बलों को हर समय लड़ाई के लिए तैयार रखना है। हमें नई प्रथाओं को अपनाने के लिए तैयार रहना चाहिए। सुधारों के आकार और रूपरेखा में भारतीय परिवेश व चुनौतियों की विशिष्टता को प्रतिबिंबित करना चाहिए। सीडीएस ने देशवासियों को आश्वस्त किया कि सशस्त्र बल नई ऊर्जा से उत्साहित हैं, क्योंकि राष्ट्र अमृतकाल में कदम रख रहा है और भारत को विकसित भारत बनाने के लिए देश के बाकी हिस्सों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## 25 वें कारगिल विजय दिवस पर प्रधानमंत्री आज कारगिल में विश्व की सबसे ऊंची सुरंग के लिए पहला विस्फोट करेंगे




**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को 25वें कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शुक्रवार को कारगिल क्षेत्र का दौरा करेंगे और इस दौरे में वह लद्दाख क्षेत्र में वीडिया कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विश्व की सबसे ऊंची शिंकुन ला सुरंग परियोजना का पहला विस्फोट करेंगे। श्री मोदी शुक्रवार सुबह लगभग 9:20 बजे कारगिल युद्ध स्मारक का दौरा करेंगे। वह युद्ध के दौरान प्राणों की आहुति देने वाले शहीद वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। शिंकुन ला सुरंग परियोजना में 4.1 किलोमीटर लंबी दोहरी सुरंग प्रणाली का निर्माण किया जायेगा। यह सुरंग निमू-पदुम-दारचा मार्ग पर लगभग 15,800 फुट की ऊंचाई पर बनायी जा रही और इससे लेह के लिए हर मौसम में आवागमन की सुविधा होगी। गौरतलब है कि 1999 में, पाकिस्तानी सैनिकों-आतंकियों ने एलओसी के पास द्रास से बटालिक सेक्टर तक की चोटियों पर कब्जा कर लिया था। भारतीय वायु सेना एक बड़ा अभियान चलाया और 74 दिन की लड़ाई के बाद सेना अपने क्षेत्र को वापस जीतने में कामयाब रही।

# देश के 6,000 आंगनवाड़ी केंद्रों में खुलेंगे क्रैच सेंटर

### ग्रामीण क्षेत्रों में कामकाजी महिलाओं की होगी सहुलियत : अन्नपूर्णा देवी

**एजेंसी**

- करीब एक लाख से अधिक केंद्र होंगे अपग्रेड, जल्द ही होगी आवश्यक बहालियां




**नयी दिल्ली।** देशभर में लगभग 6000 आंगनवाड़ी केन्द्रों को अपग्रेड कर उसमें क्रैच सेंटर खोले जाएंगे। केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने इस योजना पर तेजी से काम करते हुए आने वाले सालों में करीब एक लाख से अधिक आंगनवाड़ी केन्द्रों को अपग्रेड करेगी। केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने गुरुवार को अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में कामकाजी महिलाओं की सहुलियत के लिए 6000 आंगनवाड़ी केन्द्रों में क्रैच सेंटर खोलने की योजना बनाई गई है। इसके लिए जल्दी आवश्यक भर्ती की जाएंगी। आंगनवाड़ी केन्द्रों में सभी बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ आने वाले समय में एक लाख से अधिक आंगनवाड़ी केन्द्रों को अपग्रेड किया जाएगा। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि 2024-25 के लिए महिलाओं के कल्याण और सशक्तिकरण के उद्देश्य से योजनाओं के लिए जेंडर बजट आवंटन 3.3 लाख करोड़ रुपये है, जो वित्तीय वर्ष 2023-24 के जेंडर बजट विवरण की तुलना में 37.3 प्रतिशत अधिक हैए यह महिलाओं के कल्याण और सशक्तिकरण के प्रति सरकार के संकल्प को दशार्ता है। प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के निर्माण का जो संकल्प लिया है, उसी दिशा में सरकार वीमेन डेवलपमेंट से वीमेन लेड डेवलपमेंट की ओर बढ़ रही है, जहां महिलाएं विकास और राष्ट्रीय प्रगति की कहानी में समान भागीदार हों और जहां वे नेतृत्व करें।

मंत्री ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए वन-स्टॉप सेंटर आवश्यक सेवाएं प्रदान करते हैं, जिसमें चिकित्सा और कानूनी सहायता शामिल है और 24 घंटे टोल-फ्री हेल्पलाइन 181 और 1098 संकट से महिलाओं और बच्चों को तत्काल सहायता प्रदान की जाती है। मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 कार्यक्रम महिलाओं और बच्चों में कुपोषण से निपटने पर केंद्रित है और उनके स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण के बीच महत्वपूर्ण संबंध को रेखांकित करता है। मंत्रालय कामकाजी महिलाओं के छात्रावास और पालना घर के माध्यम से महिलाओं की कार्यबल भागीदारी को मजबूत करने के लिए भी प्रयासरत है

## आदिवासी बहुल सभी प्रखंडों में खुलेंगे एकलव्य मॉडल विद्यालय

**नयी दिल्ली।** जनजातीय बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए सरकार ने 50 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जाति (अजा) आबादी और कम से कम 20,000 आदिवासी व्यक्तियों वाले हर प्रखंड में एक एकलव्य मॉडल आवासी विद्यालय (ईएमआरएस) स्थापित करने का फैसला किया है। केन्द्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुगार्दास उइके ने गुरुवार को लोक सभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मंत्रालय जनजातीय बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए केंद्र की ईएमआरएस योजना को लागू कर रहा है। सरकार ने 50 प्रतिशत से अधिक अजा आबादी और कम से कम 20,000 आदिवासी व्यक्तियों (2011 की जनगणना के अनुसार) वाले हर प्रखंड में एक ईएमआरएस स्थापित करने का फैसला किया गया है।

## केजरीवाल की न्यायिक हिरासत अवधि आठ अगस्त तक बढ़ी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने गुरुवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दर्ज दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार के एक मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत की अवधि आगामी आठ अगस्त तक बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जेल में बंद श्री केजरीवाल की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दर्ज धनशोधन के एक अन्य मामले में मुख्यमंत्री की हिरासत 31 जुलाई तक बढ़ा दी गयी। केजरीवाल को तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के राउज एवेन्यू स्थित विशेष न्यायाधीश के समक्ष पेश किया गया। विशेष अदालत ने धन शोधन मामले में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, बीआरएस नेता के कविता की न्यायिक हिरासत की अवधि 31 जुलाई तक बढ़ा दी है।

## बिभव ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

नयी दिल्ली। राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल पर कथित हमले के आरोपी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार ने जमानत के लिए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। बिभव ने दिल्ली उच्च न्यायालय की ओर से 12 जुलाई को जमानत याचिका खारिज किए जाने के आदेश को शीर्ष अदालत के समक्ष चुनौती दी है।

## झारखंड में आदिवासी जनसंख्या में भारी कमी चिंतनीय: निशिकांत

- भाजपा सांसद ने लोकसभा में उठाया मामला, केंद्र सरकार से हस्तक्षेप की मांग की



**नयी दिल्ली।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा में गुरुवार को झारखंड में आदिवासियों की संख्या में भारी कमी पर चिंता व्यक्त करते हुए सरकार से हस्तक्षेप करने की माँग की। झारखंड के गोड्डा से लोकसभा सांसद निशिकांत दुबे ने शून्यकाल के दौरान राज्य में आदिवासियों की जनसंख्या में कमी मामला उठाया। उन्होंने कहा कि जब झारखंड राज्य बना था उस समय वहाँ आदिवासियों की संख्या 36 प्रतिशत थी लेकिन आज यह घटकर 26 प्रतिशत रह गई है, जो सभी के लिए गंभीर चिंता की बात है। उन्होंने कहा कि राज्य में बंगलादेशी घुसपैठिये बढ़ रहे हैं और ये घुसपैठिये यहाँ की आदिवासी महिलाओं से शादी कर रहे हैं। स्थानीय चुनाव में यह देखने को मिलता है। चुनाव में भाग लेने वाली बड़ी संख्या में हिन्दू महिलाओं के पति मुसलमान होते हैं। भाजपा नेता ने कहा कि राज्य में घुसपैठ की वजह से मुसलमानों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि 25 विधानसभा क्षेत्रों में करीब 110 प्रतिशत मुसलमानों की संख्या बढ़ी है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद और माल्दा से लोग आकर हिंदुओं पर जुल्म करते हैं और सरकार चुप है। यह बहुत गंभीर मामला है सरकार को इसमें हस्तक्षेप करना चाहिए।

उन्होंने घुसपैठ रोकने के लिए राज्य में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) लागू करने की माँग की।

उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार भी इस पर कोई एक्शन नहीं ले रही है। बांग्लादेश से घुसपैठ हमारे यहां लगातार बढ़ रही है, जो आदिवासी महिलाएं हैं उनके साथ बांग्लादेशी घुसपैठिये शादी कर रहे हैं। हमारे यहां से चुनाव लड़ने वाली आदिवासी महिलाओं के पति मुसलमान हैं, जिला परिषद की जो अध्यक्ष हैं उनके पति मुसलमान हैं। हमारे यहां एक लाख आदिवासी मुखिया हैं, जिनके पति मुसलमान हैं। उन्होंने कहा कि हर जगह प्रत्येक पांच साल में 15-17 प्रतिशत वोटर बढ़ता है। लेकिन हमारे यहां, 123 प्रतिशत आबादी बढ़ी है।

## 2031-32 तक तीन गुना होगी परमाणु ऊर्जा क्षमता: जितेंद्र सिंह

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय परमाणु ऊर्जा विभाग के राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने गुरुवार को कहा कि भारत की स्थापित परमाणु ऊर्जा क्षमता 2031-32 तक तीन गुना हो जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थापित परमाणु ऊर्जा क्षमता 2031-32 तक 8180 मेगावाट से बढ़कर 22480 मेगावाट हो जाएगी। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने राज्यसभा में एक अतारांकित प्रश्न के लिखित उत्तर में 2070 तक भारत के नेट जीरो ऊर्जा संक्रमण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विभिन्न अध्ययनों ने 2047 तक 1 लाख मेगावाट की राष्ट्रीय परमाणु क्षमता की आवश्यकता का अनुमान लगाया है, उन अध्ययनों की सिफारिशों को भविष्य में अपनाने की संभावना के लिए देखा जा रहा है।

केंद्रीय मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि पिछले 10 वर्षों में भारत की परमाणु ऊर्जा क्षमता में 70 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है, जो 2013-14 में 4,780 मेगावाट से बढ़कर वर्तमान में 8,180 मेगावाट हो गई है।



## कार्यकाल के दो वर्ष पूरे होने पर शिक्षक की भूमिका में राष्ट्रपति

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यकाल के गुरुवार को दो वर्ष पूरे हो गये और इस अवसर को उन्होंने स्कूली बच्चों को पढ़ाकर शिक्षक के रूप में मनाया। मुर्मु ने राष्ट्रपति संपदा स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय विद्यालय के कक्षा 9 के छात्रों के साथ शिक्षक के रूप में अपनी पुरानी भूमिका की याद ताजा की। छात्रों के साथ संक्षिप्त लेकिन जीवंत बातचीत में उन्होंने प्रकृति संरक्षण व जलवायु परिवर्तन पर पाठ पढ़ाया। अपने छात्र जीवन की यादों का उल्लेख करते हुए उन्होंने पौधों व जानवरों की देखभाल के अपने अनुभव साझा किए। छात्रों ने उनकी बातों का उत्साहपूर्वक जवाब दिया ।

## चार हजार करोड़ की परियोजनाओं को केंद्र सरकार ने दी मंजूरी

**नयी दिल्ली ।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति ने बृहस्पतिवार को विभिन्न राज्यों के लिए करीब 4000 करोड रुपए की कई आपदा शमन और क्षमता निर्माण परियोजनाओं को मंजूरी दी । उच्चस्तरीय समिति की बैठक में वित्त मंत्री, कृषि मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष सदस्य के रूप में शामिल हुए। समिति ने 06 शहरों में शहरी बाढ़ से निपटने, 04 पहाड़ी राज्यों में बादल फटने से आने वाली बाढ़ को कम करने और 03 राज्यों में अग्निशमन सेवाओं को मजबूत करने के लिए एनडीएमएफ और एनडीआरएफ से फंडिंग के 09 प्रस्तावों पर विचार किया।

# नयी पीढ़ी को कमान सौंपने का निर्णय लिया : बाइडेन

**एजेंसी**

- अमेरिका एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है, जो हम निर्णय लेंगे वह दशकों के लिए देश व दुनिया के भविष्य का निर्धारण करेंगे



वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि उन्होंने नयी पीढ़ी को कमान सौंपने का निर्णय लिया और यही आगे बढ़ने का सबसे सही तरीका है। बाइडेन ने अपने कार्यालय से देश के नाम संबोधन में यह बात कही। उन्होंने कहा कि मैंने तय किया कि आगे बढ़ने का सबसे अच्छा तरीका यही है कि कमान नयी पीढ़ी को सौंपी जाए। यह हमारे देश को एकजुट करने का सर्वश्रेष्ठ तरीका है। सार्वजनिक जीवन में लंबा अनुभव लेने का भी एक वक्त और स्थान होता है और इसी के साथ नयी आवाजों, युवा विचारों का भी एक वक्त और स्थान होता है, वह समय और स्थान यही है। बाइडेन ने देश के नाम यह संबोधन राष्ट्रपति पद की दौड़ से हटने तथा डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार के रूप में उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के नाम का समर्थन करने के तीन दिन बाद दिया है। हैरिस अब राष्ट्रपति पद की संभावित उम्मीदवार हैं। बाइडेन ने कहा कि मेरा मानना है कि अमेरिका एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है। आज जो हम निर्णय लेंगे वह दशकों के लिए देश और दुनिया के भविष्य का निर्धारण करेंगे। संबोधन के दौरान प्रथम महिला जिल बाइडेन, बेटा हंटर बाइडेन और परिवार के अनेक सदस्य मौजूद थे।

## भारत का अमेरिका को जवाब रूस के साथ संबंध दीर्घकालिक

**एजेंसी**

### बहुध्रुवीय विश्व में सभी देशों को चयन की स्वतंत्रता है : विदेश मंत्रालय

**नयी दिल्ली।** भारत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रूस यात्रा और रूस के साथ उसके संबंधों पर अमेरिकी मंत्री डोनाल्ड लू की टिप्पणियों को खारिज करते हुए गुरुवार को कहा कि भारत और रूस के संबंध दीर्घकालिक हैं और बहुध्रुवीय विश्व में इसकी सराहना करनी चाहिए।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां नियमित ब्रीफिंग में इस बारे में एक सवाल के जवाब में कहा कि भारत का रूस के साथ दीर्घकालिक संबंध है जो हितों की पारस्परिकता पर आधारित है। बहुध्रुवीय विश्व में सभी देशों को चयन की स्वतंत्रता है। ऐसी वास्तविकताओं के प्रति सचेत रहना और उनकी सराहना करना हर किसी के लिए आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी कांग्रेस में कार्यवाही के दौरान श्री लू ने प्रधानमंत्री के रूस दौरे के समय को लेकर सवाल खड़ा किया और कहा कि भारत सस्ते हथियारों के लिए रूस पर निर्भर है। भारत रूस से गैस खरीदता है और उस पैसे का इस्तेमाल यूक्रेन में लोगों की जान लेने के लिए खर्च किया जा रहा है।

## शेयर बाजार सपाट बंद सेंसेक्स 80,000 के पार

**मुंबई ।** भारतीय शेयर बाजार के लिए गुरुवार का कारोबारी सत्र काफी उठापटक वाला रहा। बाजार की शुरूआत करीब एक प्रतिशत की गिरावट के साथ हुई थी। लेकिन, दिन के दौरान बाजार में रिकवरी देखी गई और यह सपाट बंद हुआ। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 109 अंक या 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,039 और निफ्टी 7.40 अंक की मामूली गिरावट के साथ 24,406 पर बंद हुआ। बाजार में सबसे ज्यादा गिरावट बैंकिंग शेयरों में देखी गई। निफ्टी बैंक 428 अंक या 0.83 प्रतिशत गिरकर 50,888 अंक पर बंद हुआ। छोटे और मझोले शेयरों पर हल्का दबाव देखा गया। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 131 अंक या 0.23 प्रतिशत की गिरावट के साथ 56,741 और निफ्टी स्मॉलकैप 50 अंक या 0.27 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,673 पर था।

VERMA PRESS ® वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !